RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 215
नई दिल्ली, रविवार, 11 जून, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

तेजी से आर्थिक प्रगति कर रहा देश
राष्ट्रीय-11

एनसीपी के कार्यकारी अध्यक्ष बने प्रफुल्ल व सुप्रिया

शरद पवार ने किया ऐलान, इस कदम को अजित पवार को किनारे करने के तौर पर देखा जा रहा

● शरद पवार ने कहा अजित पवार नाखुश नहीं, यह सुझाव उनका ही था

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को सुप्रिया सुले और प्रफुल्ल पटेल को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किया। इस घोषणा को पार्टी में एक पीढ़ीगत बदलाव के साथ ही पवार के भतीजे अजित पवार को वस्तुत: दरकिनार करने तौर पर देखा जा रहा है, जो अपने बगावती तेवरों के लिए पहचाने जाते हैं। हालांकि शारद पवार ने इन अटकलों को खारिज किया कि सुले की नियुक्ति से उनके भतीजे अजित पवार नाखुश हैं।

पवार ने संवाददाताओं से कहा, यह सुझाव उन्होंने (अजीत पवार) दिया था। तो उनके खुश या नाखुश होने का सवाल ही कहां है। पवार ने पार्टी की 24वीं वर्षगांठ पर यहां कार्यकारी अध्यक्षों के नामों की घोषणा की। अजित पवार की मौजूदगी में यह घोषणा की गई। गौरतलब है कि पवार और पी.ए. संगमा ने 1999 में पार्टी की स्थापना की थी। पवार ने अजित पवार, छगन भुजबल, सुनील तटकरे, फौजिया खान सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में कहा, प्रफुल्ल पटेल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालेंगे। सुप्रिया सुले भी पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष होंगी। इस घोषणा के बाद उदास नजर आ रहे अजित पवार मीडिया से बातचीत किए बिना ही पार्टी कार्यालय से चले गए। अजित पवार ने 2019 में उस समय सभी को चौंका दिया था, जब उन्होंने भाजपा के साथ हाथ मिलाकर तड़के ही उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, जबकि देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी।

प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि वह पवार की घोषणा से उत्साहित हैं और पार्टी को मजबूत करने के लिए काम करना जारी रखेंगे। पटेल ने कहा कि मैं 1999 से पवार साहब के साथ काम कर रहा हूं। इसलिए मेरे लिए यह कोई नई बात नहीं है। बेशक, कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में प्रोन्नति पाकर मैं खुश हूं। मैं पार्टी को मजबूत करने के लिए काम करना जारी रखूंगा। पवार ने पटेल को मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, झारखंड, गोवा और राज्यसभा का पार्टी प्रभारी भी बनाया। वहीं, सुले महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब में पार्टी मामलों के अलावा महिलाओं, युवाओं, छात्रों और लोकसभा से जुड़े मुद्दों की प्रभारी होंगी। सुले ने ट्वीट किया, प्रफुल्ल पटेल भाई के साथ कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपे जाने के लिए मैं एनसीपी अध्यक्ष पवार साहब, सभी वरिष्ठ नेताओं, सहयोगियों और पार्टी समर्थकों की आभारी हूं। उन्होंने कहा, मैं पार्टी के मेरे सहयोगियों, जिनकी वजह से हम यहां तक आए हैं, के साथ एनसीपी को और मजबूत करने के लिए लगन से काम करूंगी। हम सामूहिक रूप से अपने देश के नागरिकों के व्यापक कल्याण के लिए सेवा भाव से कार्य करेंगे। सुले को महाराष्ट्र का प्रभारी बनाए जाने के बाद अब अजित पवार को पार्टी के मामलों पर सुले को रिपोर्ट करनी होगी।

माना जा रहा है कि यह एक ऐसा कदम है, जिससे अजित को पार्टी में असहज महसूस करना पड़ सकता है। इस बीच, अजित पवार ने ट्वीट कर पार्टी के नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्षों को बधाई दी और कहा कि एनसीपी देश और राज्य के विकास में एक महत्वपूर्ण योगदान देगी। उल्लेखनीय है कि शरद पवार ने पिछले महीने पार्टी के अध्यक्ष पद से इस्तीफे की पेशकश की थी, जिसका पार्टी के सदस्यों के साथ-साथ अन्य राजनीतिक नेताओं ने जोरदार विरोध (शेष पेज 9)

नई दिल्ली में शनिवार को पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर एनसीपी प्रमुख शरद पवार वरिष्ठ पार्टी नेता प्रफुल्ल पटेल और छगन भुजबल के साथ।

मुंबई में शनिवार को पार्टी दफ्तर के बाहर कार्यकर्ताओं के साथ एनसीपी नेता सुप्रिया सुले।

नाखुश नहीं, नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी मेरे पास है: अजित

पुणे। एनसीपीके नेता अजित पवार ने शनिवार को मीडिया में आई इन खबरों को खारिज कर दिया कि सुप्रिया सुले और प्रफुल्ल पटेल को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने और शरद पवार के नेतृत्व वाली पार्टी में उन्हें कोई भूमिका नहीं दिए जाने से वह नाखुश हैं। अजित पवार ने यहां संवाददाताओं से कहा, कुछ मीडिया चैनल ने ऐसी खबरें चलाईं कि अजित पवार को कोई जिम्मेदारी नहीं मिली, मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि मेरे पास महाराष्ट्र में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वह स्वेच्छा से राज्य की राजनीति में सक्रिय हैं। महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा, पिछले कई वर्षों से, सुप्रिया दिल्ली में हैं। मैं राज्य की राजनीति में सक्रिय हूं। मेरे पास राज्य की जिम्मेदारी है क्योंकि मैं यहां का विपक्ष का नेता हूं।

कनाडा ने भारतीय छात्रों का निर्वासन फिलहाल रोका

टोरंटो में छात्रों के प्रदर्शन की फाइल फोटो।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● 700 छात्रों को मिली राहत, अधिकांश पंजाब के रहने वाले, फर्जी प्रवेश पत्रों के जरिए कनाडा के विवि में दाखिला दिलाए जाने का आरोप

कनाडा सरकार ने करीब 700 भारतीय छात्रों को राहत देते हुए उनके निर्वासन पर फिलहाल रोक लगा दी है। इनमेंसे अधिकांश छात्र पंजाब से हैं। इनको इसलिए भारत भेजा रहा था क्योंकि इनके पास कनाडा के विश्वविद्लयों के फर्जी प्रवेश पत्र हैं। बताया जाता है कि जालंधर स्थित एक एजेंट का इस फर्जीवाड़े में हाथ है।

कनाडा में विरोध प्रदर्शन कर रहे इन छात्रों को अस्थायी राहत मिलने की बात आम आदमी पार्टी के सांसद विक्रमजीत सिंह सहाने ने बताई है। सहाने विश्व पंजाबी संगठन के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि यह राहत कनाडा सरकार तथा वहां स्थित भारतीय उच्चायोग के संयुक्त प्रयासों से मिली है। कनाडा में अधिकारियों द्वारा शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र फर्जी पाए जाने के बाद इन छात्रों पर निर्वासन की तलवार लटक रही है।

ये पूरा मामला मार्च में उस समय उजागर हुआ जब छात्रों ने कनाडा में स्थायी निवास के लिए आवेदन किया। सहाने ने कहा कि कनाडा सरकार ने 700 भारतीय छात्रों के निर्वासन पर फिलहाल रोक लगा दी है। उन्होंने (शेष पेज 9)

हम पर दबाव डाला जा रहा है: पहलवान

● दी चेतावनी, 15 जून तक कार्रवाई नहीं होने पर प्रदर्शन फिर शुरू करेंगे

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

प्रदर्शनकारी पहलवानों ने शनिवार को आरोप लगाया कि डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह यौन उत्पीड़न के पीड़ितों पर बयान बदलने के लिए दबाव डाल रहा है और अगर 15 जून तक उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो वे अपना प्रदर्शन फिर शुरू करेंगे।

सरकार ने पहलवानों को आश्वासन दिया है कि 15 जून तक भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान प्रमुख के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया जाएगा। इसके बाद पहलवानों ने अपना प्रदर्शन तब तक स्थगित करने का ऐलान कर दिया था। पहलवानों ने सोनीपत जिले में छोटूराम धर्मशाला में पंचायत का आयोजन करके खाप, किसानों और महिला संगठनों को बुलाया था जिन्होंने इस आंदोलन में उनका साथ दिया है। पहलवानों ने उन्हें खेलमंत्री अनुराग ठाकुर से बुधवार को हुई बातचीत के बारे में भी बताया। ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक ने कहा, यह साबित हो चुका है कि बयान धारा 161 और 164 के तहत रिकॉर्ड किए गए और बदल गए हैं।

हमें समझ में नहीं आ रहा। उन्होंने कहा कि यह साफ है कि नाबालिग के पिता पर दबाव था। दबाव बनाया गया है। हम ऐसे में कितने दिन तक लड़ेंगे। साक्षी ने कहा , बजरंग को फोन आ रहे हैं कि बिक जाओ, टूट जाओ। मीडिया द्वारा गलत नरैटिव गढे जा रहे हैं। इससे हमारा दिल टूट गया है। उन्होंने कहा , यही वजह है कि हमने कहा था कि पहले उसे गिरफ्तार करो और फिर जांच करो। वह पुलिस हिरासत में होता तो दबाव नहीं डाल सकता था। वरना एक के बाद एक पीड़ित टूट जाएंगे। उसके बाहर रहने तक डर का माहौल बना रहेगा। उन्होंने कहा कि जब तक कोई समाधान नहीं निकलता, हम एशियाई खेलों में भाग नहीं लेंगे।

आप समझ नहीं सकते कि हम रोज किस मानसिक यातना से गुजर रहे हैं। वहीं बजरंग पूनिया ने पंचायत में कहा कि उनके आंदोलन में कोई राजनीति नहीं है। बाद में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि हमने अपने फैसले (शेष पेज 9)

सोनीपत में शनिवार को महापंचायत के दौरान पहलवान बजरंग पुनिया और साक्षी मलिक।

अमित शाह ने राहुल गांधी पर साधा निशाना

● कहा-विदेश में अपने ही देश की आलोचना करना शोभा नहीं देता

भाषा। पाटन (गुजरात)

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को राहुल गांधी पर अपनी विदेश यात्रा के दौरान भारत की आलोचना करने और उसकी आंतरिक राजनीति पर चर्चा करने का आरोप लगाया। शाह ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष को अपने पूर्वजों से सीख लेने की सलाह भी दी।

उन्होंने कहा कि विदेश में अपने ही देश की आलोचना करना किसी नेता को शोभा नहीं देता और राहुल इस बात को ध्यान में रखें कि देश के लोग उन्हें देख रहे हैं। गृह मंत्री का इशारा राहुल की हालिया अमेरिका यात्रा की तरफ था, जिस दौरान उन्होंने कई मुद्दों को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार की आलोचना की थी। शाह ने कहा, किसी भी देशभक्त व्यक्ति को भारतीय राजनीति पर भारत के भीतर चर्चा करनी चाहिए। विदेश जाकर भारत की राजनीति पर चर्चा करना और देश की आलोचना करना किसी भी पार्टी के नेता को शोभा नहीं देता। राहुल बाबा याद रखिए, देश की जनता ध्यान से देख रही है।

उन्होंने कहा, राहुल बाबा गर्मियों से बचने के लिए छुट्टियां मनाने विदेश जा रहे हैं। वह विदेश में देश की आलोचना करते रहते हैं। मैं राहुल गांधी को सलाह देना चाहूंगा कि वह अपने पूर्वजों से सीखें। गृह मंत्री केंद्र में मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में गुजरात के पाटन जिले के सिद्धपुर (शेष पेज 9)

धनबाद में अवैध खदान धंसने के मामले में जांच के लिए समिति गठित

भाषा। धनबाद

झारखंड के धनबाद जिले में शुक्रवार को भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) की भौरा कोयला खदान में अवैध खनन के दौरान हुई दुर्घटना में तीन लोगों की मौत के मामले प्रशासन ने शनिवार को जांच के लिए एक समिति गठित की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस दो सदस्ईय जांच समिति में पुलिस उपाधीक्षक, सिंदरी अभिषेक कुमार और झरिया के क्षेत्र अधिकारी (सीओ) परमेश कुशवाहा शामिल हैं। धनबाद के उपायुक्त संदीप सिंह ने पीटीआई-भाषा से कहा, बीसीसीएल के भौरा कोलियरी क्षेत्र में हुई घटना की जांच के लिए दो सदस्ईय समिति गठित की गई है। समिति 24 घंटे के अंदर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। सिंह ने कहा, मैंने घटना के संबंध में बीसीसीएल से भी रिपोर्ट मांगी है और अगर मामले में आउटसोर्सिंग कंपनी की गलती पाई गई तो उसके खिलाफ भी सख्त कार्वाई की जाएगी। बीसीसीएल के भौरा कोयला खदान क्षेत्र में (शेष पेज 9)

हरियाणा: सत्तारूढ़ गठबंधन में संकट के संकेत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● प्रदेश प्रभारी बिप्लब देव के साथ पांच निर्दलीय विधायकों की बैठक

● मुख्यमंत्री खट्टर ने इस मामले में साधी चुप्पी

हरियाणा में सत्तारूढ़ गठबंधन भाजपा और जजपा (जननायक जनता पार्टी) के संबंधों में संकट के संकेतों के बीच मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने शनिवार को इस मामले पर चुप्पी साध ली और कहा कि इस मुद्दे पर प्रदेश प्रभारी बिप्लब देव ही बयान देंगे।

मुख्यमंत्री खट्टर ने कहा कि वर्तमान में भाजपा-जजपा गठबंधन कायम है, यह जिम्मेदारी प्रदेश प्रभारी की है कि वह आगामी चुनाव और पार्टी हितों को ध्यान में रखते हुए भविष्य में इस बारे में क्या निर्णय लेते हैं। खट्टर का यह बयान नई दिल्ली में त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देव और चार निर्दलीय और हरियाणा लोकहित पार्टी के विधायक गोपाल कांडा की बैठक के बाद आया है। प्रेसवार्ता में मुख्यमंत्री खट्टर ने इस बात पर जोर देकर कहा कि शुरू में भाजपा और जजपा में गठबंधन नहीं था, लेकिन 2019 में चुनावों के बाद लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए जजपा के साथ गठबंधन किया गया था।

चुनाव के बाद कोई भी पार्टी बहुमत में नहीं थी इसीलिए जजपा और निर्दलीय विधायकों ने हमें समर्थन किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में एक दो छोड़कर बाकी सभी विधायक हमारे साथ हैं, जबकि कांग्रेस के (शेष पेज 9)

क्विक न्यूज

सीबीईआई ने सील किया ओडिशा का बाहानगा स्टेशन

भुवनेश्वर। ओडिशा के बालासोर जिले मे स्थित बाहानगा बाजार स्टेशन पर अगले आदेश तक कोई ट्रेन नही रुकेगी, क्योकि रेल हादसे की जांच कर रहे केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने लॉग बुक और उपकरण जब्त करने के बाद स्टेशन को सील कर दिया है। अप और डाउन , दोनो लाइन पर परिचालन बहाल होने के बाद कम से कम सात ट्रेन बाहानगा बाजार स्टेशन पर रुक रही थी। वहां दो जून को हुए रेल हादसे मे 288 लोगो की मौत हो गई और1,208 अन्य घायल हुए। दक्षिण पूर्व रेलवे (एसईआर) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी आदित्य कुमार चौधरी ने संवाददाताओ को बताया कि सीबीआई ने लॉग बुक , रिले पैनल और अन्य उपकरण जब्त करने के बाद स्टेशन को सील कर दिया है। चौधरी ने संवाददाताओ से कहा, रिले इंटरलॉकिंग पैनल को सील कर दिया गया है, जिससे सिग्नल प्रणाली तक कर्मचारी की पहुंच निषिद्ध हो गई है। कोई सवारी गाड़ी या मालगाड़ी अगले नोटिस तक बाहानगा बाजार स्टेशन पर नही रुकेगी। हालांकि, प्रतिदिन करीब 170 ट्रेन बाहानगा बाजार रेलवे स्टेशन से होकर गुजरती हैं।

मणिपुर में शांति बहाली को केंद्र सरकार ने बनाई समिति

● बीरेन सिंह से मिलने के बाद हिमंत विश्व शर्मा ने कहा-शाह को स्थिति बताएंगे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/इंफाल

हिमंत विश्व शर्मा

केंद्र सरकार ने जातीय हिंसा से प्रभावित मणिपुर में शांति बहाली की कवायद में मदद करने और विभिन्न समुदायों के बीच बातचीत शुरू कराने के लिए राज्यपाल की अध्यक्षता में एक शांति समिति का गठन किया है। गृह मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी।

वहीं असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को मणिपुर के अपने समकक्ष एन बीरेन सिंह से मुलाकात की और कहा कि वह राज्य की मौजूदा स्थिति से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को अवगत कराएंगे। मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि शांति समिति के सदस्यों में मुख्यमंत्री, राज्य सरकार के कुछ मंत्री, सांसद, विधायक, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और नागरिक समाज संगठनों के सदस्य शामिल होंगे। शांति समिति को राज्य के विभिन्न जातीय समूहों के बीच शांति स्थापना की प्रक्रिया में मदद करने और विरोधी गुटों व समूहों के बीच शांतिपूर्ण बातचीत शुरू कराने का काम सौंपा गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 29 मई से एक जून तक मणिपुर का दौरा किया था और जमीनी हालात का जायजा लेने के बाद शांति समिति के गठन की घोषणा की थी।

विमान हादसा: 40 दिन बाद अमेजन के जंगल में मिले चार बच्चे

● 150 जवान, खोजी कुत्ते और जनजातीय समुदाय के लोगों ने चार, नौ, 11 व 13 साल के इन बच्चों की तलाश की

● कदमों के निशान, दूध की एक बोतल, डायपर और फलों के टुकड़े के जरिये बच्चों को खोजा गया

एजेंसी। बोगोटा

दुर्घटनाग्रस्त विमान का फाइल फोटो तथा दूसरे चित्र में बच्चों के साथ सेना के जवान।

कोलंबिया में 40 दिन पहले एक विमान हादसे के बाद लापता हुए चार बच्चे अमेजन के जंगलों में सुरक्षित मिले हैं। राष्ट्रपति गस्तावो पेट्रो ने शनिवार को यह जानकारी दी। क्यूबा से बोगोटा लौटने के बाद संवाददाताओं से मुखातिब पेट्रो ने कहा कि लापता बच्चों की खोज के लिए बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा तलाश अभियान अब समाप्त हो गया है। उन्होंने बताया कि बचावकर्ता 40 दिन की कड़ी मशक्कत के बाद बच्चों को ढूंढ़ने में कामयाब रहे हैं और ये बच्चे अब चिकित्सकीय निगरानी में हैं। पेट्रो विद्रोही गुट नेशनल लिबरेशन आर्मी के प्रतिनिधियों के साथ संघर्षविराम समझौते पर दस्तखत करने के लिए क्यूबा गए थे। उन्होंने कहा कि इन बच्चों का इतनी विषम परिस्थितियों में भी 40 दिन तक जीवित रहना किसी चमत्कार से कम नहीं है और इनकी कहानी इतिहास के पन्नों में दर्ज होगी। हालांकि, ये बच्चे अपने दम पर इतने दिन तक कैसे जीवित रहे, इस बारे में पेट्रो ने कोई विवरण साझा नहीं किया।

चारों बच्चे सेसना के उस एकल इंजन वाले विमान में सवार छह यात्रियों में शामिल थे, जो एक मई को इंजन में खराबी के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे के बाद विमान का राडार से संपर्क टूट गया था और सरकार ने यात्रियों को बचाने के लिए बड़े पैमाने पर तलाश अभियान शुरू किया था। तलाश अभियान के दौरान बचावकर्ताओं को 16 मई को अमेजन के घने जंगलों में विमान का मलबा मिला था। मलबे से विमान के पायलट और दो वयस्क यात्रियों के शव भी बरामद हुए थे, लेकिन इसमें सवार चारों बच्चों का पता नहीं लगाया जा सका था। इसके बाद, कोलंबिया की सेना ने चार, नौ, 11 और 13 साल के इन बच्चों की तलाश के लिए अपने 150 जवानों को खोजी कुत्तों के साथ जंगल में भेजा। जनजातीय समुदायों के दर्जनों सदस्यों ने भी तलाश अभियान में सहयोग दिया। शुक्रवार को सेना ने ट्विटर पर कुछ तस्वीरें साझा कीं, जिनमें कंबल में लिपटे ये बच्चे सैनिकों और जनजातीय स्वयंसेवकों के साथ नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर में एक सैनिक इनमें से सबसे छोटे बच्चे को बोतल से दूध पिलाता दिखाई देता है। बाद में, वायुसेना ने एक वीडियो ट्वीट किया, जिसमें सैनिक बच्चों को हेलीकॉप्टर में चढ़ाते नजर आ रहे हैं। इसने लिखा कि हेलीकॉप्टर बच्चों को लेकर सैन जोस डेल ग्वावियार रवाना हुआ। तलाश अभियान के दौरान सेना जंगल में (शेष पेज 9)

लखनऊ-दिल्ली के बीच चिल्ला एलिवेटड होगा इंटर सेक्शन

यूपी कैबिनेट से मंजूरी के बाद परियोजना को मिलेंगे 393 करोड़, पूरा रूट होगा सिग्नल मुक्त

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

दिल्ली को नोएडा से जोड़ने चिल्ला एलिवेटड को कैबिनेट से मंजूरी मिल गई है। ये दिल्ली और नोएडा के बीच ऐसा इंटर सेक्शन होगा। इसके जरिए लोग नोएडा एक्सप्रेसवे तक सीधे जा सकेंगे। इस एलिवेटड को दिल्ली के मयूर विहार फ्लाइ ओवर से जोड़ा जाएगा, यानी जिन वाहन चालकों को यमुना या लखनऊ एक्सप्रेस वे जाना है। वे इस इसका प्रयोग कर सीधे एक्सप्रेस पर जा सकेंगे।

वर्तमान में वाहन चालकों नोएडा प्रवेश द्वार से महामाया फ्लाईओवर तक का जाम झेलना पड़ता। ऐसे वाहन चालकों की संख्या करीब 5 लाख है। इनको महज 4.50 किमी के इस पेच को पार करने में 30 मिनट का समय लग जाता है।

एलिवेटड के बनने से उनको जाम में नहीं फंसना होगा। इसके अलावा अक्षरधाम, मयूर विहार से नोएडा, परि चौक, कालिंदी कुंज, सरिता विहार से आने वाले वाहन चालकों को जाम नहीं मिलेगा। ये एलिवेटड नोएडा के चिल्ला रेगुलेटर से महामाया फ्लाई ओवर तक करीब 5.96 किमी लंबी होगी। छह लेन की इस रोड पर 500 मीटर लंबे और 7.5 मीटर चौड़े 5 लूप बनाए जाएंगे। इसमें दो लूप चढ़ने के लिए। जिसमें पहले चिल्ला से महामाया की तरफ जाने पर सेक्टर-15 शाहदरा ड्रेन के पास और सेक्टर-16बी के पास होगा। उतरने के लिए सेक्टर-16, सेक्टर-18 और सेक्टर-16ए फिल्म सिटी के पास। महामाया फ्लाई ओवर के पहले चढ़ने और उतरने के लिए यहां बोटेनिकल गार्डन के पीछे लूप बनाया जाएगा। इन लूप के जरिए ट्रैफिक एलिवेटड पर फ्लोट होगा। दिल्ली से जिन लोगों को लखनऊ जाना है। वे मयूर विहार फ्लाईओवर के जरिए चिल्ला एलिवेटड पर चढ़ेंगे। इसके बाद नोएडा एक्सप्रेस वे। ये एक्सप्रेस वे आगरा एक्सप्रेसवे को लूप के जरिए कनेक्ट करता है।

आगरा से लखनऊ एक्सप्रेसवे पकड़ना होगा। बीच में तीन टोल आगरा एक्सप्रेस वे पर एक आगरा का इंटरनल रोड टोल और अंत में लखनऊ एक्सप्रेस वे टोल देना होगा। सिग्नल एक भी नहीं होगा।

एलिवेटड को बनाने की जिम्मेदारी ब्रिज कॉर्पोरेशन की है। जल्द ही टेंडर जारी करने जा रहा है। इसके निर्माण में 801 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसमें प्राधिकरण 74 करोड़ का काम पहले ही पूरा कर चुका है। ये एलिवेटेड दो राज्यों को कनेक्ट करती है। इसलिए एग्रीमेंट के तहत 50 प्रतिशत पैसा पीएम गति शक्ति योजना के तहत करीब 393 करोड़ रुपए आएगा। बाकी 50 प्रतिशत नोएडा प्राधिकरण खर्च करेगा, परियोजना वर्ष 2008 में तैयार की थी, लेकिन वर्ष 2019 में धरातल पर उतर सकी।

हालांकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शिलान्यास के बावजूद भी इसका काम पूरा नहीं हो सका। इसका फिजिकल काम 13 प्रतिशत हो चुका है।

इसकी नई डेड लाइन मार्च 2025 तय की गई है। चिल्ला एलिवेटेड रोड का काम चार बार बंद हो चुका है। अब तक परियोजना का 13 प्रतिशत ही काम हो सका है। वर्ष 2020 में कोरोना की आई पहली लहर के कारण करीब चार-पांच माह काम बंद रहा था। फिर उसी साल और फिर 2021 में प्रदूषण की रोकथाम के लिए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एनजीटी के आदेश के कारण भी करीब दो माह काम बंद पड़ा रहा।

वर्ष 2020 के नवंबर में काम बंद होने पर अक्टूबर 2021 में काम शुरू हुआ था। अब चौथी बार काम बंद हो गया।

ऑनलाइन गेमिंग धर्मांतरण में सामने आई नई चैट

● नमाज को लेकर मौलवी ने नाबालिग को दी थी हिदायत

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

ऑनलाइन धर्मांतरण सिंडिकेट में अब नई चैट सामने आई है। ये चैट मस्जिद के मौलवी और जैन फैमिली के नाबालिग लड़के के बीच हुई है।

इसमें उसको वुजू करने और नमाज पढ़ने के वक्त के बारे में बताया गया है। ये सारी चैट दिसंबर-2022 की है। एक चैट में छात्र कह रहा है कि मैं इस समय स्कूल में हूं, नमाज अदा नहीं कर पाउंगा। मौलवी ने इस पर जवाब देते हुए कहा कि आज जुमा है, जुमे की नमाज अदा करनी बेहद जरूरी होती है। पुलिस का कहना है कि इस चैट से एक बात जाहिर हो जाती है कि जैन फैमिली का लड़का धर्मांतरण के जाल में पूरी तरह फंस चुका था।

अब वह दूसरे साथियों को भी ऐसी सलाह दे रहा था। पुलिस के पास ताजा जानकारी ये आई है कि धर्मांतरण के खुलासे के बावजूद ये लड़का पुरानी राह पर लौटने को तैयार नहीं है। कमरे में बंद होकर अभी भी नमाज पढ़ रहा है। पुलिस का मानना है कि इस छात्र को मजबूत काउंसिलिंग की जरूरत है। ऑनलाइन धर्मांतरण में जिस खान शहनवाज मकसूद उर्फ बद्दो को मुख्य आरोपी बताया जा रहा है। वह अभी तक फरार है। गाजियाबाद पुलिस की चार सदस्यीय टीम पिछले कई दिन से महाराष्ट्र में डेरा डाले है। वो ठाणे के मुम्ब्रा, देवरीपाणा इलाके में लगातार दबिश दे रही है। हालांकि बद्दो की मां लगातार पुलिस के संपर्क में हैं।

निगम बोर्ड की पहली बैठक के लिए भाजपा की रणनीति तैयार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नगर निगम के नए बोर्ड की पहली बैठक में ही भाजपा बड़ा धमाल करने की तैयारी में लगी है। दरअसल भाजपा की रणनीति है कि वह कार्यकारिणी के लिए कुल 12 में से दस सदस्य अपनी पार्टी के ही भेज दिए जाएं।

इसके लिए भाजपा संगठन और मेयर सुनीता दयाल मिलकर खास तरह की रणनीति तैयारी करने की कोशिश में लगे हैं। अगर ऐसा होता है तो नगर निगम की हिस्ट्री में ऐसा पहली बार होगा कि नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में बीजेपी के दस सदस्य होंगे। बीजेपी सूत्रों का कहना है कि उनके नगर निगम में कुल पार्षदों की संख्या 67 है। बाकी करीब 33 पार्षद विपक्ष के पास है। भाजपा को लगता है कि जो भी बाकी के पार्षद हैं वह निर्दलीय, और अलग अलग पार्टियों में बंटे हुए है। ऐसे में एकता की उनमें कमी है। कई ऐसे पार्षद भी है जिनको भाजपा अपने पाले में करने की कोशिश में लगी हुई है। सूत्रों का कहना है कि बोर्ड की पहली बैठक 23 जून तक होनी है।

PUBLIC NOTICE

To be known to all that I, BANWARI LAL BAIRWA S/O SH. BASANT LAL am the owner of FLAT NO.266, THIRD FLOOR, KAVERI APARTMENTS, SECTOR-D, POCKET-6, VASANT KUNJ, NEW DELHI-110070. My original Possession Slip of the said property has been misplaced. An Information Report of this effect has been lodged in Police Station, Crime Branch, Delhi vide LR No.502480/2023 on 31.05.2023. Any person(s) claiming any right, interest having any objection or found in possession of original original Possession Slip, may write/contact with above named person at above address/phone No.9414018840 within 10 days from the date of publication of this notice.

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given on behalf of **Mr. Mukesh Kumar & Mr. Mohit Kumar** who are purchasing the Plot No.249, West Portion, area measuring 50 sq. yards. comprised in Khasra Mustkil No.6//17/2, 17/1, 16/2, situated at waka mauja Gaunchi, Sub-Tehsil Gaunchi, Tehsil Ballabgarh, District Faridabad (Haryana); from **Mr. Radha Raman,** who is owner of the aforesaid property vide Sale Deed dated 13.03.2013, which is duly registered vide Document No.13287, at Sub-Registrar, Ballabgarh and Transfer Deed dated 26.03.2018, which is duly registered vide Document No. 4361, at Sub-Registrar, Gaunchi; and intend to mortgage against the financial assistance from **Vastu Housing Finance Corporation Limited.** That the Original Sale Deed dated 29.10.1999 executed by Mr. Rohtash Singh through his attorney Mr. Kripal Singh in favour of Mrs. Shakuntla Mongiya, which was registered vide Document No.3889, at Sub-Registrar, Ballabgarh; is Lost/Misplaced/Not available. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim /right/title/interest/ creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **7 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

Lucem Legal LLP
Plot no.136, (Basement) Uday Park,
New Delhi-110049; Contact# 011-40046316

गाड़ी की छत पर बैठकर स्टंट, दो वीडियो वायरल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में कार से स्टंट करते हुए दो वीडियो वायरल हो रहे हैं। पहला वीडियो आठ सेकेंड का है। इस वीडियो में राजस्थान नंबर की गाड़ी नोएडा की सड़कों पर स्टंट करते हुए दिख रही है, चलती कार में तीन युवक और एक युवती रूफ और खिड़की से आधे बाहर लटके हुए है। आसपास से भी वाहन निकल रहे है।

ट्रैफिक पुलिस ने नंबर के आधार पर कार मालिक का 23 हजार 500 का चालान किया। वहीं गाड़ी की तलाश की जा रही है। वहीं दूसरा वीडियो 15 सेकेंड का है। इसमें दिल्ली नंबर की गाड़ी की छत पर दो युवक और एक युवती बैठे है। गाड़ी की रफ्तार में श्रसर है। ये वीडियो थाना सेक्टर-113 के आसपास का बताया गया। पुलिस गाड़ी नंबर के आधार पर जांच कर कर रही है। कारों में ओपन छत की सुविधा होती है। लेकिन युवा इसका गलत प्रयोग कर रहे है। वे चलती कार में कार की छत और खिड़की से आधे बाहर लटक कर स्टंट करते नजर आ रहे है।

बोनट पर केक काटकर बर्थडे पार्टी

गाजियाबाद। देश के पहले सिंगल पिलर एलिवेटेड रोड पर रोक के बावजूद फिर बर्थडे पार्टी हुई है। थार के बोनट पर रखकर केक काटा, फूलझड़ी छोड़ी गईं और डांस करके बर्थडे सेलिब्रेट किया गया। सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होते ही पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस इस मामले में गाड़ी और जश्न मना रहे युवकों की पहचान कर ली है। साहिबाबाद भास्कर वर्मा ने कहा ट्विटर के माध्यम से एक वीडियो प्राप्त हुआ।

संक्षिप्त समाचार

वार्ड-84 में जनसुविधा केंद्र के उद्घाटन के लिए पहुंचीं मेयर सुनीता दयाल।

राजनगर में जनसुविधा केंद्र, मेयर ने किया शुभारंभ

गाजियाबाद। राजनगर के वार्ड-84 में क्षेत्रवासियों के लिए जन सुविधा केन्द्र शुरू किया गया है। इस केन्द्र का शुभारंभ महापौर सुनीता दयाल क्षेत्रीय पार्षद प्रवीन चौधरी ने फीता काटकर किया। इस दौरान गणेश पूजन के उपरांत भंडारे का भी आयोजन किया गया। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि क्षेत्र वासियों से आसानी से जुड़ने के लिए सभी वार्डों में इसी प्रकार से जन सेवा केन्द्रों का शुभारंभ किया जा रहा है जिससे गाजियाबाद की जनता को अपनी समस्याओं के लिए इधर-उधर न भटकना पड़े और जनप्रतिनिधि आसानी से जनता से जुड़कर अपने क्षेत्र का विकास करें। वार्ड 84 के पार्षद प्रवीण चौधरी ने बताया कि क्षेत्र वासियों की समस्याओं को दूर करने के लिए जन सेवा केंद्र खोला गया है। इस अवसर पर विधायक अजीत पाल त्यागी, विधायक सुनील शर्मा, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष दीपककांत गुप्ता, रामलीला समिति के अध्यक्ष जयकमल, वरिष्ठ समाजसेवी संजीव गुप्ता, मनोज शर्मा, बॉबी जाट, मंदिर समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र सारस्वत, विषद गुप्ता, भोला, जितेन्द्र रंधावा आदि मौजूद रहे।

गौकशी के आरोपी को पुलिस मुठभेड़ में लगी गोली

गाजियाबाद। पिलखुवा थाना पुलिस की मुठभेड़ में दो गौकशों के पैरों में गोली लगी। घायल बदमाशों के पास से एक छोटा हाथी, गाये, तमंचे, कारतूस व गाये काटने के औजारों के अलावा अन्य सामान भी बरामद हुआ। यह जानकारी देते हुए कप्तान अभिषेक वर्मा ने बताया कि बीती रात पुलिस को सूचना मिली धौलाना रोड पर कुछ गौ तस्कर गौकशी करने वाले हैं। पुलिस के द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में मेरठ निवासी राशिद पुत्र नवाब और बदरखा हापुड़ निवासी बिलाल पुत्र हसीन उर्फ यासीन के पैरों में गोली लगी। दोनों घायल इलाज चल रहा है।

अपार्टमेंट में लगी आग, चार बाइक जलकर खाक

नोएडा। बरौला गांव में हनुमान विहार के धर्मा अपार्टमेंट में शनिवार तड़के करीब पौने तीन बजे आग लगी। सूचना मिलते ही दमकल की 5 गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग अपार्टमेंट के नीचे लगे पैनल बाक्स में शॉट सर्किट की वजह से लगी। इसकी चिंगारी ग्राउंड फ्लोर पर खड़ी बाइक तक पहुंच गई। इसमें 4 बाइक आग की चपेट में आ गई। अपार्टमेंट में 6 फ्लोर और 21 फ्लैट है। आग लगने की जानकारी मिलते ही फ्लैट में रहने वाले लोग पहले बाहर की तरफ भागे। आने जाने का रास्ता ग्राउंड फ्लोर से होकर जाता है। वहां बाइक में आग लगी थी। इससे तेजी से काला धुआं निकल रहा था। दम घुटने के डर से सभी फ्लैट के लोग छत की ओर भागे और दमकल विभाग को सूचना दी। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि फ्लैट की जानकारी मिली थी। इसलिए हाइड्रोलिक लेकर भी गए थे। सबसे पहले दमकल कर्मियों ने बाइक की आग बुझाई। इसके बाद वहां खड़ी चार और बाइक और एक स्कूटी को बाहर निकाला। धुआं हटने के बाद लोगों को बाहर निकलने के लिए कहा गया। इसके बाद वो सभी लोग आराम से छत से नीचे गए।

नहर में डूबे छात्र का शव बरामद

गाजियाबाद। मुरादनगर में दोस्त के साथ नहर में नहाते समय डूबे इंटर के छात्र का शव शनिवार सुबह चितौड़ा पुल से आगे बरामद हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बता दें कि मोदीनगर निवासी सुनील कुमार गुप्ता का 17 वर्षीय माधव उर्फ यश बुधवार दोपहर को तीन दोस्तों के साथ मुरादनगर नहर में नहाने के लिए आया था। वह शनि मंदिर घाट के सामने नहर में नहाने के लिए चले गए। नहाते समय तीनों दोस्त गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। अपने को डूबता देखकर तीनों ने बचाओ बचाओ चिल्लाना शुरू कर दिया। चीख पुकार सुन वहां पर मौजूद गोताखोरों ने नहर में छलांग लगा दी। गोताखोरों ने दो युवकों को बचा लिया, लेकिन यश पानी के तेज बहाव में बह गया। एक दर्जन से अधिक गोताखोर युवक की तलाश करने में लगे रहे। लेकिन कामयाबी नहीं मिली। इसके लिए पुलिस ने एनडीआरएफ की टीम को बुलाया।

ICICI Home Finance | कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, अंधेरी – कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई–400059, भारत

शाखा कार्यालय : प्रथम तल, विश्वकर्मा कॉम्प्लेक्स, प्लॉट नंबर 17/18, यशोदा हॉस्पिटल के पीछे, कौशाम्बी, गाजियाबाद–201010

[नियम 8 (6) का परंतुक देखें]

अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, "जैसी है जहां है", जैसी है जो भी है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी :

क्र. सं.	कर्जदार (रों)/सह–कर्जदारों /गारंटरों /कानूनी वारिसों का नाम ऋण खाता संख्या	प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई	बकाया राशि	सुरक्षित मूल्य / धरोहर राशि जमा	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	नीलामी की तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	विजेन्द्र कुमार सिहं (कर्जदार), अनु सिंह (सह–कर्जदार), जेम्स मार्केटिंग प्रा. लि. (सह–कर्जदार) ऋण खाता संख्या एनएचएनओडी00000805133	कार्यालय सं. 701 और 702, 7वां तल, देविका टावर कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स, प्लॉट नंबर 4ए एवं 4बी, सेक्टर–12, चंदर नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201010	रू. 3,65,00,475/– 08–06–2023	रू. 10,00,000/– / रू. 1,00,000/–	10–07–2023 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक	19–07–2023 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ग्लोब टेक की वेबसाइट (यूआरएल लिंक –https://BestAuctionDeal.com) पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती को18–07–2023को अप. 5.00 बजे से पूर्व कुल बकाया उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को धरोहर राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कालम ई देखें) आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, प्रथम तल, विश्वकर्मा कॉम्प्लेक्स, प्लॉट नंबर 17/18, यशोदा हॉस्पिटल के पीछे, कौशाम्बी, गाजियाबाद–201010में 18–07–2023 को अथवा पूर्व अप. 04.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को पंजीकरण प्रपत्र एवं बोली के नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति भी आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, प्रथम तल, विश्वकर्मा कॉम्प्लेक्स, प्लॉट नंबर 17/18, यशोदा हॉस्पिटल के पीछे, कौशाम्बी, गाजियाबाद–201010में 18–07–2023 को अथवा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। धरोहर राशि जमा हेतु डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से "आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड–नीलामी" के पक्ष में गाजियाबाद में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड से 7021072869 पर अथवा हमारे सेल्स एवं मार्केटिंग पार्टनर नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड से सम्पर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया देखें : https://www.icicihfc.com/

तिथि : 11–06–2023
स्थान : गाजियाबाद

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

AU SMALL FINANCE BANK

एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

परिशिष्ट-IV-A

नियम 8(6) के परन्तुक को देखें

अचल सम्पत्तियों के विक्रय के लिए विक्रय सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एंव पूनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के शर्तें व सपठित नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की ई-नीलामी विक्रय सूचना

आमजन को साधारणतया तथा ऋणी, सहऋणी, जमानतदार व बधंककर्ता को विशेष रूप से एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित बन्धक अचल सम्पत्तियों का कब्जा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड(ए शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक) के नाम से ज्ञात जो कि आगे एयू एस एफ बी सन्दर्भित किया जावेगा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया था को ''जैसे है जहाँ है'' एवं जो भी है जैसा भी है के आधार पर ई-नीलामी द्वारा निम्न तालिका में दर्शित बकाया राशि एवं भविष्य का ब्याज, लागत व शुल्क की वसूली हेतु विक्रय किये जाने का निर्णय लिया गया है।

यह सूचित किया जाता है कि ई-नीलामी वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net के माध्यम से आयोजित की जावेगी।

ऋण खाता संख्या एवं ऋणी/ सह-ऋणी/ बंधककर्ता/ जमानतदार का नाम	13(2) मांग नोटिस की दिनांक व राशि एवं भौतिक कब्जे की दिनांक एवं बकाया राशि	सम्पत्तियों का विवरण	आरक्षित मूल्य ईएमडी राशि एवं निविदा वृद्धि राशि (राशि रू. में)	ई-नीलामी की तिथि व समय एवं ईएमडी जमा की अंतिम राशि बोलि और दस्तावेजों के प्रस्तुतिकरण का स्थान, निरीक्षण तिथि
ऋण खाता संख्या: (2121244634647791) मैसर्स शेर सिंह नवीन कुमार एण्ड कम्पनी जरिए प्रोपराइटर श्री नवीन कुमार (ऋणी) श्री नवीन कुमार पुत्र श्री शेर सिंह सैनी (जमानतदार) श्रीमती कविता पत्नी श्री नवीन कुमार (जमानतदार/ बंधककर्ता)	13(2) मांग सूचना दिनांक 9 जून, 2022 (ऋण खाता संख्या 2121244634647791) ₹ 1,23,81,953.25/- (रू. एक करोड़ तेइस लाख इक्यासी हजार नो सौ तरेपन व पच्चीस पैसा मात्र) दिनांक 04 जून 2022 तक **भौतिक कब्जा दिनांक 19 नवम्बर 2022 को किया गया।** (ऋण खाता संख्या 2121244634647791) ₹ 1,44,19,664/- (रू. एक करोड़ चौवालीस लाख उन्नीस हजार छः सौ चौंसठ मात्र) दिनांक 06 जून 2023 तक भविष्य का ब्याज व खर्चे अतिरिक्त	संपत्ति के सभी अभिन्न अंग सम्पत्ति स्थित निर्मित ग्राउण्ड फ्लोर बिना छत अधिकार के (कथित फ्लोर) निर्मित सम्पत्ति बियरिंग नं. ए-169, ब्लॉक ए, क्षेत्रफल 180.00 वर्ग गज, खसरा नं. 6/2 के बाहर, स्थित गांव के क्षेत्र बहरोला कॉलोनी अब मजलिस पार्क के रूप में ज्ञात है, दिल्ली-110033, जो कि श्रीमती कविता पत्नी श्री नवीन कुमार के स्वामित्व में है। पूर्व - सम्पत्ति नं. ए-168 पश्चिम - सम्पत्ति नं. ए-170 उत्तर - 25 फीट रोट दक्षिण - लेन 10 फीट (कुल निर्मित ग्राउण्ड फ्लोर क्षेत्र 1620.00 वर्ग फीट) नोट: उक्त ऋण खाते के संबंध में, एक टीएसए 265/2022 डीआरटी - 1 - दिल्ली, के समक्ष लंबित है, हालांकि नीलामी आयोजित करने पर कोई रोक नहीं है।	आरक्षित मूल्य : रू. 86,00,000/- (रु. छियासी लाख मात्र) ईएमडी : रू. 8,60,000/- (रु. आठ लाख साठ हजार मात्र) बिड इंक्रीमेंटल राशि : रू. 25,000/- (रुपये पच्चीस हजार मात्र)	18 जुलाई 2023 दोपहर 2:00 बजे से सायं 04:00 बजे (5 मिनट के असिमित विस्तार के साथ) बोलि प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि : 17 जुलाई 2023 को सायं 6 बजे तक एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, एयू बैंक शाखा कार्यालय : ए8, प्रतापगंज रोड, प्रियदर्शिनी विहार, लक्ष्मी नगर, नई दिल्ली, दिल्ली 110092 ई-मेल : rakesh.jain1@aubank.in निरीक्षण दिनांक : 13-14 जुलाई 2023

सभी इच्छुक प्रतिभागियों/बोलीदाताओं से अनुरोध है कि नियम एवं शर्तों की अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट https://sarfaesi.auctiontiger.net व https://www.aubank.in/bank-auction पर जाएँ। ई-निलामी की बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिए श्री राकेश जैन से सम्पर्क करने की सलाह दी जाती है, मो. नं. 9116181827 व ई-मेल rakesh.jain1@aubank.in

यह सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत एक वैधानिक 30 दिनों का बिक्री नोटिस भी है।

ऋणी व बंधककर्ता को वैधानिक 30 दिनों का बिक्री नोटिस है।

ई-नीलामी बिक्री के नियम और शर्तें: –

1. बंधक परिसंपत्ति की ई-नीलामी बिक्री AUSFB सुरक्षित लेनदार द्वारा ''जैसा है, जहां है, ''जैसा है वैसा, ''जो कुछ भी है और '' नो रिकोर्स के आधार पर की जायेगी उक्तसंपत्ति पर कोई ज्ञात प्रभार नहीं है। 2. ऑनलाइन ई-नीलामी की बिक्री में भाग लेने के लिए, बोली दस्तावेज, पैन कार्ड की प्रतियां, कंपनी और फोटो आईडी, कम्पनी के मामले में बोर्ड रिजोल्यूसन, पते का प्रमाण पत्र ईएमडी के साथ, जो आरटीजीएस / एनईएफटी के माध्यम से देय है एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के MSME AUCTION POOL ACCOUNT के नाम, चालू खाता संख्या 1921201121711599 AU SMALL FINANCE BANK Limited पांचवीं एवं छठी मंजिल, सनी बिग जंक्शन एसटीसी खसरा नंबर 64 से 67, ग्राम सुखईपुरा, न्यू आतिश मार्केट जयपुर 302020, IFSC कोड: AUBL0002011 में जमा करना आवश्यक है, एक बार ऑनलाइन बोली सबमिट करने के बाद, उसे वापस नहीं लिया जा सकता है। आगे बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत किसी भी ईएमडी को निम्नलिखित ईमेल आईडी यानी rakesh.jain1@aubank.in पर रद्द किए गए चेक की कॉपी के साथ आरटीजीएस / एनईएफटी की यूटीआर / रेफरेन्स नंबर भेजने की आवश्यकता होगी। 3. सभी इच्छुक प्रतिभागियों / बोलीकर्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि ई-नीलामी की बिक्री की कार्यवाही में भाग लेने, जानकारी और शर्तों के लिए वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net & https://www.aubank.in/bank-auction अवश्य देखें। और अधिक जानकारी के लिए श्री राकेश जैन से संपर्क करें : 9116181827 और ई-मेल rakesh.jain1@aubank.in

स्थान: दिल्ली दिनांक: 09 जून 2023

प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

नौकरी लगवाने के नाम पर दुष्कर्म का आरोप

गाजियाबाद। मुरादनगर की एक महिला ने आरोप लगाया है कि उसे नौकरी लगवाने की बात कहकर पहले होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया और बंधक बनाकर रखा। इतना ही नहीं आरोपी के पिता ने भी अपने पुत्र से शादी कराने का झांसा देकर दुष्कर्म किया।

महिला रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए नंदग्राम व मुरादनगर थाने के चक्कर काट रही है। अब महिला ने जिलाधिकारी अनुसूचित जन जाति आयोग में इसकी शिकायत की है। एक गांव निवासी एक महिला मुरादनगर स्थित एक फैक्ट्री में नौकरी करती थी।

सीबीआई को मिले 36 नए अफसर

● निदेशक प्रवीण सूद बोले- सबका हम पर भरोसा, यह गर्व की बात

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

केंद्रीय जांच ब्यूरो के प्रशिक्षु सब इंस्पेक्टरों का 25वां और 26वां बैच पास आउट हो गया। सीबीआई अकादमी गाजियाबाद में शुक्रवार को आयोजित हुए अलंकरण समारोह के बाद सीबीआई को 36 युवा और प्रतिभाशाली अधिकारी मिल गए।

इसमें 20 बीटेक, 2 एमटेक और 14 विज्ञान-कला में ग्रेजुएट-पोस्ट ग्रेजुएट हैं। समारोह के मुख्य अतिथि सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद रहे। उन्होंने कहा, ट्रेनी सब इंस्पेक्टरों के लिए पहली बार सर्टिफाइड फ्रॉड एक्जामिनर पर ट्रेनिंग दी गई। प्रशिक्षुओं ने वित्तीय लेनदेन, कानून, धोखाधड़ी रोकथाम और निवारण आदि का प्रशिक्षण लिया।

उन्होंने कहा, युवा अधिकारियों का लंबा करियर सीबीआई की उच्च प्रतिष्ठा बनाए रखने में अहम भूमिका निभाएगा। सीबीआई डायरेक्टर ने कहा कि नए अधिकारियों की असली परीक्षा अब शुरू होती है, क्योंकि जांच के विभिन्न पहलुओं में सीबीआई अकादमी द्वारा सिखाए गए महत्वपूर्ण पाठ्यक्रमों को अपने व्यवहार में लाना होगा। जनता, सरकार और न्याय पालिका द्वारा सीबीआई पर जताया गया भरोसा हमारे के लिए गर्व की बात है। सीबीआई का पेशा कड़ी मेहनत मांगता है। मेहनत के साथ स्मार्ट तरीके से काम करने की आदत भी विकसित करनी चाहिए।

सीबीआई से जो 36 युवा अधिकारी पासआउट हुए हैं, ये देश के विभिन्न क्षेत्रों से आते हैं। इन्होंने एसएससी की संयुक्त स्नातक स्तर परीक्षा पास की। इसके बाद सीबीआई अकादमी में शामिल हुए।

एटीएम में फेवीक्विक लगाकर ग्राहकों को लगाते थे चूना

● धोखाधड़ी करने वाले चार गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

थाना एक्सप्रेस वे पुलिस व जोनल सर्विलांस टीम ने जॉइंट ऑपरेशन चलाकर एटीएम मशीन में फेवीक्विक लगाकर ग्राहकों के एटीएम निकालकर धोखाधड़ी करने वाले चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से अलग-अलग बैंक के फर्जी आईडी कार्ड, एटीम कार्ड, 5 हजार रुपए नकद, फेवीक्विक व फर्जी हैल्प लाइन नंबर की पर्चियां बरामद की गई है।

डीसीपी हरीश चंदर ने बताया कि छह जून को गांव वाजिदपुर में पीएनबी एटीएम में गड़बड़ी करके इन चारों ने पैसे निकाले थे, जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस से मामले की शिकायत की थी।

इसके बाद इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस, सीसीटीवी फुटेज व लोकल इंटेलिजेंस द्वारा मिली गोपनीय सूचना के आधार पर पंचशील अंडर पास से चारों को गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान प्रशांत, आदित्य, पवन और गौरव यादव हुई है। डीसीपी ने बताया कि ये लोग पहले एटीएम बूथ में जाकर मशीन पर एक फर्जी हेल्पलाइन लिखकर चिपका देते है।

हेल्प लाइन पर जो नंबर लिखते थे वो इन चारों में किसी एक का होता था। इसके बाद कार्ड रीडर वाले स्थान पर फेवीक्वक लगा देते थे, जब कोई ग्राहक पैसा निकालने के लिए एटीएम में जाता है। एटीएम मशीन में फेवीक्विक लगे होने के कारण कार्ड मशीन में ही चिपक जाता था। इ

एसी ने उगली आग, चपेट में आए बुजुर्ग की मौत

● पर्दे से होते हुए पूरे कमरे में तेजी से फैली थी आग

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

तापमान बढ़ने के साथ ही आग लगने की घटनाएं भी सामने आ रही है। द्वारका सबसिटी में शुक्रवार रात हुई आग लगने की घटना में 85 साल के बुजुर्ग की मौत हो गई।

इस आग की घटना के समय उनकी बेटी व दामाद बाजार गए थे और वे घर में अकेले थे। बुजुर्ग चलने-फिरने में अधिक सक्षम नहीं थे। यही कारण था कि घटना के दौरान वह घर के बाहर नहीं भाग पाए। दमकल विभाग की नौ गाड़ियों ने आग को काबू किया। आग से जान गंवाने वाले बुजुर्ग की पहचान सदन चंद्रा के रूप में हुई है।

दमकल विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार की रात 11.10 बजे द्वारका सेक्टर-10 में मास अपार्टमेंट की सातवीं मंजिल पर आग लगने की जानकारी मिली थी। सूचना मिलने पर तुरंत दमकल की दस गाड़ियों को घटनास्थल पर रवाना किया गया।

दमकल कर्मियों भेजा गया तथा आग पर काबू पा लिया गया। यह आग आठवीं मंजिल तक फैल गई, जहां एक फ्लैट के पर्दे और एक एयर कंडीशनर भी जल गए। चंद्रा घायल हो गए और दमकल की गाड़ियों के आने से पहले पुलिस उन्हें इंदिरा गांधी अस्पताल ले गई जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। इमारत में भूतल और नौ अन्य तल हैं। पुलिस ने उनके शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। द्वारका साउथ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच के बाद पुलिस का कहना है कि आग शार्ट सर्किट के चलते लगी है। पुलिस उपायुक्त एम. हर्षवर्धन ने बताया कि द्वारका सेक्टर-10 स्थित नौ मंजिला सीजीएचएस मास अपार्टमेंट की सातवीं मंजिल पर आग लगने की सूचना मिली।

सूचना मिलते ही दमकल विभाग को भी इसकी जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

आग की चपेट में आने से बुजुर्ग घायल हो गए थे। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि आग सधन चंद्रा नामक व्यक्ति के फ्लैट के घरेलू सामान में लगी थी और आग धीरे-धीरे आठवीं मंजिल तक फैल गई। आठवीं मंजिल के फ्लैट के पर्दे और एक एयर कंडीशनर भी जल गए।

फ्लैट में जला पड़ा सामान।

दामाद-बेटी के साथ रहते थे बुजुर्ग

सदन चंद्रा, फ्लैट में अपनी बेटी व दामाद के साथ रहते थे। हादसे के दौरान परिवार के अन्य सदस्य बाजार में सामान खरीदने गए थे। सदन चंद्रा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) से सेवानिवृत थे। पुलिस मामला दर्ज कर आग लगने के कारण पता लगाने की कोशिश कर रही है। अपराध टीम और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला ने घटना स्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए।

मदद को आगे आए सोसाइटी के लोग

दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचने से पहले सोसायटी के लोगों ने अपने स्तर पर आग को बुझाने व फैलने से रोकने का प्रयास किया। लेकिन वह सफल नहीं हो पाए। उन्होंने फ्लैट के सभी बिजली मुख्य स्विच को बंद कर दिए और आग बुझाने के उपकरण लेकर फ्लैट की ओर दौड़े। वह किसी तरह सदन चंद्रा को बाहर निकालकर लाए और उन्हें अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने चंद्रा को मृत घोषित कर दिया।

घर में फंसने के कारण हो गए थे बेहोश

इमरात बेसमेंट के अलावा नौ मंजिला है। आग सातवीं मंजिल पर लगी थी और कुछ ही देर में आठवीं मंजिल पर भी पहुंच गई थी। आग की लपटें आठवीं मंजिल तक पहुंच गई थी, पर समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने के बाद बुजुर्ग घर से निकल नहीं पाए और धुएं की चपेट में आकर वहीं बेहोश हो गए। सोसायटी परिसर में गाड़ियों की पार्किंग के कारण दमकल की गाड़ियों को घटनास्थल तक पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

कमला मार्केट में आग से अफरा-तफरी, कोई हताहत नहीं

नई दिल्ली। भीड़भाड़ वाली कमला मार्केट में रविवार को भीषण आग लग गई है। इस आग के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई। दमकल विभाग ने बताया कि उन्हें आग लगने की सूचना दोपहर करीब तीन बजकर 54 मिनट पर मिली, जिसके बाद दमकल की 10 गाड़ियों को मौके के लिए रवाना किया गया। आग पहले गली सितारा की एक दुकान में लगी, जिसके बाद यह धीरे-धीरे आस-पास स्थित अन्य चार दुकानों को भी अपनी चपेट में लिया। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

आग बुझता दमकल कर्मी।

रामलीला मैदान में आप की महारैली आज

● सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, पार्टी ने किया एक लाख लोग के पहुंचने का दावा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

रामलीला मैदान में रविवार को आम आदमी पार्टी की महारैली है। जिसको देखते हुए दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। आम आदमी पार्टी ने दावा किया कि इस केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ रविवार को महारैली में कम से कम एक लाख लोग शामिल हो सकते हैं। इससे पहले शनिवार को मंत्री गोपाल राय ने रामलीला मैदान में महारैली की तैयारियों को जायजा लिया।

आम आदमी पार्टी के अनुसार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के सीएम भगवंत मान समेत शीर्ष नेता इस महारैली में शामिल होंगे। इसके अलाव सौरभ भारद्वाज, आतिशी और संजय सिंह भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस बीच मुख्यमंत्री केजरीवाल ट्वीट कर कहा कि दिल्ली की जनता के अधिकारों को छीनने वाले केंद्र सरकार के तानाशाही अध्यादेश के खिलाफ रविवार को दिल्ली के लोग रामलीला मैदान में एकजुट होंगे। संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए हो रही इस महारैली में केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों से पहुंचने की अपील की है। पार्टी प्रवक्ता ने कहा कि इस रैली में एक लाख लोग शामिल होंगे। आप लगातार लोगों को केंद्र के अध्यादेश के बारे में बता रही है। रामलीला मैदान में रविवार को होने वाली आम आदमी पार्टी की महारैली की तैयारियां पूरी हो गई है। इस रैली में हजारों लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। लोगों की संख्या को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। एक दिन पहले ही आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक व मंत्री गोपाल राय ने रामलीला मैदान पहुंच कर तैयारियों का जायजा लिया।

रामलीला मैदान में चल रही महारैली की तैयारियां।

धर्म छिपाकर युवती से दोस्ती, फिर किया यौन शौषण

पुलिस गिरफ्त में आरोपी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पूर्वोत्तर दिल्ली के करावल नगर इलाके में पहचान छिपाकर 22 वर्षीय युवती के साथ कथित बलात्कार करने और उसे धमकी देने को लेकर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि युवती ने शुक्रवार को करावल नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उसने आरोप लगाया कि शाहरुख नाम के एक व्यक्ति ने अपनी पहचान छिपाकर अक्टूबर 2020 में उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए।

अधिकारी ने बताया कि इस साल जनवरी में जब युवती को उसके धर्म के बारे में पता चला तो उसने संबंध समाप्त करने का प्रयास किया। पुलिस ने बताया कि शाहरुख ने कथित तौर पर व्हाट्सएप वीडियो कॉल के जरिए युवती की जानकारी के बिना उसकी अश्लील तस्वीरें और वीडियो ले लिए थे।

● सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करने की दे रहा था धमकी

उसने कथित तौर पर सोशल मीडिया पर फोटो और वीडियो साझा करने की धमकी देकर उस पर संबंध जारी रखने का दबाव बनाया।

अधिकारी ने बताया कि करावल नगर पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी सीलमपुर इलाके में एक दर्जी की दुकान पर काम करता है और उसने अपने मकसद को पूरा करने के लिए पहचान छिपाकर युवती से दोस्ती की।

40 लाख रुपये की ठगी में ट्रैवल एजेंट गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

हवाई जहाज की टिकट और वीजा पर भारी छूट की पेशकश वाले फर्जी संदेश भेजकर लोगों से कथित ठगी में युवक को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने बताया कि पालम गांव के दशरथपुरी निवासी कमल सिंह को गोवा से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि सिंह ने लोगों से करीब 40 लाख की ठगी की और पैसे सट्टे में खर्च कर दिए। पुलिस ने बताया कि अंकुर नाम के एक व्यक्ति ने एक जनवरी को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि किसी ने हवाई जहाज की टिकट और पोलैंड के वीजा पर छूट की पेशकश कर उससे 4.86 लाख रुपए ठग लिए। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) रवि कुमार सिंह ने बताया कि सिंह एक होटल में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

उन्होंने बताया कि सिंह ट्रैवल एजेंसी में काम करता है और अमीर लोगों से उसके अच्छे संपर्क हैं। डीसीपी ने बताया कि उसे आईपीएल क्रिकेट मैच और कैसिनो में सट्टा लगाने की लत लग गई और वह अपनी लत को पूरा करने के लिए यात्रा टिकटें तथा वीजा पर अपने ग्राहकों को भारी छूट वाले संदेश भेजने लगा।

यमुना की साफ-सफाई पर एलजी-सरकार में रार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

यमुना नदी को प्रदूषण मुक्त करने व साफ-सफाई को लेकर उपराज्पाल और दिल्ली सरकार में रार है। जल मंत्री सौरभ भारद्वाज ने शनिवार को आरोप लगाया कि उपराज्यपाल वी के सक्सेना यमुना नदी को साफ करने के आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के प्रयासों का श्रेय खुद ले रहे हैं।

मंत्री ने उपराज्यपाल के दावों को भ्रामक और बेबुनियाद बताया। इस उपराज्यपाल कार्यालय ने पटलवार करते हुए कहा कि मंत्री सौरभ भारद्वाज का बयान हास्यास्पद और जन विरोधी है। विज्ञापन जारी करने और बैनर लहराने के अलावा अगर दिल्ली सरकार ने गत आठ वर्षों के दौरान यमुना की सफाई के संबंध में एक भी ठोस काम किया होता, तो राष्ट्रीय हरित अधिकरण दिल्ली सरकार को इस मोर्चे पर निष्क्रियता के लिए फटकार नहीं लगाता और एक आयोग का गठन करता। साथ ही इस विशेष उच्च स्तरीय समिति की अध्यक्षता उपराज्याल से करने का अनुरोध किया है।

राजनिवास ने मंत्री भारद्वाज को इस अनावश्यक कीचड़ उछालने से बचने की सलाह दी है। खासकर ऐसे समय में जब उनकी और उनकी सरकार की ओर से 8 साल की निष्क्रियता के बाद, यमुना और दिल्ली के लोगों के लिए चीजें बेहतर दिखने लगी हैं। इससे पहले भारद्वाज का बयान उपराज्यपाल सचिवालय की ओर से जारी बयान के बाद आया है,

● उपराज्यपाल यमुना नदी की सफाई का ले रहे श्रेय : भारद्वाज

जिसमें कहा गया है कि शाहदरा और नजफगढ़ नाले में बॉयोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड (बीओडी) का स्तर पिछले साल की तुलना में 33 फीसदी कम हो गया है। यमुना में लगभग 70 प्रतिशत अपशिष्ट जल नजफगढ़ नाले के जरिए पहुंचता है। बीओडी में कमी होने का श्रेय सक्सेना की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय कमेटी को दिया गया। पानी की गुणवत्ता का आकलन करने के लिए एक महत्वपूर्ण घटक है, जो एरोबिक द्वारा जल निकाय में मौजूद कार्बनिक पदार्थों को विघटित करने के लिए ऑक्सीजन की मात्रा है। तीन मिलीग्राम प्रति लीटर से कम का बीओडी स्तर अच्छा माना जाता है।

मलबे से बच्ची को बचाने वाली जूली सम्मानित

तुर्किये भूकंप

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

तुर्किये में फरवरी में आए भीषण भूकंप के दौरान मलबे में दबी एक बच्ची को सूंघ कर सुरक्षित बचाने में राहत दल की मदद करने के लिए एनडीआरएफ की छह वर्षीय श्वान जूली को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

लैब्राडोर प्रजाति की जूली तुर्किये और पड़ोसी सीरिया में छह फरवरी को आए 7.8 तीव्रता के भूकंप के बाद राहत एवं बचाव कार्यों के लिए ऑपरेशन दोस्त के तहत भारतीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) दल के साथ वहां गई थी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान बहुत अच्छा काम करने के लिए जूली को महानिदेशक का प्रशस्तिपत्र दिया गया है। उन्होंने बताया कि भूकंप के कारण धराशायी एक बहुमंजिला इमारत के मलबे में करीब 70 घंटे से दबी छह साल की बेरेन को सूंघकर उसे सुरक्षित बचाने के लिए जूली को सम्मानित किया गया है। बेरेन को तुर्किये के गाजानियाटेप इलाके से सुरक्षित बचाया गया।

फाइल फोटो

● एनडीआरएफ की खोजी स्वान ने राहत बचाव दल की थी मदद

बेरेन के जीवित होने की बात पहले जूली के सूंघने से पता चली और जूली के साथ श्वान रोमियो ने भी इसकी पुष्टि की। जूली एनडीआरएफ की कोलकाता स्थित दूसरी बटालियन के साथ है। जूली के कारनामें को काफी सराहा गया।

दिल्ली विश्वविद्यालय में सीयूईटी से मिलेगा पीएचडी में दाखिला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आगामी शैक्षणिक वर्ष से पीएचडी कार्यक्रमों में राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा आयोजित केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) के माध्यम से दाखिला दिया जाएगा।

ऐसा पहली बार होगा कि विश्वविद्यालय छात्रों को लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के बजाय एक साझा परीक्षा के माध्यम से पीएचडी कार्यक्रमों में दाखिला देगा। कार्यकारी परिषद की बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया, जहां पांच साल के एलएलबी कार्यक्रम सहित कई प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

● लिखित और साक्षात्कार की जगह पहली बार साझा परीक्षा

विश्वविद्यालय ने एक बयान में कहा, शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएचडी कार्यक्रमों में दाखिले से संबंधित विभिन्न मामलों पर विचार-विमर्श के बाद अकादमिक परिषद की स्थाई समिति की सिफारिश के अनुसार सीयूईटी (पीएचडी)-2023 के आधार पर पीएचडी में दाखिला दिया जाएगा।

छात्रों की क्षमता निखारने को बनाया मंच : आतिशी

● मंत्री ने कहा, आंबेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस की विशेष पहल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने शनिवार को कहा कि डॉ. बीआर आंबेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस (एएसओएसई) ने छात्रों की कलात्मक क्षमताओं को उभारने और विचारों की कलात्मक अभिव्यक्ति के लिए मंच बनाया है।

आतिशी ने बीकानेर हाउस में लहर नामक कला प्रदर्शनी में भाग लेने के दौरान कहा कि इस आयोजन ने न केवल युवा कलाकारों की प्रतिभा को उजागर किया, बल्कि स्कूली पाठ्यक्रम में कला शिक्षा को शामिल करने के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा, बीआर आंबेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस ने छात्रों की कलात्मक क्षमताओं का पता लगाने और उनके विचारों की कलात्मक अभिव्यक्ति के लिए एक मंच बनाया है। इस प्रदर्शनी ने न केवल इन युवा कलाकारों की प्रतिभा को उजागर किया, बल्कि रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए कला शिक्षा को हमारे पाठ्यक्रम में शामिल करने के महत्व को भी रेखांकित किया। प्रदर्शनी का आयोजन एएसओएसई (परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स) के 10वीं और 11वीं कक्षा के 370 से अधिक छात्रों द्वारा उनके द्वारा बनाई गई कलाकृति को प्रदर्शित करने के लिए किया गया था।

बीकानेर हाउस में लहर नामक कला प्रदर्शनी में प्रतिभा दिखाती बच्ची।

हरभजन सिंधु बनें कामनवेल्थ ट्रेड यूनियन उपाध्यक्ष

नई दिल्ली। स्विट्जरलैंड के वर्ल्ड लेबर ऑर्गनाइजेशन (आईएलओ) मुख्यालय में शुक्रवार को कॉमनवेल्थ ट्रेड यूनियन ग्रुप की बैठक में भारत के हरभजन सिंह सिंधु को उपाध्यक्ष चुना गया है। हिन्द मजदूर सभा (एचएमएस) के वरिष्ठ नेता हरभजन सिंह सिंधु को उपाध्यक्ष चुने जाने पर तमाम श्रमिक संगठनों ने इसे देश का मान बढ़ाने वाला बताया है। एचएमएस के सचिव मुकेश गालव ने बधाई देते हुए कहा कि हमें आप पर गर्व है।

इस अवसर पर यूपी पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष जेपी सिंह भदौरिया और माहासचिव राजेश कुमार शुक्ल ने हरभजनसिंह सिंधु के कामनवेल्थ ट्रेड यूनियन उपाध्यक्ष चुने जाने पर बधाई देते हुए कहा कि इससे देश का मान बढ़ा है। बैठक में सर्व एचके सिंह, बीएल अवस्थी, एसडी कुमार, अरुण अवस्थी, केके श्रीवास्तव आदि ने हिस्सा लिया।

भांजा निकला बुजुर्ग महिला का हत्यारा

नई दिल्ली। उत्तरी पूर्वी दिल्ली के जाफराबाद इलाके में धन के विवाद को लेकर रिश्तेदार की हत्या करने के आरोप में पुलिस ने 25 वर्षीय एक युवक और उसके दो साथियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान मौजपुर निवासी जाहिद, ब्रह्मपुरी निवासी नाजिम (23) और चौहान बांगर निवासी सोहेब (23) के रूप में हुई है।

उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान शमीम के रूप में हुई है। आरोपी जाहिद, शमीम की बहन का बेटा यानि भांजा है। जाहिद ने अपनी मौसी से 10 लाख रुपए का कर्ज लिया था, जिसे वह चुका नहीं पा रहा था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार को आंबेडकर बस्ती मौजपुर स्थित एक मकान में चार-पांच लोगों द्वारा चोरी किए जाने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि तीन घायलों को पड़ोसियों द्वारा जेपीसी अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया। अधिकारी ने बताया कि घायलों की पहचान अब्बास (70), उनकी पत्नी शमीम (70) और किराएदार जाहिद के रूप में हुई है। पुलिस जब शमीम को लेकर अस्पताल पहुंची तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। लूटपाट करने से पहले हमलावरों ने उनके हाथ बांध दिए और मुंह में कपड़ा ठूंस दिया।

कांग्रेस सरकार ने दक्षिण हरियाणा को पीछे धकेला था, अब हुआ आगे

विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कहा, सीएम मनोहर लाल ने विकास में बढ़ाया आगे

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

मानेसर नगर निगम क्षेत्र में लोगों की समस्याएं सुनते विधायक सत्यप्रकाश जरावता।

नगर निगम मानेसर की ओर से सेक्टर-83 स्थित पाम गार्डन सोसायटी के क्लब हाउस में खुला दरबार लगाया। पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने क्षेत्र के लोगों की समस्याएं व शिकायतें सुनी और मौके पर ही काफी शिकायतों का निपटारा भी किया। कुछ शिकायतों के अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए।

खुले दरबार में विधायक सत्यप्रकाश जरावता के साथ नगर निगम मानेसर के संयुक्त आयुक्त दिनेश कुमार, एसडीएम रवींद्र यादव, एसीपी मानेसर सुरेंद्र कुमार, तहसीलदार मानेसर अजय कुमार, एक्सईएन नवीन धनखड़, जीएमडीए के एक्सईएन संजीव, जेडटीओ देविंद्र सिंह समेत नगर निगम व जीएमडीए के अधिकारी मौजूद रहे। विधायक सत्यप्रकाश जरावता के समक्ष लोगों ने वाटिका बिल्डर के खिलाफ गांव सिकंदरपुर बढ़ा की पंचायती जमीन पर अवैध कब्जा, कर्मा लेक लैंड बिल्डर द्वारा अवैध कब्जा, एम्मार बिल्डर के खिलाफ लिखित शिकायत दी।

लोगों ने इन पर कार्यवाही की मांग की। इसके अलावा पुलिस पेट्रोलिंग, सफाई की समस्या, रेवेन्यू रास्ते के तुरंत निर्माण, पीने के पानी की समस्या, झुग्गी झोपड़ी को हटवाने की मांगें भी जनता दरबार में विधायक के समक्ष रखी गई। विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने काफी मांगों का मौके पर ही निपटारा करके लोगों की शिकायतों को दूर कर दिया। लोगों ने विधायक का आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि मनोहर सरकार पर सवाल उठाने से पहले पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा अपने कार्यकाल पर नजर डालें। उन्होंने अपने 10 साल के शासन में दक्षिण हरियाणा में विकास के नाम पर एक ईंट नहीं लगाई।

इस क्षेत्र को पीछे धकेला था, जो अब मनोहर सरकार में आगे हुआ है। उन्होंने कहा कि मेट्रो का विस्तार यहां के विकास का नया विकल्प बनेगा। मानेसर औद्योगिक क्षेत्र को भी इस मेट्रो का लाभ होगा। जनता दरबार में पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सरपंच सुन्दर लाल यादव, मैपस्को कैसा बेला सोसायटी के प्रधान धर्मबीर यादव ग्रैण्ड, स्पा सोसायटी के आरडब्ल्यूए प्रधान अशोक कुमार, उमंग विंटर हिल्स सोसायटी की प्रधान रजनीश सचदेवा, पाम गार्डन सोसायटी के प्रधान सुनील शर्मा, पंकज गुप्ता खजांची, एसएन मितल, लक्ष्मण सरपंच नखडोला, हरजस सरपंच रामपुरा, सतीश सरपंच डाबोदा, पंकज यादव रामपुरा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री ने सरकार से की फ्रेट सब्सिडी बहाली की मांग

गुरुग्राम। फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (एफआईआई) की ओर से प्रदेश के निर्यातकों के हित संवर्धन के लिए फ्रेट सब्सिडी को फिर से बहाल करने की मांग राज्य सरकार से की गई है। एफआईआई के प्रदेश महासचिव दीपक मैनी ने बताया कि फेडरेशन ने सब्सिडी को जल्द से जल्द बहाल करने की मांग को लेकर हरियाणा एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के चेयरमैन अनुराग बक्शी को पत्र लिखा गया है।

दीपक मैनी ने बताया कि सितंबर 2021 में प्रदेश सरकार ने फ्रेट सब्सिडी को बंद कर दिया था। तभी से फेडरेशन इसे बहाल करने की मांग लगातार करता आ रहा है। मैनी ने बताया कि पत्र में इस बात का भी जिक्र किया गया है कि वर्तमान में यूरोप और अमेरिका में जिस प्रकार के हालात उत्पन्न हुए हैं। उस कारण निर्यातकों के लिए आर्डर में काफी कमी आई है। ऐसे समय में इस सब्सिडी को फिर से शुरू कर निर्यातकों का उत्साह बढ़ाया जा सकता है। इसके लिए यह बिल्कुल सही समय है। फ्रेट सब्सिडी विभिन्न औद्योगिक उत्पादों का निर्यात करने वाले उद्यमियों को दिया जा रहा था। जब इसे प्रदेश सरकार ने बंद किया तो इससे निर्यातकों की चिंता काफी बढ़ गई। उनकी चिंता को समझते हुए फेडरेशन आफ इंडियन इंडस्ट्री द्वारा लगातार इस मामले में प्रदेश सरकार से इसे शुरू करने की मांग की जा रही है। मैनी ने कहा कि हरियाणा एक लैंड लॉक स्टेट है, यही कारण है कि अपना माल यूरोप अमेरिका सहित दुनिया के अन्य देशों में भेजने के लिए यहां के उद्यमियों को गुजरात और मुंबई के बंदरगाह तक अपने उत्पादों को रोड के माध्यम से भेजना पड़ता है। इसके लिए काफी भाड़ा उद्यमियों को वाहन करना पड़ता है।

सितंबर 2021 के पहले प्रदेश सरकार इन उद्यमियों को बन्दरगाह का तक माल भेजने में लगे कुल भाड़े का 1 प्रतिशत सब्सिडी के रूप में प्रदान करती थी। फेडरेशन की ओर से कहा गया है कि इस सब्सिडी की बहाली के साथ-साथ सब्सिडी की राशि को 1 प्रतिशत से बढ़ाकर 3 प्रतिशत किया जाए, जिससे प्रदेश में निर्यात प्रोत्साहन को बल मिल सके। इसका फायदा एमएसएमई के विकास की दिशा में भी मिलेगा।

पंकज डावर का स्वागत करते लोग।

नियमित लगने चाहिए स्वास्थ्य जांच शिविर : पंकज डावर

मेडिकल कैंप में पहुंचे पंकज डावर का भव्य हुआ स्वागत

गुरुग्राम। फिरोज गांधी कॉलोनी में हरकेश प्रधान द्वारा निशुल्क मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर का क्षेत्र के सभी लोगों ने मिलकर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया।

हरकेश प्रधान ने कहा कि पंकज डावर पहले ऐसे शख्स हैं, जो अकेले गुरुग्राम की आवाज उठा रहे हैं। उनकी ओर से फिरोज गांधी कॉलोनी में मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने पंकज डावर को मुख्य अतिथि के रूप में बुलाया। उनके पहुंचने पर सभी क्षेत्र के लोगों ने मिलकर उनका भव्य स्वागत किया। हरकेश प्रधान ने यह भी बताया कि इस कैंप में 200 से अधिक लोगों ने जांच कराई। मुख्य अतिथि पंकज डावर ने कहा कि इस तरह के शिविर लगने चाहिए, ताकि गरीब लोगों को उपचार संबंधित लाभ पहुंचाया जा सके। पंकज डावर ने कहा कि क्षेत्र में कोई भी ऐसा व्यक्ति हो जो किसी बीमारी से ग्रसित हो, किसी कारणवश या आर्थिक रूप से परेशान होने के कारण अगर अपना उपचार कराने में असमर्थ है तो वह उनसे जरूर मिले।

उनका प्रयास रहेगा कि ऐसे व्यक्तियों का उपचार वे अपने निजी कोष से कराएं। इस मौके पर उन्होंने मरीजों को दवाइयां वितरित की। इस मौके पर चमन सौदा, ओमप्रकाश खरेरा,सुभाष बाबू खटाना, जय सिंह हुड्डा, गुरिंदरजीत सिंह, हरिचंद प्रजापति, अमित बहोत, राधेश्याम, प्रियंका राजपूत, सीमा देवी, पूनम, मनोज आहूजा, रामेश्वर आदि मौजूद रहे।

पशुओं से बीमारियों से बचाने को किया जा रहा टीकाकरण

पशुओं को बीमारियों से बचाव के टीके लगाता एक डाक्टर।

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

उपमंडल अधिकारी सोहना डा. सुरेंद्र सिंह ने कहा कि 5 जून से मुंह खुर व गल घोंटू की बीमारी से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान चलाया हुआ है, जिसमें टीकाकरण टीम घर-घर जाकर प्रत्येक पशु को बीमारी से बचाव के टीके लगाये जा रहे हैं।

अब तक सोहना और आसपास के गांवों में पशुओं का टीकाकरण किया जा चका है। सोहना पशु अस्पताल की टीम द्वारा बालूदा गांव में टीकाकरण का कार्य किया गया। पशुओं में बीमारी आने के बाद कई तरह के लक्षण दिखाई देते हैं। जैसे मुंह-खुर व पैरों का सडना, मुंह में छाले होना, तेज बुखार, पशु चारा नहीं खाना, दूध का सूख जाना इत्यादि इस बीमारी से बचाव के लिए मुंह-खुर व गल घोंटू का टीकाकरण किया जा रहा है। हर पशु पालक को इसका फायदा उठाना चाहिए। यह जागरुक व प्रगतिशील पशु पालक की पहचान है।

भारत तिब्बत सहयोग मंच व जल जंगल बिरादरी ने दिलाई जल बचाने की शपथ

सिलोखरा गांव के पुराने प्रवेश द्वार पर राहगीरों के लिए रखे पानी के मटके

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम में सिलोखरा गांव के पुराने प्रवेश द्वार पर राहगीरों के लिए पानी के मटके रखने के दौरान जल बचत की शपथ लेते लोग।

विश्व भू-जल गर्भ दिवस के अवसर पर गर्मी में राहगिरों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था करने को भारत तिब्बत सहयोग मंच व जल जंगल बिरादरी ने संयुक्त रूप से मटके रखने की शुरुआत की। यहां पर्ा सेंट्रा एनएच-8 एग्जिट-8 के साथ सिलोखरा गांव के पुराने प्रवेश द्वार पर टीम ने पानी से भरे मटके रखे।

भारत तिब्बत सहयोग मंच के प्रांत प्रमुख अमित गोयल के अलावा भूपेंद्र यादव, हिम्मत राय सैनी, प्रवीन कुमार, विकास यादव, बसंत यादव, कुश कुमार, संजीत झा आदि सिलोखरा गांव के पुराने प्रवेश द्वार पर पहुंचे। यहां से काफी राहगिर गुजरते हैं। ऐसे में उनके लिए पीने की पानी की व्यवस्था करने को यहां काफी मटके पानी से भरकर रखे गए।

भारत तिब्बत सहयोग मंच के प्रांत संयोजक अमित गोयल ने कहा कि गिरते भूगर्भ जल स्तर को रोकने के लिए हम समय रहते नहीं जागे तो आने वाले समय में पानी को लेकर हाहाकार मचेगा। उन्होंने कहा कि हर घर में सबमर्सिबल लगे हैं। लोग घर, गाड़ी और सड़कों की सफाई भी भूगर्भ जल से कर रहे हैं। गुरुग्राम शहर ही नहीं, बल्कि देहात में भी भूगर्भ दोहन लगातार बढ़ रहा है। प्रदेश सरकार ने तालाबों के जीर्णोद्धार की योजना चलाई हुई है। गुरुग्राम जिला में भी कई गांवों में तालाबों की खुदाई की गई है, जिनमें गांव का पानी साफ करके डाला है। अरावली की श्रृंखला में चेक डैम बनाए हैं। वहां बरसात का पानी संचित किया जाएगा। सरकार के ये भी निर्देश हैं कि शहर और देहात में बड़ी इमारतों के निर्माण के साथ रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जहा-जहां ये सिस्टम लगे हैं, उन्हें बरसात से पहले दुरुस्त रखना चाहिए, ताकि बरसात के पानी से हमारी भूमि रिचार्ज हो सके।

विश्व भू-जल गर्भ दिवस की शुभकामनाएं देते जल कार्यकर्ता भूपेंद्र यादव ने कहा कि जल बचेगा तो जीवन समृद्ध होगा। जल है तो कल सार्थक होगा। इसलिए हमें हर कदम पर जल की बचत करनी होगी। जल हमारे लिए बहुत ही कीमती है। इस दौरान लोगों को भू-जल बचाने की शपथ भी दिलाई गई। सभी को अपने प्रयासों से भूज-जल को बचाकर अपनी अगली पीढियों के हित में काम करने को प्रेरित किया गया। यहां जल जल, जय जगत, जय हिंद का नारा लगाया गया।

संक्षिप्त समाचार

मुदित यादव ने सुपर हैवी वेट कैटेगरी में जीता सिल्वर मेडल

गुरुग्राम। अहीरवाल में रेवाड़ी के पाली गांव से रवि यादव के पुत्र मुदित यादव ने सुपर हैवी कैटेगरी वेट की बॉक्सिंग में सिल्वर मेडल जीतकर अपने परिवार का गांव का और हरियाणा का नाम रोशन किया है। शनिवार को उसे गुरुग्राम में सम्मानित किया गया। भोपाल में संपन्न हुए 91 से अधिक वेट की कैटेगरी में बॉक्सिंग मुदित ने नेशनल स्तर का सिल्वर मेडल जीता। इस प्रतियोगिता में मुदित ने चंडीगढ़, बिहार और हिमाचल प्रदेश के बॉक्सरों को पराजित किया था। इस खुशी के मौके पर गुरुग्राम में कई गणमान्य लोगों ने मुदित का भव्य स्वागत और सम्मान किया। सम्मान कार्यक्रम में बाल यादव सुपरिटेंडेंट एक्साइज एंड कस्टम्स, मुदित के पिताजी रवि यादव, चाचा राव लाल सिंह, सुरेंद्र यादव प्रधान, रामबीर चौधरी और कपूर सिंह उपस्थित रहे। समाजसेवी कमांडर उदयवीर यादव पूर्व प्रधान आरडब्ल्यूए सेक्टर-10ए एवं रेजिडेंट्स एडवाइजरी काउंसिल के सदस्य ने फोन पर बधाई के साथ मुदित के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

गुरुग्राम बिजली पेंशनरों ने मीटिंग कर मांगे हक

गुरुग्राम। हरियाणा बिजली पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन गुरुग्राम की मासिक मीटिंग शनिवार को प्रभु दयाल कटारिया सेवानिवृत्त (जूनियर इंजीनियर) की अध्यक्षता में महरौली रोड स्थित बिजली निगम के विश्राम गृह में आयोजित की गई। बैठक का मंच संचालन यूनिट संरक्षक रतन लाल गुप्ता द्वारा किया गया। बैठक में सर्वप्रथम पिछले दिनों उड़ीसा में हुई भयंकर रेल दुर्घटना में असामयिक प्राण गंवाने वाले 288 व्यक्तियों एवं बिजली परिवार के पूर्व लॉ ऑफिसर वाईएस गुलिया आदि दिवंगत हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। यूनिट प्रधान राजन शर्मा ने अपने संबोधन में कैशलेस मेडिकल सुविधा, आयु 65, 70, 75 वर्ष के बाद 5 परसेंट पेंशन बढ़ोतरी, कार्यरत कर्मियों की तरह फ्री यूनिट बिजली देना तथा फैमिली पेंशनरों के लिए एलटीसी आदि के अभी तक लागू नहीं होने की वजह से तमाम लंबित मांगों के संबंध में आगंतुक बिजली पेंशनरों मे सरकार एवं निगम मैनेजमेंट के प्रति भारी नाराजगी प्रकट की तथा सरकार एवं निगम मैनेजमेंट को आगाह किया कि इसे जल्दी से जल्दी क्रियान्वित कर के पेंशनरों को राहत प्रदान करें। मीटिंग में मनोहर लाल यादव, राजन शर्मा, प्रेम अत्री, शिवलाल गुप्ता, अरविंद कुमार, प्रीत सिंह कटारिया, लालचंद यादव, शिव दयाल तनेजा, हरीश अरोड़ा, तारा चंद गुप्ता, देवराज मेहतानी, राम किशन बांगिया, पीडी कटारिया, चरण सिंह, सुरजीत कुमार, राजेंद्र सैनी, मेहर चंद शर्मा, ऋषि प्रकाश शर्मा, भीम शंकर, महेंद्र सिंह रामस्वरूप, रामू, रूप नारायण, तारा चंद, पुष्कर राज, रामू राम, सत्य प्रकाश, किशन चंद, श्याम सिंह बादशाहपुर, रामसहाय मौर्य, शिशुपाल सिंह सैनी तथा शिव प्रकाश आदि काफी बिजली पेंशनरों ने भाग लिया।

अमृत सरोवर का निर्माण में गुरुग्राम प्रदेश में दूसरे स्थान पर

गुरुग्राम। आजादी के अमृत काल में जिला प्रशासन को मिशन अमृत सरोवर के तहत जल संरक्षण की दिशा में बड़ी सफलता मिली है। हरियाणा सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के तहत समय से पूर्व अमृत सरोवर का निर्माण कार्य पूरा करने में गुरुग्राम प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। यह जानकारी डीसी निशांत कुमार यादव ने पंचायत विभाग, ग्राम सचिव सहित नगर निगम गुरुग्राम के अधिकारियों के साथ अमृत सरोवर योजना की समीक्षा बैठक में दी। जिला में अमृत सरोवर योजना के तहत 80 अमृत सरोवर का लक्ष्य दिया गया था, जिसमें से 74 अमृत सरोवर का काम पूरा हो चुका है। बाकी बचे 6 अमृत सरोवरों का काम भी अगले 15 दिन में पूरे करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन द्वारा मिशन अमृत सरोवर को विकासात्मक गतिविधियों के तहत तीन चरणों मे बांटा गया, जिसमें पहले चरण में निर्धारित लक्ष्यों के तहत निर्माण कार्य 30 जून तक पूरा किया जाना है।

जीवन कौशल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लाइफ स्किल्स कोलैबोरेटिव द्वारा सेमिनार का हुआ आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। गुडगांव

हरियाणा में जीवन कौशल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए ब्रेकथ्रू, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन और क्रेस्ट एलायंस के साथ मिलकर वॉयस फॉम द ग्राउंड ट्रैक के तहत काम कर रहा है।

भारत जैसे देश में जहां अधिकांश आबादी युवा है, द लाइफ स्किल्स कोलैबोरेटिव (एलएससी) युवाओं, माता-पिता और शिक्षकों के साथ जीवन कौशल पर उनकी समझ बनाने और जागरूकता लाने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान चला रहा है। एलएससी इन सभी स्टेकहोल्डर्स की जरूरतों और आकांक्षाओं को समझने का प्रयास कर रहा है। इस अवसर पर ब्रेकथ्रू की सीईओ सोहिनी भट्टाचार्य ने कहा, जीवन कौशल शिक्षा व्यक्तिगत विकास और समझ को प्रभावित करती है। गहरे समाजीकरण प्रक्रियाओं और भेदभावपूर्ण लिंग मानदंडों का अर्थ है कि लिंग-विशिष्ट दृष्टिकोण और अपेक्षित व्यवहार पहले ही निर्धारित किए जा चुके हैं। इस तरह के दृष्टिकोण तय करते हैं कि विभिन्न लैंगिकता के लोग कैसे जीवन कौशल का अनुभव करते हैं या जीवन कौशल भी सिखाते हैं।

द लाइफ स्किल्स कोलैबोरेटिव (एलएससी) देश के 18 संगठनों का समहू है ,जो भारत में जीवन कौशल (लाइफ स्किल्स) शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है। यह समूह भारत के युवाओं के लिए जीवन कौशल पर ध्यान केंद्रित करता है ताकि वे अपने जीवन को सकारात्मक रूप से विकसित कर सकें और अपने जीवन के लक्ष्य को सफ़लतपूर्वक प्राप्त कर सकें।

इस सर्वे/स्टडी में किशोरों, युवाओं, माता-पिता और शिक्षकों से जानकारी एकत्रित की गई गई कि वे जीवन कौशल के बारे में क्या समझते हैं और जीवन में किन कौशलों को महत्वपूर्ण माना जाता है? इस सर्वे के अध्ययन से एक महत्वपूर्ण जानकारी यह प्राप्त हुई कि युवा अपने जीवन में प्रतिकूल परिस्थितियों से निपटने में जीवन कौशल के महत्व को समझते हैं। एक महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि स्कूली शिक्षा का जीवन पर काफी प्रभाव पड़ता है , इसलिए स्कूली शिक्षकों को अपने छात्रों के साथ जीवन कौशल पाठ्यक्रम को लागू करने लिए प्रयासरत रहना चाहिए।

नकली वॉटर प्यूरीफायर डीलरों, सेवा प्रदाताओं और निर्माताओं के खिलाफ किए गए राष्ट्रव्यापी छापे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

एक्वागार्ड की ओर से सार्वजनिक स्वास्थ्य और उपभोक्ता हित की रक्षा के लिए अपनी पहल के हिस्से के रूप में, दिल्ली, जयपुर, अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई और कोलकाता में छापे मारे गए। ये नकली पुर्जों और फिल्टर से संबंधित एक बहुसंख्यक जांच के परिणाम थे। 21 स्थानों पर की गई छापेमारी के परिणामस्वरूप हजारों फिल्टर, वॉटर प्यूरीफायर कैण्डल्स, कंज्यूमेबल किट और स्पेयर पार्ट्स को जब्त कर लिया गया। छापे की कार्यवाही दो दिनों से अधिक चली और नकली उत्पादों की सफल जब्ती और एक्वागार्ड उत्पादों और संबंधित स्पेयर पार्ट्स का उल्लंघन पाया गया। ऑपरेशन में डीलरों, वितरकों, फिल्टर के संदिग्ध विक्रेता, और एनुअल मेंटेनेंस सेवाओं के प्रदाता शामिल थे।

यूरेका फोर्ब्स एक प्रतिष्ठित नाम रहा है और भारत में विश्वसनीय और क्वालिटी प्रोडेक्ट प्रदान करने की विरासत है, विशेष रूप से अपने एक्वागार्ड ब्रांड के जल प्यूरीफायर के साथ। यह ऑपरेशन सबसे बड़ा प्रयास था, जो कि संदिग्ध उत्पादों और स्पेयर पार्ट्स की बिक्री और उपयोग से निपटने और उपभोक्ताओं को सबस्डेर्डड और संभावित रूप से हानिकारक उपकरणों जैसे नकली कैण्डल्स, कार्टिरेज और किट आदि को खरीदने से बचाने के लिए किया गया था। इस बारे में यूरेका फोर्ब्स के एक प्रवक्ता ने कहा, यूरेका फोर्ब्स हमेशा अपने ग्राहकों की सुरक्षा और कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसकी ओर, हाल ही में छापे की एक श्रृंखला इस प्रकार के नकली निर्माताओं और संदिग्ध एक्वागार्ड फिल्टर के वितरकों पर बंद करने के लिए मुहिम के रूप में की गई थी। प्रवक्ता ने कहा हम दिल्ली उच्च न्यायालय और अधिकारियों को इस कार्रवाई में उनके समर्थन और सहयोग के लिए धन्यवाद देते हैं। सभी ग्राहकों से आग्रह करते हैं कि वे एक्वागार्ड वाटर प्यूरीफायर और बिक्री सेवाओं के बाद लाभ उठाना चाहते हैं तो सही और मान्य आउटलेट्स पर ही सम्पर्क करें। हम अपने ग्राहकों को केवल अधिकृत विक्रेताओं, विश्वसनीय आउटलेट्स, वास्तविक व्यापार भागीदारों और सेवा तकनीशियनों के माध्यम से अपने एक्वागार्ड वाटर प्यूरीफायर खरीदने और सेवा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। वास्तविक यूरेका फोर्ब्स उत्पाद और बिक्री सेवा के बाद कम्पनी के गुणवत्ता आश्वासन मानकों द्वारा समर्थित हैं।

हुडा सिटी सेंटर से आगे डीएमआरसी नहीं एचएमआरटीसी करेगा नई मेट्रो का संचालन

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

डीएमआरसी के हुडा सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन से होगी इंटरचेंज

केंद्रीय कैबिनेट द्वारा गुरुग्राम में नए मेट्रो रूट के संचालन को अनुमति मिलने के बाद से गुरुग्राम के विकास का और बेहतरीन से विकास होने की उम्मीदें जगी हैं। मेट्रो का यह नया रूट यहां उद्योगों के लिए भी काफी लाभकारी होगा।

इस नए मेट्रो रूट पर मेट्रो का संचालन दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन (डीएमआरसी) नहीं हरियाणा मास रैपिड ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन लिमिटेड (एचएमआरटीसी) करेगा। एक तरह से यह हरियाणा की अपनी मेट्रो सेवा होगी। इस मेट्रो के साथ ही गुरुग्राम पहला ऐसा शहर होगा, जहां पर तीन तरह की मेट्रो (दिल्ली मेट्रो, हरियाणा मेट्रो और रैपिड मेट्रो) का संचालन होगा। अभी गुरुग्राम में साइबर सिटी से लेकर गोल्फ कोर्स रोड पर रैपिड मेट्रो चल रही है।

इस मेट्रो का निर्माण तो प्राइवेट कंपनी ने किया था, लेकिन कंपनी कुछ साल बाद इसे संचालित करने में हाथ खड़े कर दिये थे। ऐसे में हरियाणा सरकार ने इसके संचालन की जिम्मेदारी डीएमआरसी को दी। हालांकि अब हरियाणा सरकार का भी अपना मेट्रो कारपोरेशन बन चुका है। निकट भविष्य में रैपिड मेट्रो का संचालन भी हरियाणा सरकार कर सकती है। गुरुग्राम में डीएमआरसी की मेट्रो का ट्रायल रन वर्ष 2010 में शुरू हुआ था। इसके बाद वर्ष 2012 में यहां रैपिड मेट्रो का ट्रायन रन शुरू किया गया।

नई मेट्रो के लिए दो रूटों का किया गया अध्ययन

पुराने गुरुग्राम के निवासियों को मेट्रो कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए पत्र 20 जनवरी 2016 के माध्यम से व्यवहार्यता अध्ययन करने के लिए डीएमआरसी को सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया था। 08 अगस्त 2016 के पत्र द्वारा हरियाणा सरकार की ओर से डीएमआरसी से अनुरोध किया गया कि पुराने गुरुग्राम तक मेट्रो के लिए दो मार्गों का अध्ययन करे। इसमें पहला मार्ग हुडा सिटी सेंटर से सुभाष चौक, राजीव चौक और न्यू कॉलोनी मोड़ होते हुए गुरुग्राम रेलवे स्टेशन तक पर अध्ययन हुआ। दूसरा रूट हुडा सिटी सेंटर से होते हुए सोहना रोड पर सुभाष चौक, हीरो होंडा चौक, सेक्टर-33, 34, 37, सेक्टर-10ए, 10, 9, 9ए, ईएसआई अस्पताल, सेक्टर-4 और 5 (रेलवे स्टेशन और आसपास के क्षेत्र को कवर करते हुए) सेक्टर 23 और द्वारका-नई दिल्ली तक का रहा। अब इसमें कुछ संशोधन करके मेट्रो रूट को साइबर सिटी तक फाइनल किया गया है।

डीएमआरसी के गुरुग्राम में हैं पांच स्टेशन

डीएमआरसी की मेट्रो गुरुग्राम में महरौली रोड (एमजी रोड) से प्रवेश करती है। पहला स्टेशन गुरु द्रोणाचार्य, दूसरी सिकंदरपुर, तीसरा एमजी रोड, चौथा इफको चौक और अंतिम पांचवां स्टेशन हुडा सिटी सेंटर है। इसी स्टेशन से ही एचएमआरटीसी मेट्रो की कनेक्टिविटी होगी।

एचएमआरटीसी मेट्रो का रूट हुडा सिटी सेंटर से आगे सेक्टर-45, साइबर पार्क, डिस्ट्रिक्ट शॉपिंग सेंटर सेक्टर-47, सुभाष चौक, सेक्टर-48, सेक्टर-72ए, हीरो होंडा चौक, उद्योग विहार फेज-6, सेक्टर-10, सेक्टर-37, बसई गांव, सेक्टर-101 (स्पर लाइन के माध्यम से जुड़ाव), सेक्टर-9, सेक्टर-7, सेक्टर-4, सेक्टर-5, अशोक विहार, सेक्टर-3, बजघेड़ा रोड, पालम विहार एक्सटेंशन, पालम विहार, सेक्टर-23ए, सेक्टर-22, उद्योग विहार फेज-4, उद्योग विहार फेज-5 और साइबर सिटी तक का होगा। नया मेट्रो रूट 28.50 किलोमीटर का होगा, जिसमें 27 स्टेशन होंगे। शुरुआत चरण में इस रूट पर 35 मेट्रो ट्रेनें संचालित होंगी। यात्रियों की संख्या बढ़ने पर ट्रेनों की संख्या में भी बढ़ोतरी की जाएगी। अभी तक गुरुग्राम में कोई भी मेट्रो जमीन के नीचे यानी अंडर ग्राउंड नहीं है। नई मेट्रो भी पिलर पर ही बनाए ट्रैक पर चलेगी। चार साल के भीतर यह परियोजना तैयार हो जाएगी। इस पर 5452 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

बता दें कि अभी तक दिल्ली से नए गुरुग्राम तक ही मेट्रो की सुविधा है। पुराने गुरुग्राम में आने के लिए यात्रियों को ऑटो, टैक्सी लेनी पड़ती है। नई मेट्रो परियोजना पूरी होने के बाद मेट्रो से ही यात्री यहां आ सकेंगे। इस परियोजना की शुरुआत करने की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। उम्मीद है जल्द ही सके टेंडर जारी कर दिए जाएंगे।

पलवल से तुगलकाबाद रेलवे स्टेशन के बीच 200 संकेतों की होगी जांच

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

रेलवे संकेतों और पटरियों की खामियों को दूर करने के लिए सर्वे कर उन्हें दुरुस्त कराने की तैयारी में है। एक सप्ताह तक रेलवे यह अभियान चलाएगा। इसकी शुरुआत पलवल स्टेशन से की गई। यहां पर रेलवे कर्मचारियों ने सिग्नल की जांच की। ओडिशा के बालासोर में हाल ही में हुई भीषण रेल दुर्घटना के बाद इससे सबक लेते हुए सिग्नल की खामियां दूर करने पर काम हो रहा है।

पलवल रेलवे स्टेशन पर रेलवे के यातायात निरीक्षक और उनकी टीम रेलवे स्टेशन पर लगे सिग्नल की खामियों का पता लगाने के लिए

ओडिशा रेल हादसे के बाद स्टेशनों पर रेलवे ने शुरू किया काम

निरीक्षण करती रही, जो देर शाम तक जारी रही। इस तरह की जांच पलवल के अलावा असावटी, बल्लभगढ़, न्यू टाउन और फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पर भी की जाएगी। इसी तरह रेलवे की टीम पटरियों की भी जांच करेगी। ताकि समय रहते पटरियों की खामियों का पता लगाए जा सके। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि पलवल से लेकर

तुगलकाबाद रेलवे स्टेशन के बीच सिग्नल और पटरी की जांच की जाएगी। वैसे तो यह सर्वे लगातार चलता रहता है। लेकिन अब बालासोर में हुई दुर्घटना के बाद इसे और गंभीरता से किया जाएगा।

> **बालासोर** में रेल हादसे से सबक लेते हुए रेलवे ने पलवल से तुगलकाबाद के बीच संकेतों की जांच करना शुरू कर दिया है। जहां कहीं भी कोई खामी पाई जाएगी, उसे तुरंत ठीक किया जाएगा। ताकि ओडिशा जैसी रेल दुर्घटना यहां न हो।
>
>
>
> **-प्रकाश मंगला, प्रधान रेलवे वैलफेयर एसोसिएशन**

हर रोज फेल होते हैं सिग्नल

फरीदाबाद-पलवल की सीमा में चार रेलवे लाइन हैं। इनमें से दो पर ऑटोमैटिक सिग्नल प्रणाली है। 24 घंटे में यहां से करीब 300 गाड़ियां गुजरती हैं। तुगलकाबाद से लेकर पलवल के बीच किसी न किसी प्वाइंट पर हर रोज सिग्नल फेल होता है।

सिग्नल फेल होने का पता चलने पर रेलवेकर्मी उसे दुरुस्त करने पहुंच जाते हैं, जब तक रेलवे सिग्नल ठीक नहीं हो जाता, तब तक गाड़ियों को या तो खड़ा कर दिया जाता है या फिर उनकी रफ्तार की बहुत धीमा कर दिया जाता है। फरीदाबाद रेलवे स्टेशन एरिया में करीब 38 सिग्नल हैं। इसी तरह न्यू टाउन रेलवे स्टेशन पर करीब 30 और बल्लभगढ़ रेलवे स्टेशन पर करीब 32 सिग्नल हैं। पलवल से लेकर तुगलकाबाद के बीच करीब 200 सिग्नल हैं।

वर्ष 2015 में बघौला के पास दो ट्रेनें टकराई थीं

वर्ष 2015 में कोहरे की वजह से पलवल के बघौला गांव के पास मुंबई हरिद्वार लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस को ईएमयू ट्रेन ने पीछे से टक्कर मार दी थी। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। जबकि कई लोग घायल हो गए थे।

इसी तरह गत वर्ष फरीदाबाद रेलवे स्टेशन के माल गोदाम में मालगाड़ी पटरी से उतर गई थी। इससे स्टेशन की दीवार टूट गई थी। दीवार टूटने से यहां कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए थे।

मार्शल आर्ट के कोच ने की सिर में गोली मार आत्महत्या

मामा पलवल पुलिस में है तैनात, दोनों गाड़ी में साथ थे

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

मिर्जापुर इलाके में एक 24 वर्षीय युवक ने खुद के सिर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान विपिन के रूप में हुई है। वह मार्शल आर्ट का कोच था। उसका शव गाड़ी की सीट से बरामद हुआ। अभी आत्महत्या की वजह का खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस मामले की छानबीन में लगी है।

बचपन से ही मिर्जापुर में रह रहा था

बताया गया है कि विपिन मूल रूप से मेवात के खेड़ा खलीलपुर गांव, थाना रोजका मेव का रहने वाला था। वह बचपन से ही अपने मामा के घर मिर्जापुर गांव में ही रह रहा था। उसके मामा मनोज पलवल पुलिस में तैनात हैं।

मामा के साथ गाड़ी में आया था

जानकारी के अनुसार मृतक विपिन और उसके मामा मनोज दोनों ही बलेनो गाड़ी में सवार होकर पलवल से मिर्जापुर पहुंचे थे। घर पहुंचने पर मामा विपिन को गाड़ी में छोड़कर उतरे और घर की तरफ चले थे। इसी बीच उन्हें गाड़ी में गोली चलने की आवाज आई। वह गाड़ी के पास पहुंचे तो देखा कि विपिन ने खुद के सिर में गोली मार ली है। आनन-फानन में विपिन को लहूलुहान हालत में फरीदाबाद के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सर्विस रिवाल्वर से आत्महत्या का शक

पुलिस सूचना के बाद मौके पर पहुंची और गाड़ी की जांच की। वह हथियार भी गाड़ी से ही मिल गया, जिससे मनोज ने खुद को गोली से उड़ाया। पुलिस अभी इस मामले में खुलकर कुछ बोलने को तैयार नहीं है कि जिस हथियार से विपिन ने खुद को गोली मारी, क्या वह उसके मामा की सर्विस रिवाल्वर थी। पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। जांच के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो पाएगा कि आखिर हथियार किसका था और इस आत्महत्या की असल वजह क्या थी।

पलवल में सड़क हादसों में दो युवकों की मौत, तीन घायल

पलवल। अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए और शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला नागरिक अस्पताल भिजवाया गया। शव पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिए गए। हादसों की शिकायत पुलिस को दे दी गई है।

गदपुरी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजबीर सिंह के अनुसार, गांव टहरकी निवासी मानसिंह अपने साले रोहताश के साथ मिलकर बोरिंग का काम करता था। शनिवार सुबह मान सिंह और रोहताश बाइक पर सवार होकर किसी काम से जा रहे थे। पलवल-सोहना रोड स्थित टहरकी मोड़ पर सोहना से आई तेज रफ्तार बाइक ने उसको टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला नागरिक अस्पताल लाया गया, जहां मान सिंह को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरी बाइक पर सवार गुरुग्राम निवासी रिपन व दिवाकर को गंभीर हालत के चलते हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। रोहताश का इलाज सरकारी अस्पताल में चल रहा है।

एबीवीपी ने छात्रों की मांगों को लेकर प्राचार्य को दिया ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जिला संयोजक हितेश वशिष्ठ के नेतृत्व में एसडी कॉलेज की प्राचार्या प्रतिभा सिंगल को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया कि उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा जारी किए गए पत्र में हरियाणा सरकार ने राज्य के विश्वविद्यालयों को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाने और फंड के लिए सरकार पर निर्भरता कम करने की बात कही थी। जोकि अनुचित है तथा शिक्षा के निजीकरण को बढ़ावा देने की ओर इशारा करती है।

महाविद्यालयों में प्रवेश परीक्षा में हो रही देरी के खिलाफ तुरंत समाधान करवाने, छात्र संघ चुनाव बहाल करवाने, शैक्षिक संस्थानों में रिक्त पदों पर भर्ती सुचारू रूप से करवाने की मांग की। कॉलेज मंत्री शिवम मेहरा ने बताया कि महाविद्यालय में कैंटीन को जल्द से जल्द शुरू किया जाए, जिससे छात्रों को खाने पीने के लिए बाहर न जाना पड़े। पीने के पानी की व्यवस्था को ठीक किया जाए व पानी की व्यवस्था बढ़ाई जाए। कॉलेज में एमए के नए कोर्स भी शुरू किए जाएं। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुमित राणा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश के विश्वविद्यालयों में फंड कटौती का फैसला ठीक नहीं है। इस मौके पर उनके साथ पूजा, खुशी सचिन सहरावत आदि मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कराया योगासन का अभ्यास

फरीदाबाद। जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन पलवल क्रीड़ा भारती पलवल के संयुक्त तत्वावधान में सेंट सीआर सीनियर सेकेंडरी स्कूल स्कूल पलवल में योगाचार्य गुरमेश सिंह के सानिध्य में योग शिविर का शुभारंभ राजबाला योग कोच सहयोग से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल चेयरमैन व प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष सतवीर पटेल ने की तथा सतपाल ने संयोजन किया। गुरमेश सिंह व राजबाला ने शिविर के दौरान खड़े होने वाले योगिक जोगिंग के उपरांत सूक्ष्म व्यायाम, सूर्य नमस्कार के अलावा गिरवा चालन, स्कंद संचालन, कटी चालन, घुटना संचालन, आसन में ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, ससकासन, उत्तान मंडूकासन, वक्रासन, धनुरासन, सेतुबंधआसन, पवनमुक्तासन, भुजंगासन, शवासन, प्राणायाम में कपालभाति, नाड़ी शोधन, अनुलोम विलोम, शीतली, भ्रामरी आदि कराया गया। इस अवसर पर प्रतिभाशाली विधि कुमारी, हर्ष कुमार योगी, जगत बाल योगी, आशीष योगी ने विशेष कठिन आसनों के द्वारा वातावरण को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर प्रेमसिंह, सोनू, नीरज, महेंद्र अग्रवाल, शमशेर दलाल, सुनीता डागर, गुरजीत कौर, गीता, सुखवती, सपना, नीलम, निशा विशेष रूप से मौजूद रहे।

एक माह से लापता मानसिक कमजोर बुजुर्ग परिजनों से मिलवाया

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह व उनकी टीम ने मानसिक रूप से कमजोर एक बुजुर्ग को उनके परिजनों तक वापस पहुंचाया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम को एक बुजुर्ग बाटा मेट्रो स्टेशन पर के पास लावारिस हालत में मिला। जिससे पूछताछ करने पर वह सही से जवाब नहीं दे पा रहे थे। जिसके पश्चात उन्हें ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम ले जाया गया और उनकी देखभाल करके उनसे उनके परिजनों के बारे में जानकारी प्राप्त करने की कोशिश की गई। काफी देर पूछताछ करने पर पुलिस को उनके परिजनों की मध्यप्रदेश के तिल्लोर गांव में होने की सूचना मिली। जिसके पश्चात पुलिस ने उनके परिजनों से संपर्क किया और उनकी पहचान करवाई तो उसके परिजनों ने उनकी पहचान कर ली। बुजुर्ग के परिजन जब उन्हें लेने के लिए पहुंचे तो उन्होंने बताया कि एक महीने पहले वह अपने परिवार के साथ चार धाम की यात्रा पर गए थे, परंतु मानसिक हालत ठीक न होने के कारण वह उनसे बिछड़ गए और कहीं लापता हो गए थे। उन्होंने बताया कि उन्होंने बुजुर्ग की तलाश करने की बहुत कोशिश की, परंतु उन्हें इसके बारे में कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के पश्चात बुजुर्ग को उनके परिजनों के हवाले किया गया। जिस पर उन्होंने क्राइम ब्रांच कैट सहित पूरी फरीदाबाद पुलिस का धन्यवाद किया।

नेत्रदान को बनाएं पारिवारिक परंपरा : मनचंदा

फरीदाबाद। गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र मनचंदा की अध्यक्षता में विश्व नेत्रदान दिवस पर विशेष वर्चुअल कार्यक्रम नेत्रदान महादान चलाया गया। प्राचार्य ने कहा कि वर्तमान में एक व्यक्ति मृत्यु के पश्चात चार व्यक्तियों के अंधकारमय जीवन में प्रकाश ला सकता है। अब से पूर्व दोनों आंखों से दो ही लोगों को कोर्निया मिल पाती थी, परंतु नई तकनीक आने के बाद से एक आंख से दो कोर्निया प्रत्यारोपित की जा रही है। डी मेक से होने वाला यह प्रत्यारोपण देश के प्रत्येक बड़े आंखों के चिकित्सालय में प्रारंभ हो चुका है। इसमें विशेष यह है कि व्यक्ति के मरने के बाद उसकी पूरी आंख नहीं बदली जाती, मात्र रोशनी वाली काली पुतली ही ली जाती है। व्यक्ति की मृत्यु के छह घंटे तक ही कार्निया प्रयोग में लाया जा सकता है। आई बैंक एसोसियेशन ऑफ इंडिया के अनुसार देश में अभी भी 25 लाख लोग ऐसे हैं, जिन्हें कार्निया की आवश्यकता है। यदि उन्हें समय रहते किसी की कोर्निया मिल जाये तो वह प्रकृति की सुंदरता को देख सकते हैं।

हवाबाजी के लिए देसी पिस्टल रखता था, किया गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच-56 प्रभारी सुंदर सिंह की टीम ने अवैध हथियार के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम इकबाल है, जो फरीदाबाद के गौछी गांव का रहने वाला है। टीम ने सूचना के आधार पर आरोपी को मुजेसर एरिया से गिरफ्तार कर लिया। मामले में गहनता से पूछताछ करने के लिए आरोपी को थाने लाकर उसके खिलाफ अवैध हथियार अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ की गई। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशा करने का आदी है और हवाबाजी के लिए देसी पिस्टल अपने साथ रखता था। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी के खिलाफ हत्या, अवैध हथियार, लड़ाई झगड़ा की धाराओं के तहत दो मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

फरीदाबाद की मुक्केबाज लड़कियों ने मचाया धमाल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब के मुक्केबाजों ने पांच से नौ जून तक भोपाल के तात्या टोपे स्टेडियम में आयोजित स्कूल नेशनल गेम्स में तीन पदक हासिल किए। कशिश मेहता ने 48 से 52 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया, पायल जाखड़ ने 75 से 81 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक हासिल किया। ममता ने 66 से 69 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। इनके कोच अंतर्राष्ट्रीय बुक्स डॉ. राजीव गोदारा ने बताया कि तीनों बॉक्सर कई बार राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक हासिल कर चुके हैं।

सेक्टर-11 की रहने वाली कशिश मेहता पिता का नाम नवीन मेहता एक बिजनेसमैन तथा कशिश ने अभी डीएवी एनटीपीसी स्कूल से बारहवीं कक्षा के एग्जाम दिए हैं। भोपाल में आयोजित स्कूल नेशनल गेम्स में स्वर्ण पदक हासिल करने वाली कशिश मेहता कई राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम कमा चुकी है। जिसमें

बेंगलुरु जूनियर नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता था, दिल्ली में आयोजित स्कूल नेशनल गेम्स में कांस्य पदक, सीबीएसई नॉर्थ जोन में स्वर्ण पदक, इसी साल हुई डीएवी नेशनल गेम्स में स्वर्ण पदक हासिल कर चुकी है व तीन बार हरियाणा स्टेट चैंपियन रह चुकी है।

मुजेसर की रहने वाली पायल जाखड़ पुत्री मनोज जाखड़ डीएवी 14 की 11वीं क्लास की छात्रा है। भोपाल में आयोजित स्कूल में सर गेम्स में रजत पदक हासिल करने वाली पायल ने डीएवी नेशनल गेम्स में स्वर्ण पदक जीता। खेलो हरियाणा गेम्स में रजत पदक व हरियाणा स्टेट में भी कई मेडल जीत चुकी है। उसी तरह खेड़ी पुलिस लाइन में रहने वाली ममता पुत्री राजबीर सिंह ने भोपाल स्कूल नेशनल गेम्स मे कांस्य पदक हासिल करने वाली ममता ने इसी साल डीएवी एनटीपीसी स्कूल से बारहवीं कक्षा के एग्जाम दिए हैं। उसने भी डीएवी नेशनल गेम्स में स्वर्ण पदक जीता। खेलो हरियाणा गेम्स में रजत पदक व हरियाणा स्टेट में भी कई मेडल जीत चुकी है।

केंद्रीय विद्यालय के छात्र प्रशांत बैंसला का राष्ट्रीय योगा ओलंपियाड में चयन

18 जून से 20 जून के बीच भोपाल में आयोजित की जाएगी राष्ट्रीय योगा ओलंपियाड प्रतियोगिता

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा नोएडा में गत नवंबर 2022 में आयोजित की गई 51वीं योगा प्रतियोगिता में पूरे देश के केंद्रीय विद्यालयों से आठ छात्रों और आठ छात्राओं का चयन राष्ट्रीय योगा ओलंपियाड-2023 के लिए किया गया। जिसमें केंद्रीय विद्यालय पलवल के छात्र प्रशांत बैंसला का चयन हुआ है।

इस चयन से विद्यालय के स्टाफ और अभिभावकों में हर्ष का माहौल है। राष्ट्रीय योगा ओलंपियाड 18 जून से 20 जून 2023 के बीच भोपाल में आयोजित की जाएगी। इस राष्ट्रीय योगा ओलंपियाड प्रतियोगिता में सभी राज्यों, केंद्रीय विद्यालय संगठन और नवोदय विद्यालय समिति के चुने हुए विजेता खिलाड़ी भाग लेंगे। विद्यालय

के प्राचार्य राजकुमार कटारिया और फिजिकल शिक्षक इकराम ने छात्र व अभिभावकों को शुभकामनाएं दीं। उपायुक्त के मार्गदर्शन तथा विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षक इकराम के नेतृत्व में केंद्रीय विद्यालय पलवल शिक्षा और खेल जगत में प्रतिवर्ष नए नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। प्राचार्य ने सभी छात्रों को अधिक से अधिक खेलों में भाग लेने और विद्यालय की तरफ से हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया।

मेडिकल स्टोर में दंपति से मारपीट कर लूटपाट की

पलवल। बघौला गांव स्थित श्रीसत्य साईं संजीवनी अस्पताल के पास एक मेडिकल स्टोर चलाने वाले दंपति पर जानलेवा हमला किया गया। हमला पड़ोस में स्टोर चलाने वाले संचालकों द्वारा किया गया। हमलावरों ने ईंटों और लाठी-डंडों से मारपीट कर दोनों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। स्टोर में तोड़फोड़ करके 20 हजार रुपये लूट लिए। तोड़फोड़ और लूटपाट की वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है।

गदपुरी थाना पुलिस ने पीड़िता स्टोर संचालक की शिकायत पर चार लोगों को नामजद करके अन्य 10 के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है, लेकिन अभी तक पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया। गदपुरी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजबीर सिंह के अनुसार, हुडा सेक्टर-2 निवासी राधा ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसके पति ने श्रीसत्य साईं संजीवनी अस्पताल के समीप राधा मेडिकल स्टोर चलाया हुआ है। उसके पास देवली निवासी लोगों ने प्रतीक्षा के नाम से मेडिकल स्टोर खोला हुआ है।

मानव रचना में हुई कार्यशाला में शिक्षकों को कौशल निखारने के तरीके बताए

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

मानव रचना इंटरनेशनल स्कूलों की फरीदाबाद सहित सभी आठ शाखाओं में ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के दौरान शिक्षक विकास कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। इन कार्यशालाओं में स्कूलों के सभी शिक्षकों ने भाग लिया। शिक्षकों की जानकारी और कौशल को बेहतर बनाने के लिए आयोजित की गई कार्यशालाओं में समावेशी कक्षाएं लेने, आयु व रूचि के मुताबिक पढ़ाने, कहानी के जरिए समझाने, छात्रों संग बेहतर संवाद स्थापित करने जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल्स की निदेशक संयोगिता शर्मा ने कहा कि 21वीं सदी के मुताबिक छात्रों में कौशल विकसित करने के लिए प्रगतिशील और अत्याधुनिक शिक्षण पद्धति को अपनाना बेहद जरूरी है। इसलिए शिक्षकों के इनसे परिचित कराने के लिए कार्यशालाएं आयोजित हुई हैं। एमआरआईएस आईबी सेक्टर-14 प्रमुख रितु दुबे ने प्रारंभिक शिक्षकों के लिए संवाद-आधारित पद्धतियों पर जानकारी दी। वाइस-प्रिंसिपल डॉ. शालिनी बिंद्रा ने 21वीं सदी में पढ़ाई के साथ कौशल निखारने की प्रक्रिया पर चर्चा की। इस सत्र को एमआरआईएस सेक्टर 46 गुरुग्राम की हेडमिस्ट्रेस मालबिका

चट्टोपाध्याय सहित डॉ. शिवानी बख्शी और संध्या अरोड़ा ने संबोधित किया। एनसीईआरटी में ग्रुप विद स्पेशल नीड्स के शिक्षा विभाग के पूर्व प्रोफेसर डॉ. अनुपम आहूजा ने कक्षा में समावेशी शिक्षा पर विचार रखे। जबकि एमआरआईएस नोएडा परामर्श और कल्याण विभागाध्यक्ष अभय कुमार वी ने नियमित कक्षाओं में समावेशी शिक्षा और होने वाले भेदभाव पर बात करते हुए इसे दूर करने के उपाय सुझाए। एमआरआईएस चार्मवुड की वाइस प्रिंसिपल सुरभि जोशी ने सत्र में भाषा प्रवीणता पर संबोधित किया। कार्यक्रम प्रमुख अर्चना पणिक्कर ने प्रभावी सत्र योजना और कक्षा में संवाद की रणनीति पर जानकारी दी। कंसल्टेंट और फ्यूचर स्किल्स एंड सस्टेनेबिलिटी एमआरआईएस लीड रचना मिश्रा ने कक्षा सेटअप में कक्षा प्रबंधन पर बात करते हुए नई शिक्षा नीति पर विस्तार से जानकारी दी। कहानीकार डॉ. शिवानी कनोडिया ने विशेष सत्र लिया, जिसमें कहानी के जरिए पाठ्यक्रम को रुचिकर बनाने के बारे में बताया। एमआरआईएस सेक्टर-21सी प्रिंसिपल सीमा अनीस ने कक्षाओं में होने वाले भेदभाव के बारे में समझाते हुए शिक्षकों को ऐसे तरीके बताए। जिससे कक्षा में हर छात्र के लिए सीखने का माहौल तैयार हो सके। इसके साथ ही कार्यशाला में प्रारंभिक वर्षों को समझने, विषय-आधारित सत्र योजनाओं का मसौदा तैयार करने और आवश्यक शिक्षक कौशल जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। इस दौरान मोनिका कथूरिया, गुंजन शर्मा, अनीता दास गुप्ता, मीना खन्ना, पूजा पांडे, करुणा झा ने संबोधित किया।

उटावड़ पॉलिटेक्निक में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन हुए आरंभ

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में मेडिकल और नॉन मेडिकल के छात्र दाखिला लेते हैं तो उन्हें एक वर्ष का फायदा मिलेगा। बारहवीं कक्षा अगर किसी छात्र ने मेडिकल या नॉन मेडिकल से उत्तीर्ण की है तो उसे डिप्लोमा लैटरल एंट्री के तहत संस्थान में द्वितीय वर्ष में दाखिला मिलेगा। बहुतकनीकी संस्थानों में दाखिला प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है।

हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा निदेशालय ने दाखिला प्रक्रिया को लेकर शेड्यूल जारी कर दिया है। जिला पलवल में स्थित राजकीय बहुतकनीकी उटावड़ के प्रधानाचार्य डॉ. संदीप खरब ने यह जानकारी देते हुए बताया कि संस्थान में ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। अभ्यार्थी दाखिले के लिए 17 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। पहली मेरिट लिस्ट 24 जुलाई को जारी होगी। संस्थान में कक्षाएं 15 सितंबर को शुरू होंगी।

राजकीय बहुतकनीकी उटावड़ में 6 डिप्लोमा कोर्स तथा एक डिप्लोमा

वोकेशनल कोर्स चल रहा है। इनमें कुल 450 सीटें हैं। संस्थान ने मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी कोर्स शुरू करने के लिए प्रस्ताव दिया है, अभी तक इसकी अनुमति प्राप्त नहीं हुई है। प्रधानाचार्य ने बताया कि राजकीय तकनीकी संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों की 100 प्रतिशत प्लेसमेंट है, जिसके लिए संस्थान का ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल निरंतर छात्रों की प्लेसमेंट के लिए तत्परता से कार्य कर रहा है।

संस्थान में वर्ष 2022-23 शैक्षणिक सत्र में विभिन्न कंपनियों द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किए गए। अभी तक 68 छात्रों को विभिन्न कंपनियों में प्लेसमेंट प्राप्त हो चुका है। इनमें मुख्यतय ग्लोबल लॉजिक गुरुग्राम, स्पन माइक्रो प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड गुरुग्राम, यजाकी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड गुरुग्राम, लूमैक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड हैं।

दाखिला को लेकर शेड्यूल

प्रक्रिया	तिथि
आवेदन	9 जून से 17 जुलाई
पहली मेरिट सूची	24 जुलाई
पहली काउंसलिंग	8 से 10 अगस्त
सीट एलॉटमेंट।	11 अगस्त
फिजिकल रिपोर्टिंग	14 से 16 अगस्त
दूसरी काउंसलिंग	18 से 21 अगस्त
फिजिकल रिपोर्टिंग	24 से 25 अगस्त
शैक्षणिक सत्र शुरू	15 सितंबर
डिप्लोमा कोर्स	**सीटों की संख्या**
कंप्यूटर इंजीनियरिंग	60
सिविल इंजीनियरिंग	60
मैकेनिकल इंजीनियरिंग	120
इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग	60
ऑफिस मैनेजमेंट एवं कंप्यूटर इंजीनियरिंग	60
फार्मेसी	60
मेडिकल इमेजिंग टेक्नोलॉजी (वोकेशनल कोर्स)	30

> **हरियाणा** राज्य तकनीकी शिक्षा निदेशालय द्वारा दाखिले को लेकर शेड्यूल जारी हो चुका है। संस्थान में छह डिप्लोमा कोर्स तथा एक वोकेशनल कोर्स चल रहा है। इनमें कुल 450 सीटें हैं।
>
> **-डॉ. संदीप खरब, प्रधानाचार्य**

सरकार समाज के कल्याण और प्रगति के लिए तत्पर: सिद्धार्थ नाथ

भयमुक्त समाज का वातावरण हुआ कायम: केसरी देवी पटेल

प्रयागराज। पूर्व कैबिनेट मंत्री और शहर पश्चिमी विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह शुक्रवार को हनुमान वाटिका धूमनगंज में भाजपा द्वारा आयोजित भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के टिफिन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कार्यकर्ताओं से कहा कि प्रदेश सरकार बिना किसी भेदभाव के सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के मूलमंत्र के साथ प्रदेश के समस्त जनपदों में विकास की आधारशिला और दीवार खड़ी कर दिया है। केन्द्र सरकार के सहयोग और मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश देश का नंबर वन का प्रदेश बन चुका है। उसका कारण है कि हम बिना भेदभाव के मिलजुल जैसे आज टिफिन अपने घर लाकर एक साथ लगभग तीन सौ कार्यकर्ताओं ने बैठ कर भोजन करने का स्वाद लेते हुए उत्तर प्रदेश की जनता के हित में किए गए सराहनीय कार्यों का चर्चा किया। एक दूसरे के विचारों का संवाद हुआ।सरकार समाज के वर्ग का कल्याण एवं उनकी प्रगति के लिए सदैव तत्पर एवं कृतसंकल्पित होकर कार्य कर रही है। फूलपुर सांसद केसरी देवी पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में नया आयाम स्थापित किया है क्योंकि भयमुक्त समाज का वातावरण कायम हुआ है तथा प्रदेश में कानून व्यवस्था का राज है।प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी ने कहा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज पूरे विश्व में भारत का मान एवं गौरव बढ़ा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आर्थिक रूप से समृद्ध हो रहा है।प्रयागराज में विकास की मजबूत पटकथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ी लकीर खींच दिया। सभी समाज लोग भारत को मजबूती देने के लिए कृतसंकल्पित है।

कार्यक्रमों के आयोजन की लोगों ने की सराहना

प्रयागराज। जिंदगी तो चलती रहती है इसमें कभी कभी अच्छे दिन होते हैं और कभी हम खराब वक्त से गुजर रहे होते हैं लेकिन एक बेस्ट फ्रेंड की मौजूदगी से सारी चीजें बेहतर हो जाती हैं। इस बेस्ट फ्रेंड डे पर भाग्य लक्ष्मी की ऐश्वर्या खरे कुमकुम भाग्य के कृष्णा कौल मैत्री की भाविका चौधरी और मैं हूं अपराजिता की अनुष्का मर्चंडे जैसे ज़ी टीवी के कलाकारों ने अपने बेस्ट फ्रेंड के साथ अपने गहरे रिश्तों के बारे में चर्चा की और बताया कि वे उन्हें अपनी जिंदगी में पाकर कितने आभारी हैं। भाग्य लक्ष्मी की ऐश्वर्या खरे बताती हैं शुरुआत से ही रोहित और मैं बहुत अच्छे दोस्त रहे हैं और मुझे लगता है कि यह दोस्ती हमेशा बनी रहेगी।

शहर कोतवाली में समाधान दिवस

कब्जे की शिकायत पर डीएम ने लिया एक्शन, मौके पर भेजीं टीमें

बाँदा। पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री विपिन कुमार मिश्राएजिलाधिकारी श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल एवं पुलिस अधीक्षक अभिनंदन की उपस्थिति में आज शहर कोतवाली में संपूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गयास संपूर्ण थाना समाधान दिवस में उन्होंने पुलिस एवं राजस्व विभाग से संबंधित समस्याओं को सुनते हुए समस्याओं का निस्तारण किया स थाना समाधान दिवस में सर्वोदय नगर निवासी फरियादी द्वारा उसकी जमीन पर अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने कानूनगो एवं पुलिस की टीम को मौके पर भेजकर समस्या का निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिएस

मवई बुजुर्ग गांव के एक फरियादी द्वारा रास्ते के विवाद के निस्तारण हेतु दोनों पक्षों में आपसी सहमति के आधार पर रास्ते को निकाले जाने हेतु मौके पर लेखपाल कानूनगो एवं पुलिस के अधिकारियों को भेजकर समस्या का निस्तारण कराने के निर्देश दिए। कटरा मोहल्ला निवासी एक फरियादी द्वारा आबादी की जमीन में दो पक्षों के भवन निर्माण की समस्या का विवाद होने पर उक्त प्रकरण को सिविल कोर्ट के माध्यम से विवाद का निस्तारण कराने के निर्देश दिएस इसी प्रकार ग्राम करौली के एक फरियादी द्वारा उसके पिता के कई वर्षों से गायब होने पर विरासत मे नाम दर्ज कराने के मामले में पूरे प्रकरण की जांच कराकर प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही करने के संबंध में निर्देशित कियास संपूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट श्री राजेश कुमारए तहसीलदार श्री पुष्पेंद्र सहित नगर कोतवाल एवं संबंधित पुलिस अधिकारी एवं लेखपाल कानूनगो तथा राज्य से संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बाउंड्रीवाल की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

कोंच(जालौन)। तहसील क्षेत्र के ग्राम करहियापुर में नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत प्रस्तावित पानी की टंकी की बाउंड्री वाल का निर्माण हो रहा था जिसमें तेज आंधी आ जाने के कारण एक 62 वर्षीय वृद्ध बाउंड्रीवाल के किनारे बैठ गया। लेकिन हवा तेज होने के कारण निर्माणाधीन बाउंड्रीवाल गिर पड़ी जिसकी चपेट में आने से बाउंड्रीवाल के किनारे बैठे वृद्ध की मौत हो गयी वहीं इस घटिया निर्माण से हुई वृद्ध की मौत पर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। मामला थाना रेढर के ग्राम करहियापुर क्योलरी का है। जहां पर नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत बृजगोपाल कंट्रक्शन के द्वारा प्रस्तावित पानी की टंकी के परिसर की बाउंड्रीवाल का निर्माण हो रहा था और ग्राम क्योलरी निबासी सुखू पुत्र गिरधारी उम्र करीब 62 बर्ष पास में ही अपनी भैंस चरा रहा था तभी तेज आंधी चलने लगी और सुखू हवा से बचने के लिए निर्माणाधीन बाउंड्रीवाल की आड़ में बैठ गया लेकिन घटिया निर्माण के चलते बाउंड्रीवाल हवा के तेज थपेड़ों को बर्दाश्त नहीं कर पाई और सुखू के ऊपर भरभरा कर गिर गयी जिससे सुखू की बाउंड्रीवाल के नीचे दबकर मौत हो गयी जैसे ही घटना की जानकारी ग्रामीणों एवं परिवारीजनों को हुई तो वह घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े जहां पर परिवारीजनों ने सुखू को मृत अवस्था मे देखा तो वह दहाड़ मारकर रोने लगे घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गयी सूचना पाते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गयो और ग्रामीणों की मदद से बाउंड्रीवाल में दबे सुखू निकलवाया और शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोष्ट मार्टम के लिए भिजवाया वहीं ग्रामीणों द्वारा नमामि गंगे के अवर अभियंता आनंद रतन से बात की तो उन्होंने कुछ भी कहने से मना कर दिया ग्रामीणों द्वारा बताया जा रहा कि उक्त घटिया निर्माण बृजगोपाल कंट्रक्शन के ठेकेदार बांदा निबासी सुशील अवस्थी के द्वारा कराया जा रहा है। जब खबर नबीस ने ठेकेदार से बात की तो उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य चल रहा था और तेज आंधी आने के कारण घटना घटित हो गयी वहीं ग्रामीणों द्वारा घटिया निर्माण का आरोप लगाया जा रहा है। जिसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

बेहतर गुणवत्ता के साथ नेत्र रोगियों के लिए करें काम: डा इलेश जैन

चित्रकूट। चिकित्सा एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय दृष्टि विहीनता एवं दृष्टि दोष नियंत्रण के तहत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उप्र ने सरकारी अस्पतालों में नेत्र सर्जरी में गुणवत्ता लाने को संत रणछोड़दास जी महाराज संस्थापित सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला की। शनिवार को कार्यशाला में प्रदेश के 18 मंडलों से आये 40 वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक ने हिस्सा लिया। दो दिवसीय कार्यशाला में सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय निदेशक डॉ बीके जैन, डा राजेश जोशी, डा आशीष बजाज व अन्य चिकित्सको ने नेत्र सर्जरी में गुणवत्ता, क्षमता और कार्य कुशलता जैसे तमाम विषयों पर जानकारी साझा की। चिकित्सक दल ने अस्पताल परिसर में ओपीडी व आपरेशन थियेटर में तकनीकी बारीकियों को भी देखा। कहा कि भारत में नेत्र से संबंधित सारी व्यवस्थाओं से लैस इतना बड़ा चिकित्सालय नहीं देखा है। दो दिवसीय कार्यशाला के समापन पर श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय के प्रशासक डा ईलेश जैन ने 18 मंडलों से गुणवत्ता प्रशिक्षण लेने आए सभी नेत्र सर्जनों एवं उप्र राज्य मेडिकल परामर्शदाता अभय द्विवेदी, साइड सेवर के यूपी हेड प्रमोद त्रिपाठी से कहा कि ये चिकित्सालय आपका है। देश के सभी नेत्र रोगियों के लिए है। सब नेत्र रोगियों के लिए ही काम कर रहे है। सबका संकल्प और उद्देश्य है कि अंधत्व निवारण पर देश के नेत्र रोगियों के लिए बेहतर काम कर सकते हैं। इसी सोच से सब काम करेंगे तो नेत्र रोगियों के लिए व देश के लिए सच्ची सेवा होगी। उन्होंने कहा कि अंधत्व निवारण पर सदगुरु नेत्र चिकित्सालय से जिसे जैसी भी मदद लेनी हो हर समय मदद को तैयार है। प्रशिक्षण लेने आये रानी लक्ष्मीबाई संयुक्त अस्पताल लखनऊ के डॉ केपी सिंह ने बताया कि छोटी-छोटी चीजे जो ध्यान में नहीं आतीं, उन चीजों को यहां देखा और काफी कुछ सीखने को मिला। इसका उपयोग कर लोगो को बेहतर सुविधाएं दे सकेंगे।

युवक ने फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या

चित्रकूट। युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी है। ये मामला मानिकपुर थाना क्षेत्र के चुरेह कशेरुवा गांव के मजरा डाडी चमरौडी में शुक्रवार की रात 11 बजे हुआ। बताया गया कि सूरजभान (32) पुत्र राजू परिजनों के साथ छत पर सोया था। रात 10 बजे अपने चार वर्षीय पुत्र आदित्य को लेकर वह कमरे में आया और सफेद दुपट्टे से पंखे मे लटककर जान दे दी। कुछ देर बाद पत्नी कमरे में पहुंची तो अंदर का नजारा देखकर चौंक गई। परिजनों ने सूरजभान को नीचे उतारकर आनन-फानन में समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानिकपुर लाये। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। स्वास्थ्य कर्मियों की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मृतक के दो पुत्र आदित्य व आर्यन है। पूरे मामले में पुलिस ने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

हापुड़ में चंडी मंदिर में नमाज अदा करने का आरोपी युवक गिरफ्तार

हापुड़। हापुड़ कोतवाली नगर क्षेत्र के प्रसिद्ध चंडी मंदिर परिसर में एक युवक द्वारा कथित रूप से नमाज अदा करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।हापुड़ के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिषेक वर्मा ने बताया कि आरोपी अनवर ने शुक्रवार सुबह चंडी मंदिर में नमाज अदा की। उन्होंने कहा कि पुलिस ने सूचना मिलते ही मंदिर की सीसीटीवी फुटेज कब्जे में ली और आरोपी की तलाश शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि इस घटना के कुछ घंटों बाद ही अनवर को बुलंदशहर रोड से गिरफ्तार किया गया। एसपी के अनुसार इस प्रकरण में मंदिर समिति के मंत्री सत्यनारायण अग्रवाल ने कोतवाली नगर में प्राथमिकी दर्ज कराई है।दूसरी तरफ इस घटना को लेकर हिन्दू संगठनों ने नाराजगी जताई और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्वाई की मांग की। सदर विधायक विजयपाल आढ़ती, भाजपा नगर अध्यक्ष विनीत दीवान, विहिप जिलाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल चोटी आदि ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्वाई की मांग करते हुए प्रशासन से मंदिरों की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। आर्य समाज (हापुड़) के संरक्षक एवं केंद्रीय आर्य युवक परिषद (उत्तर प्रदेश) के प्रांतीय अध्यक्ष ने कहा कि यह जानबूझ कर षड्यंत्र के तहत नमाज पढ़ी गई लगती है। इस घटना के बाद शनिवार की सुबह श्रद्धालुओं ने गंगाजल छिड़क कर मंदिर परिसर को शुद्ध किया। शाम को भी राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अमित शर्मा टोनी के नेतृत्व में ब्रजघाट से गंगाजल लाकर मंदिर परिसर की धुलाई की।

छैमार गिरोह का सरगना समेत तीन गिरफ्तार

मथुरा। मथुरा जिले से शनिवार को छैमार गिरोह के कथित सरगना फाती सहित तीन लोगों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान चलाई गई जवाबी गोली गिरोह के सरगना के पैर में लगी है और उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसने बताया कि फाती पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस के अनुसार उत्तर प्रदेश व राजस्थान पुलिस के विभिन्न थानों में दर्ज छैमार गिरोह के नाम डेढ़ दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि यह मुठभेड़ जिले के कोसीकलां थाना क्षेत्र में कस्बे के पुराने जीटी रोड पर स्थित ईदगाह के मैदान में हुई, जहां पचास हजार रुपए का इनामी बदमाश छैमार गिरोह का सरगना फाती अपने साथियों के साथ लूट की योजना बना रहा था। उन्होंने बताया कि पुलिस की जवाबी फायरिंग में पैर में गोली लगने से फाती घायल हो गया है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

संगठित माफिया गिरोहों व पुलिस की मिलीभगत

पैसों की लालच में खाकी पर बदनुमा दाग

भोगनीपुर पुलिस द्वारा 50 किलो चॉदी लूट का मामला

रविकान्त दुबे। कानपुर देहात

शुक्रवार की तडके सुबह कानपुर देहात व औरैया पुलिस के संयुक्त आपरेशन में सर्राफा व्यवसायी के साथ हुयी 50 किलो चॉदी लूट के मामले का पर्दाफाश करते हुये लूटी गयी चॉदी व आरोपी भोगनीपुर कोतवाल, एसआई, अन्य पुलिस कर्मियों व संगठित माफिया गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी से खाकी पर ऐसा बदनुमा दाग लगा है जिसको साफ करने में पुलिस को कडी मशक्कत करनी पडेगी। पैसों के लालच में की गयी इस घटना में पुलिस व अपराधियों की मिलीभगत की ओर साफइशारा कर रही है। रक्षक ही भक्षक बन जाये तो जनता किस पर विश्वास करेगी। शुक्रवार की तडके सुबह कानपुर देहात के पडोसी जनपद औरैया में बॉदा के मढिनाका मुहल्ला निवासी सर्राफा व्यवसायी मनीष सोनी के साथ 6 जून को बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस वे पर रात्रि 2 बजे 50 किलो चॉदी लूट की घटना का अनावरण किया गया था। एसपी बीबीजीटी एस मूर्ति व औरैया एसपी चारू निगम के नेतृत्व में संयुक्त आपरेशन में लूटी गयी चॉदी बरामद की गयी थी साथ ही लूट के आरोपी भोगनीपुर प्रभारी निरीक्षक अजयपाल कठेरिया, एसआई चिंतन कौशिक, हेड कॉस्टेबिल रामशॅकर को गिरफ्तार कर लिया, घटना में हिस्ट्रीशीटर हमीरपुर के कम्हरिया गॉव निवासी जमीरउद्दीन, परवेज, जमीर मिस्त्री, मकबूल पठान व सायर गॉव के भूरा महाराज, दिनेश दीक्षित, विकास दीक्षित सहित राकेश, जमालुद्दीन, सेजय चिकवा, रफत खान आदि के नाम भी प्रकाश में आये है, पुलिस इनको हिरासत में लेकर घटना की कडियों को एक दूसरे से जोडने का प्रयास कर रही है। पैसों की ललक में येन केन प्रकारेण रातों रात अमीर बनने की चाहत में जनपद के जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों की संलिप्तता से खाकी पर ऐसा बदनुमा दाग लगा है जिसको लम्बे समय तक साफ नहीं किया जा सकेगा। अपराधियों व पुलिस के गठजोड से प्रदेश सरकार की किरकिरी हो रही है वहीं आम जनता भी पुलिस के कारनामें से अपने आप को ठगा व असुरक्षित महसूस कर रही है, व्यापारियों में भी पुलिस के प्रति इस घटना से नकारात्मकता की ध्वनि महसूस की जा रही है। प्रदेश सरकार के ईमानदार प्रयासों पर खाकी के इस कारनामें से लोग असहज महसूस कर रहे है, पैसों की चाहत व अॅधानुकरण की मानसिकता पर विराम लगाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

मारपीट का मुकदमा: कोंच(जालौन)। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिरगुवां निबासी रामु पुत्र गिरधारी ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि घटना दिनांक 9 जून 2023 की है। जब मै घर के बाहर बैठा था तभी रूप किशोर सुनील पुत्र बद्री प्रसाद आदि निबासी ग्राम आए और गालीगलौज करने लगे जिसका मैने विरोध किया तो उक्त लोगों ने मेरे साथ मारपीट की हो हल्ला सुनकर पड़ोसी आ गए और उक्त लोगों को ललकारा तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए रामु की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मुकदमा संख्या 125/23 धारा 323,504,506 आईपीसी में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

करोड़ों खर्च के बाद भी उरई के डीलक्स शौचालय पर पड़े हैं ताले

0 उपयोग में न आने से सार्थकता पर उठ रहे सवाल 0कई सार्वजनिक स्थानों पर शोपीस बने आते हैं नजर

उरई(जालौन)। आम जनता की सुविधाओं के नाम पर खर्च किए जाने वाले सरकारी धन का दुरुपयोग किस तरह से देखने को मिल सकता है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि यहां नगर में पालिका प्रशासन द्वारा बीते कुछ वर्षों के दौरान डीलक्स शौचालय के नाम पर लाखों रुपए खर्च तो किया गया लेकिन उनकी सार्थकता अभी भी अधर में ही लटकी है कई डीलक्स शौचालय तो ऐसे हैं जिन के उद्घाटन के बाद से अब तक प्राय: उनमें ताले ही पड़े रहते हैं। अब ऐसे में उनकी सार्थकता पर सवाल उठना लाजमी ही है। गौरतलब हो कि बीते कई वर्षों से संपूर्ण स्वच्छता के नाम पर कई सरकारी कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया गया घर-घर शौचालयों के अलावा भी व्यापक स्तर पर नगरी क्षेत्रों में सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण कराया गया इसी क्रम में नगर में भी लगभग आधा दर्जन स्थानों पर डीलक्स शौचालय बनवाए गए ताकि सार्वजनिक स्थानों पर अधिकांश लोग उसका इस्तेमाल कर स्वच्छता की दिशा में अपनी भूमिका सुनिश्चित कर सकें लेकिन देखा जा रहा है कि पालिका प्रशासन द्वारा नगर में बनवाए गए डीलक्स शौचालय कहने को तो चौराहों और ऐसे सार्वजनिक स्थानों पर ही हैं जहां लोगों का आवागमन बड़ी संख्या में रहता है लेकिन हैरत की बात यह है कि उक्त शौचालयों में से अधिकांश शौचालय में ताले पड़े रहते हैं स्थानीय लोगों से जब इस बारे में जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि इन शौचालयों में यही पता नहीं रहता कि कोई कर्मचारी है भी या नहीं दे तो अक्सर इन में ताले पड़े ही देखते हैं फिलहाल जो भी हो लेकिन इतना साफ है कि डीलक्स शौचालयों के नाम पर पूर्व पालिका प्रशासन ने व्यापक स्तर पर सरकारी धन का इस्तेमाल किया इसके बावजूद उनकी सार्थकता लोगों को नहीं मिल पा रही है अब इसके पीछे की खास बजे क्या है यह तो नगरपालिका के जिम्मेदार लोग ही बता सकते हैं फिलहाल अधिकांश डीलक्स शौचालयों में ताला पड़ा देख कर लोग हैरत में जरूर रहते हैं इंदिरा स्टेडियम के ठीक बगल से स्थित डीलक्स कॉन्प्लेक्स तो न सिर्फ बंद ही पड़ा नजर आता है बल्कि उसे देख कर कोई भी सरकारी धन की बर्बादी पर कुछ कहे बिना नहीं रह सकता कमोबेश चुर्खी रोड स्थित एआरटीओ कार्यालय के समीप भी डीलक्स शौचालय का ताला लोगों की समझ से परे हैं।

सीओ ने चौकीदारों को बांटी साइकिल

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी मऊ राजकमल ने मारकुण्डी थानाध्यक्ष अनिल कुमार की मौजूदगी में थाना क्षेत्र के चौकीदारों को एक-एक नई साइकिल बांटी। शनिवार को सीओ मऊ राजकमल ने चौकीदारों को साइकिल बांटते हुए कहा कि साइकिल से चौकीदार क्षेत्र की सूचनायें तत्काल थाने में भेज सकते हैं। साइकिल का प्रयोग करने से चौकीदारों का स्वास्थ्य भी सही रहेगा और थाने में जल्द सूचनायें पहुंच सकेंगी।

महाराजा सुहेलदेव का विजय दिवस धूमधाम से मनाया गया

गाजीपुर। भारत की सभ्यताए संस्कृति और मातृभूमि कि रक्षा के लिए चितौरा कि धरती पर लहु कि होली खेलने वाले राष्ट्रवीर महाराजा सुहेल देव के गौरव गाथा का आज दिन है। उनके सम्मान में आज उनके स्मरण करने का दिन है यह बात शनिवार जनपद के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के मैदान में राजभर समाज के द्वारा सुहेल देव शौर्य दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के मा कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने कहा। उन्होंने कहा कि बहराइच में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इच्छा पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राज्यों का किला बन रहा है। जिसका बस कुछ ही दिनों मे लोकार्पण करने देश और दुनिया के सबसे बड़े नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी आ रहे हैं। महाराजा सुहेलदेव को सिर्फ भाजपाएविश्व हिन्दू परिषद और राजभर नेताओं ने सम्मान दिया है। बाकी राजनैतिक दल भ्रम और संशय पैदा कर रहे हैं। सपाए बसपाए कांग्रेस का नाम लेते हुए उन्होंने कहा कि आज इस गौरवशाली दिवस के अवसर पर इन दलों के द्वारा कोई एक शब्द कहीं नहीं देखने को मिला है। इसका जवाब राजभर समाज के लोग 2024 के लोकसभा चुनाव में देगे। उन्होंने कहा कि महाराजा सूहेलदेव के बहराइच में हुए संग्राम को याद करिए जब तलवार से तलवार टकरा रही होंगी और उन महान वीर का कितना बड़ा कलेजा रहा होगा जो सैयद सालार मसूद का सामना करने का साहस किया। आज का दिन हिंदुस्तान की इतिहास का बहुत बड़ा दिन है माननीय मंत्री जी ने कहा कि उसी जमाने में अगर सैयद सालार मसूद को रोकने का काम महाराजा सुहेलदेव नहीं किए होते तो उसी समय आतातायियों का कब्जा भगवान श्री राम के अयोध्या पर हो गया होता। उन्होंने इस कार्यक्रम में सहयोग के लिए भारतीय जनता पार्टी के लोगों की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने महाराजा सुहेलदेव के शौर्य दिवस की बधाई दिया है और कहा कि यही गाजीपुर की धरती है जहां दुनिया के सबसे बड़े नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराजा सुहेलदेव के नाम पर डाक टिकट जारी करने आए थे। सरकारी दस्तावेजों में महाराजा सुहेलदेव का नाम लिखवा दिया थाए तो उसी समय हमने कहा था अपने समाज के लोगों से अगर योगी जी अमित शाह जी और मोदी जी के नेतृत्व में आपका भला नहीं हो सकता तो इस धरती पर आपका भला करने वाला कोई दूसरा नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादवए बसपा ने बधाई क्यों नहीं दिया कांग्रेस ने क्यों नहीं याद किया आज महाराजा सुहेलदेव को याद करने का काम सिर्फ भारतीय जनता पार्टी ने ही क्यों किया है। यह बात राजभर समाज के लोगो समझना होगा। महाराजा सुहेलदेव पूरे देश के हैए सभी समाज के हैंए देवता हैं। उन्होंने देश और धर्म को बचायाएमांए बहनों की इज्जत को बचाने का काम किया। उन्होंने कहा कि हमारे राजनीति का सिर्फ एक उद्देश्य हैए इस देश में जो सम्मान शिवाजी और महाराणा प्रताप को मिला वही सम्मान और स्थान महाराजा सुहेलदेव को मिलना चाहिए।

मोदी-योगी सरकार दे रहीं ग्रामोद्योग को बढ़ावा-कमलेश कुमार पांडेय

राजापुर(चित्रकूट)। गोस्वामी तुलसीदास जी की जन्मस्थली राजापुर के तुलसी चौक के पास स्वदेशी खादी महोत्सव हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट हस्तशिल्प प्रदर्शनी का अखिल भारतीय ब्राह्मण कल्याण परिषद के तहसील अध्यक्ष कमलेश कुमार पांडेय राजापुर ने गौरी गणेश की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया।स्वदेशी खादी महोत्सव के अवसर पर अखिल भारती ब्राह्मण कल्याण परिषद के तहसील अध्यक्ष कमलेश कुमार पांडेय ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में हथकरघा के माध्यम से सूती वस्त्रों, खादी वस्त्रों तथा उच्च कोटि के कंबलों के निर्माण को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बुनकरों को राष्ट्रीय कृत बैंकों से सस्ते दरों पर ऋण की भी सुविधा दे रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में कुटीर उद्योग के रूप में छोटे-छोटे हथकरघा लगाकर कम पूंजी में अच्छी कमाई की जा सकती है। आज के वैश्वीकरण युग में शहरी क्षेत्रों में इंपोर्टेड के नाम पर खादी और सूती वस्त्रों का चलन कम हो रहा है और ग्रामीण क्षेत्रों में सूती और खादी ग्रामोद्योग द्वारा हस्तशिल्प मेला महोत्सव के माध्यम से स्वदेशी निर्मित वस्त्रों के प्रचार प्रसार से ही समाज में जागरूकता पैदा हो सकती है। स्वदेशी खादी महोत्सव मेला के आयोजक अनमोल गुप्ता का कहना है कि राष्ट्रीय स्तर पर मेला और प्रदर्शनी लगाकर ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम उद्योग कुटीरो के माध्यम से निर्मित सूती खादी कपड़े हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट हस्तशिल्प प्रदर्शनी लगाकर ग्रामीण विकास के साथ-साथ स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने के लिए प्रचार प्रसार के साथ जागरूकता अभियान चलाने का काम मेला महोत्सव के माध्यम से किया जाता है। नगर पंचायत राजापुर सहित ग्रामीण इलाकों से आने वाले लोगों को खादी और सूती वस्त्रों में छूट तथा खादी वस्त्रों में भारी छुट के साथ स्वदेशी वस्त्रों की बिक्री करने का निर्णय लिया गया है।

भाजपा के साथ मिली हुई हैं मायावती: राय

बलिया। कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री अजय राय ने शनिवार को आरोप लगाया कि बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)के साथ गठबंधन है और सत्तारूढ़ दल से मिली हुई हैं। उन्होंने यह टिप्पणी 23 जून को बिहार की राजधानी पटना में होने वाली विपक्षी पार्टियों की बैठक में बसपा प्रमुख के शामिल नहीं होने के संदर्भ में की। यहां जिले के करनई गांव में पूर्व सांसद गौरीशंकर राय जन्मशती समारोह में शामिल होने आए राय ने पत्रकारों से कहा, मायावती भाजपा के गठबंधन में बैठी हुई हैं और वह भाजपा के साथ मिली हैं। गौरतलब है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा आयोजित विपक्षी दलों की बैठक 23 जून को पटना में होगी। उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बुधवार को यह जानकारी दी। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह के साथ पटना में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए तेजस्वी ने कहा था कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, तमिलनाडु के उनके समकक्ष एमके स्टालिन और आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल बैठक में शामिल होने के लिए तैयार हो गए हैं। पूर्व मंत्री राय ने दावा किया कि उप्र में कांग्रेस मजबूत है और राहुल गांधी के नेतृत्व में 2024 का लोकसभा चुनाव पार्टी जीतेगी। उन्होंने कांग्रेस से गठबंधन करने वाले विपक्षी दलों को कांग्रेस, मल्लिकार्जुन खरगे व राहुल गांधी के साथ मिलकर काम करने की नसीहत दी। राय ने कहा कि राहुल गांधी जैसा नेतृत्व देश और प्रदेश में नहीं है, जिसको भी गठबंधन करना है, वह कांग्रेस, मल्लिकार्जुन खरगे व राहुल गांधी के साथ मिलकर काम करे। राय ने सत्तारूढ़ दल पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि भाजपा आम जनता के लिए चुनौती बन गई है। आम जनमानस महंगाई व बेरोजगारी से परेशान है।

केंद्रीय राज्यमंत्री बघेल ने आगरा मेट्रो परियोजना के निर्माण स्थल का अवलोकन किया

आगरा। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने शनिवार को आगरा मेट्रो रेल परियोजना के तहत बन रहे मेट्रो स्टेशन का अवलोकन किया। वह केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बनी सरकार के नौ साल पूरे होने के अपलक्ष्य में चल रहे जनसंपर्क अभियान विकास तीर्थ अवलोकन कार्यक्रम के तहत आगरा के दौरे पर आए थे। बघेल ने मेट्रो स्टेशन का अवलोकन करने के साथ निर्माणकार्य का जायजा लिया और परियोजना प्रबंधक अरविंद राय ने उन्हें परियोजना से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराई। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समय से परियोजना पूरी करने के निर्देश दिए।केंद्रीय राज्य मंत्री बघेल ने कहा, आगरा की पहचान दुनियाभर में पर्यटन नगरी के रूप में है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरगामी सोच के अंतर्गत पर्यटन को बढ़ावा और क्षेत्रीय लोगों को बेहतर यातायात साधन उपलब्ध कराने के लिए ताज नगरी को मेट्रो की सौगात दी गई है। उन्होंने कहा सिर्फ आगरा ही नहीं उत्तर प्रदेश के कई अन्य बड़े शहरों में मेट्रो परियोजना के रूप में यातायात सुविधा मुहैया कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ निरंतर प्रयासरत हैं।

पद बचाए रखने की फिक्र

धर्म का पालन करके चलने वाले मंत्री जी सही मायने में किस्मत का ही खा रहे हैं। पिछली भगवा सरकार में इन मंत्री महोदय को खेतों की सिंचाई का कार्य मिला था, जिसे बखूबी निभाने का प्रयास किया था। आरोप-प्रत्यारोप भी लगे, बचने का बहुत प्रयास किया लेकिन मंत्री पद चला गया था। जगह-जगह हाथ पैर मारते रहे लेकिन कोई खास सफलता नहीं मिली। मंत्री पद की वापसी नहीं हुई। करीब एक साल खाली बैठे रहे। जब दोबारा प्रदेश में भगवा सरकार आई, तो इन महोदय की किस्मत फिर चमकी। इस बार इन्हें पशुधन व दूध की जिम्मेदारी दे दी गई। मंत्री जी इस बार बहुत सतर्क होकर चल रहे हैं, कोई आरोप-प्रत्यारोप नहीं। ना कोई काम करेंगे, ना कोई आरोप लगेगा। पशुओं को चारा मिले ना मिले, किसानों को दूध का पैसा मिले या ना मिले, इससे मंत्री जी को कोई मतलब नहीं है, बस मंत्री जी का मंत्री पद सुरक्षित रहना चाहिए। मंत्री जी यही उद्देश्य बना कर चल रहे हैं। गाहे-बगाहे मंत्री जी एक दो कार्यक्रम कर दिया करते हैं जिससे मुख्यमंत्री की नजर में वह बने रहें।

संयोग या कुछ और

अब इसे संयोग कहा जाए या फिर इसके पीछे कोई और ही योग है। यह कह पाना तो मुश्किल है लेकिन कयास लगाने वाले हैं कि लगाते ही चले जा रहे हैं। अब भला इनकी जुबान पर ताला कैसे लगाया जा सकता है। दरअसल पिछले दस माह से सूबे की एक अहम कमिश्नरेट का चार्ज संभाल रहे महोदय अचानक लंबी छुट्टी पर चले गए। उनके जाते ही शहर में एक दुसाहसिक आपराधिक वारदात घटित हो गई। भरी कचहरी पुलिस कस्टडी में गैंगेस्टर को मौत के घाट उतार दिया गया। इसी के बाद कयासों का दौर शुरू हो गया। लोग प्रयागराज में माफिया बद्रर्स की हत्या के तौर-तरीकों से इसे जोड़ने लगे। यहां तक तो ठीक लेकिन कुछ कयास यह भी लगाए गए कि कमिश्नर साहब को शायद पहले से इस वारदात का अंदेशा था, तभी तो वह लंबी छुट्टी पर निकल लिए। इब इसमें कितनी सच्चाई है यह तो कमिश्नर साहब ही जानें मगर खाकी महकमे में भी चटकारे लेकर लोग इसी विषय पर चर्चा में मशगूल हैं।



सही गोट बिठाने की कवायद

नव निर्वाचित महापौर सुषमा खर्कवाल को समझने में जुटे नगर निगम के छोटे साहब ने अपने शार्गिदों को लगाकर जानकारी लेनी शुरू कर दी है। महापौर के सलाहकार से लेकर उनके परिचितों से डेटा इकट्ठा करने में साहब जुट गए हैं। अब पैनी नजर से बहुत अल्प समय में महापौर की पसंद और न पसंद से वाकिफ होकर साहब के सही गोट बिठाने के प्रयास जारी हैं, लेकिन एक मनबढ़ छुटभैये नेता ने साहब के कान भरे। साहब से कहते हैं कि मैडम बहुम सख्त हैं। बहुत बड़ा पावर लगाकर यहां तक पहुंची हैं। साहब जरा बच के रहिएगा। अब साहब सहम गए, और कहा कि कुछ जरा अंदर की बात पता करो। फिर क्या था छुटभैये नेता ने अपनी मूंछों पर ताव मारी और काम में जुट गए लेकिन 15 दिन बीतने के बाद भी कुछ खास पता नहीं करा पाने से साहब ने दुत्कार दिया। बोले रहने दो मुझे सब जानकारी मिल गयी है। अब छोटे साहब ने अपने मातहतों से ही पुख्ता खबरें लेकर मैडम के खासमखास से गोट बिठा लिया है। छोटे साहब के एक करीबी से पता लगा कि सब कुछ अगर ठीक रहा तो जल्द ही साहब को सबसे अहम जिम्मेदारी मिलने की उम्मीद है।

चाय पर चर्चा

अभी पिछले हफ्ते की बात है संस्थान के मुखिया के साथ सत्तारूढ़ दल से सम्बंध रखने वाले एक प्रांतीय संगठन मंत्री ने करीब एक घंटे की बैठक की। बैठक के बाद जब मुखिया चलने लगे तो प्रांतीय मंत्री ने कहा, चलिये आपको चाय पिलाते हैं। सत्तारूढ़ दल होने की वजह से मुखिया भी संगठन मंत्री की बात को मना नही कर पाए, सो चल दिये चाय पीने। मुखिया ने कैंटीन के सामने चबूतरे पर जैसे ही आसन लगाया। धीरे धीरे सभी लोग पहुंचने लगे। बात तो किसी और की थी लेकिन यहां आकर बात चाय पे चर्चा पर आकर टिक गई। अंत मे जब प्रांतीय मंत्री ने पैसा देना चाहा तो उन्हें रोक दिया गया। खैर यह तो थी चर्चा की बात लेकिन बात यहीं खत्म नही हुई, उस समय जो फोटो खींच कर शेयर किया गया, उसमें से मंत्री गायब हो गए। मंत्री चले थे पिलाने, खुद पीकर चले आए।

आज एक हफ्ते में हो रहा गन्ने का भुगतानः मुख्यमंत्री

25 सहकारी गन्ना व चीनी मिल समितियों के नवनिर्मित भवनों का सीएम योगी ने किया लोकार्पण

- राज्य गन्ना उत्पादन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रदान किए प्रमाण पत्र
- 2017 से 2023 के बीच 213400 करोड़ गन्ना मूल्य का भुगतान डीबीटी से किसानों को किया गया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा हैकि छह वर्ष पहले प्रदेश के गन्ना किसानों को पर्ची के लिए परेशान होना पड़ता था। उनकी पर्ची की चोरी के साथ गन्ने की तौलाई में घटतौली होती थी। ऐसे में वह आंदोलन करने को मजबूर होते थे। साथ ही चीनी मिल के असमय बंद होने से किसानों को परेशान होना पड़ता था। इतना ही नहीं बरसों तक गन्ना किसानों को बकाया गन्ने का भुगतान नहीं होता था। वहीं वर्ष 2017 में प्रदेश में बीजेपी की सरकार बनते ही वर्ष 2010 से लेकर 2017 के बीच बकाया गन्ना का भुगतान करने के लिए मिशन मोड पर काम शुरू किया गया। इस पर चीनी मिल मालिकों ने समय से किसानों को बकाया भुगतान करने के लिए इथेनॉल बनाने की परमिशन मांगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सहमति पर आज प्रदेश में चीनी मिलें चीनी के साथ इथेनॉल भी बनाने का काम कर रहीं हैं। आज उसी का परिणाम है कि पूरे देश में उत्तर प्रदेश गन्ना उत्पादन में नंबर वन होने के साथ ही इथेनॉल, चीनी उत्पादन, खांडसारी यूनिट्स में भी नंबर वन है। यह इस क्षेत्र के रिफॉर्म का नतीजा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को लोकभवन में आयोजित गन्ना विकास के तहत राज्य गन्ना उत्पादन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरण एवं प्रदेश की 25 सहकारी गन्ना एवं चीनी मिल समितियों के नवनिर्मित भवनों के लोकार्पण के दौरान कहीं।

सीएम योगी ने कहा कि आज के कार्यक्रम में प्रदेश में एक हेक्टेयर में 2640 कुंतल गन्ने की पैदावार करने वाले किसान मौजूद हैं, जिसे पहले असंभव माना जाता था। वहीं हमारे अन्नदाता किसानों ने अपने सामर्थ्य और परिश्रम से यह साबित करके दिखाया है। प्रदेश में 3171 सहकारी महिला स्वयंसेवी समूह हैं, जिसमें 59000 से अधिक महिलाएं कार्य कर रही हैं। वह आज 60 लाख गन्ना किसानों के साथ मिलकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने में योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों के भवन खाद और गोदाम के लिए भी उपयोगी साबित हो सकते हैं। इस दिशा में प्रयास करने होंगे। इसी को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम में 25 नये भवनों को लोकार्पण संपन्न हुआ है। वर्ष 2007 से 2017 के बीच गन्ना मूल्य का भुगतान एक लाख करोड़ के आसपास हुआ था, वहीं वर्ष 2017 से लेकर 2023 के बीच 213400 करोड़ गन्ना मूल्य का भुगतान डीबीटी के माध्यम से सीधे गन्ना किसानों के खातों में भेजा गया है। इतना ही नहीं खांडसारी में जो 500 टन अतिरिक्त गन्ना पेराई हुई है उसका नकद भुगतान किया गया है। इसके साथ ही एथेनॉल का अलग से भुगतान किया जा रहा है। प्रदेश में 100 चीनी मिलें ऐसी हैं जो एक हफ्ते से दस दिन के अंदर किसानों को गन्ना मूल्य का भुगतान कर रही हैं। धीरे-धीरे करके सभी 118 चीनी मिलें इसे अपनाएंगी। गन्ना विभाग ने प्रदेश में बंद 4 चीनी मिलों को दोबारा शुरू किया है। साथ ही 2 नई चीनी मिलें स्थापित की गई हैं। सीएम ने कहा कि चौधरी चरण सिंह को किसानों को किसानों को मसीहा कहा जाता था। उन्होंने 1980 के दशक में छपरौली की चीनी मिल के पुनरुद्धार की बात की थी लेकिन सरकारें आती-जाती रहीं, किसानों के बारे में किसी ने नहीं सोचा। हमारी सरकार ने छपरौली में नई चीनी मिल की स्थापना का कार्य किया है।

सीएम योगी ने कहा कि पहले की सरकारें गन्ना किसानों पर गोलियां चलवाती थी, वहीं आज हमारी सरकार नई चीनी मिलों की स्थापना कर रही है, जो पूरी क्षमता से काम कर रही हैं।

आरोग्यता के लक्ष्य को हासिल करने में बड़ी भूमिका का निर्वहन कर सकता है नर्सिंग स्टाफ

- मुख्यमंत्री ने एसजीपीजीआई में नवचयनित 1442 स्टॉफ नर्सों को वितरित किए नियुक्ति पत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि किसी भी सभ्य समाज के लिए जहां अच्छी शिक्षा आवश्यक है, वहीं उत्तम स्वास्थ्य के लिए अच्छी चिकित्सा व्यवस्था भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। जितना योगदान आरोग्यता प्रदान करने में चिकित्सकों का है, उससे कम भूमिका पैरामेडिक्स या अन्य नर्सिंग स्टाफ की नहीं है। चिकित्सकों के मार्गदर्शन में उनके नेतृत्व में नर्सिंग स्टाफ मरीज के साथ अपने व्यवहार और सेवा के माध्यम से आरोग्यता के लक्ष्य को प्राप्त करने में बड़ी भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री शनिवार को एसजीपीजीआई के श्रुति सभागार में नवचयनित 1442 स्टॉफ नर्सों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा कि 6 वर्ष में हमने 6 लाख से अधिक नियुक्ति की प्रक्रिया को संपन्न किया है और हमने तय किया है कि हर वर्ष एक लाख सरकारी नियुक्तियां और निजी क्षेत्र में 12 से 15 लाख नियुक्तियों की संभावनाएं उत्तर प्रदेश के नौजवानों को उपलब्ध कराने का कार्य करेंगे।

सीएम योगी ने कहा कि मेरे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण दिन है। कल भी हमने प्रदेश में 7 हजार से अधिक एएनएम को नियुक्ति पत्र वितरण किए थे। यह बहुत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। पिछले 6 वर्ष के अंदर प्रदेश में जो परिवर्तन देखने को मिलते हैं वह बिना भेदभाव के शासन द्वारा किए गए कार्यक्रमों के परिणाम है। 2017 में जब हम आए थे तब कुल 12 मेडिकल कॉलेज थे और 2017 से 2022 के बीच में हम 63 जनपदों में पहुंच चुके हैं, जहां मेडिकल कॉलेज बन चुका है या बनने जा रहा है। वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज के सपने को प्रदेश साकार करने जा रहा है। मेडिकल कॉलेज चिकित्सा का एक अच्छा माध्यम होता है। हमें समाज की आवश्यकता के अनुरूप उस तरह की व्यवस्था देनी पड़ेगी।

सीएम योगी ने कहा कि सदी की सबसे बड़ी महामारी के समय हमने देखा कि छोटे जनपदों ने भी अच्छा कार्य किया। प्रदेश में मेधा की कमी नहीं, केवल उन्हें मार्गदर्शन की आवश्यकता है, सही रास्ता दिखाने की आवश्यकता है। आज हर जनपद में मेडिकल कॉलेज के साथ ही नर्सिंग कॉलेज भी बन रहा है। क्वालिटी कंट्रोल को उसके साथ जोड़ा गया है। जो कार्यक्रम हमने धरातल पर उतारे हैं, उसे भारत सरकार ने देश में लागू करने को कहा है। मिशन निरामया के अंतर्गत जो कार्यक्रम अक्टूबर 2022 में उत्तर प्रदेश ने लागू किया, आज उसे पूरे देश में शुरू किए जाने की कवायद शुरू हो गई है। यह दिखाता है कि हम सही रास्ते पर है।

सीएम योगी ने कहा कि यह नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम प्रधानमंत्री के मिशन रोजगार के साथ भी जुड़ा हुआ है। हर किसी को सरकारी नौकरी देना मुश्किल होता है लेकिन सरकारी क्षेत्र में जितनी भी नियुक्तियां होंगी उन सबके लिए लगातार हम नियुक्ति प्रक्रिया से जुड़े हुए हैं। 6 साल में 6 लाख सरकारी नियुक्तियां की जा चुकी हैं। पिछले 6 वर्ष के दौरान हर वर्ष हमने 12 से 15 लाख निजी क्षेत्र में नौकरी की संभावनाओं को विकसित किया है। जब 2017 में हम आए थे तब उत्तर प्रदेश की बेरोजगारी दर 19 के आसपास थी।

सदैव आम आदमी के लिए समर्पित रही कांग्रेसः धीरज

- हरदोई सहित कई जिलों के नेता कांग्रेस में शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की विचारधारा में विश्वास जताते हुए हरदोई से आए जगपाल सिंह ने अपने समर्थकों के साथ शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जगपाल को राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर, राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल, प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दूबे, योगेश दीक्षित आदि ने सदस्यता ग्रहण कराई। इसी क्रम में जनपद फिरोजाबाद से जय किसान आंदोलन के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष सुमित यादव ने भी कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवादल मध्यजोन के अध्यक्ष राजेश सिंह काली, पिछड़ा वर्ग विभाग कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज यादव, अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस अध्यक्ष शाहनवाज आलम मौजूद रहे। प्रवक्ता सचिन रावत ने बताय कि इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर ने अपने सम्बोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव आम आदमी के लिए समर्पित रही है, प्रदेश में प्रियंका गांधी व प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का परिवार लगातार बढ़ रहा है। प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने कहा कि हम सभी पार्टी के सदस्य अपने लोकप्रिय नेता राहुल गांधी व हमारी संघर्षशील नेता प्रियंका गांधी के हाथों को मज़बूत कर 2024 में इस तानाशाह भाजपा सरकार को सत्ता से बाहर कर देश में आम आदमी के अधिकार और आवाज को सम्मान देने वाली कांग्रेस सरकार बनायेंगे।

चार जिलों के डीएम सहित 10 आईएएस अफसरों के तबादले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश शासन की ओर गोंडा, बलरामपुर, फिरोजाबाद और अमरोहा के डीएम सहित दस आईएएस अफसरों के तबादले कर दिए गए। इस फेरबदल में उज्जल कुमार डीएम गोंडा से डीएम फिरोजाबाद, नेहा शर्मा स्थानीय निकाय निदेशक से डीएम गोंडा, अरविंद सिंह वीसी केडीए से डीएम बलरामपुर और राजेश कुमार त्यागी सचिव रेरा से डीएम अमरोहा बनाए गए हैं। रवि रंजन डीएम फिरोजाबाद से विशेष सचिव कृषि व एमडी यूपी एग्रो, विशाख जी डीएम कानपुर को वीसी केडीए का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। महेंद्र कुमार डीएम बलमरामपुर को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाना है, इसीलिए उन्हें कार्यमुक्त कर दिया गया है। बाल कृष्ण त्रिपाठी डीएम अमरोहा से विशेष सचिव एपीसी शाखा, ज्ञानेश्वर त्रिपाठी अपर आयुक्त प्रशासन झांसी मंडल से अपर निदेशक चिकित्सा शिक्षा बनाए गए हैं। लोकेश एम मंडलायुक्त कानपुर को श्रमायुक्त कानपुर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। यह प्रभार अभी तक प्रमुख सचिव श्रम अनिल कुमार के पास हुआ करता था। श्रामायुक्त पद से शकुंतला गौतम के सेवानिवृत्त होने के बाद अभी तक इस पद पर स्थाई तैनाती नहीं हुई है। अतिरिक्त प्रभार देकर काम चलाया जा रहा है।

बेसिक शिक्षा मंत्री ने किया मध्यान्ह भोजन वितरण के लिए 26 वाहनों को रवाना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने शनिवार को बेसिक शिक्षा निदेशालय निशातगंज लखनऊ में मध्यान्ह भोजन वितरण के लिए अक्षय पात्र संस्था को एलआईसी के सीएसआर अनुदान के अन्तर्गत प्राप्त 26 नये वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पोषण योजना से आच्छादित विद्यालयों में इन नये वाहनों के माध्यम से संस्था द्वारा छात्र-छात्राओं को भोजन वितरण किया जायेगा। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि संस्था को जनपद लखनऊ में मध्यान्ह भोजन वितरण के लिए एलआईसी के सीएसआर अनुदान के अन्तर्गत 26 नये वाहन प्राप्त हुए हैं।

इस संस्था द्वारा लखनऊ जनपद में प्रधानमंत्री पोषण योजना के अन्तर्गत छात्र-छात्राओं को मध्यान्ह भोजन से लाभान्वित करने का कार्य भी किया जा रहा है। इस अवसर पर महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद, कम्यूनिकेशन हेड अक्षय पात्र अनंतवीर दास, नेशनल प्रेसिडेंट अक्षय पात्र भरत सभा दास सहित बेसिक शिक्षा के अन्य अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

माघ मेले में पहली बार होगा सौर ऊर्जा का इस्तेमाल

- ऊर्जा बचत और कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग की माघ मेले में होगी शुरुआत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ प्रयागराज

योगी सरकार प्रदेश में ऊर्जा खपत की मांग को देखते हुए सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाने पर लगातार कार्य कर रही है। सरकार ने उद्योग और कृषि के क्षेत्र में सौर ऊर्जा के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए कई कार्यक्रम और योजनाएं शुरू की है। अब पहली बार धार्मिक आयोजनों और उत्सवों को भी इसमें शामिल किया जा रहा है। प्रयागराज में संगम किनारे लगने वाले माघ मेले में इस बार सौर ऊर्जा का उपयोग इसी का हिस्सा है। योगी सरकार शहर से लेकर गांव.गांव तक सोलर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रही है। इस कार्य योजना में सरकार की प्राथमिकता बिजली की खपत को कम करना और लोगों को पूरे दिन बिजली की उपलब्ध कराने के साथ सोलर ऊर्जा के उत्पादन को प्रोत्साहित करना है। संगम किनारे लगने जा रहे माघ मेले में भी सोलर ऊर्जा के इस्तेमाल को लेकर सरकार ने योजना बनाई है । पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के मुख्य अभियंता विनोद गंगवार बताते हैं कि जनवरी 2024 में लगने जा रहे माघ मेले में पहली बार सोलर ऊर्जा का भी इस्तेमाल किया जाएगा । माघ मेले में लीथियम बैटरी आधारित सोलर ऊर्जा का इस्तेमाल किया जाएगा । पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इस बार इसका प्रयोग किया जाएगा । माघ मेला क्षेत्र में बनने वाले सरकारी कार्यालयों और तम्बुओं में सबसे पहले इसका प्रयोग किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश में हर साल बिजली की खपत 16 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। संगम किनारे लगने वाले दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन में से एक माघ मेले में जहां तम्बुओं का शहर बसता है वहां दो महीने तक बिजली की निर्बाध आपूर्ति माघ मेला प्रशासन करता है। मेला क्षेत्र में हर साल 90 लाख यूनिट बिजली की खपत होती है। बिजली की इस खपत को कम करने के लिए सोलर ऊर्जा का इस्तेमाल एक अच्छा विकल्प है जिसकी शुरुआत इस बार के माघ मेले में होने जा रही है। सोलर एनर्जी के इस्तेमाल से जो कार्बन क्रेडिट हासिल होगा वह भी विभाग के लिए बहुत उपयोगी है। हम उससे कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग कर सकते हैं। इस तरह माघ मेला कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग का भी अवसर देगा। माघ मेले में सोलर ऊर्जा के इस्तेमाल का एक पायलट प्रोजेक्ट है। इसके नतीजे अगर उत्साह जनक रहे तो सरकार इसे आगामी महाकुम्भ में लागू कर सकती है। मुख्य अभियंता के मुताबिक़ माघ मेले में हर साल करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। सोलर ऊर्जा के इस्तेमाल को प्रोत्साहित करने और जागरूकता पैदा करने का यह एक अच्छा मंच बन सकता है। माघ मेले में इसे जिस तरह से श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ता है उसे देखते हुए अचानक बिजली जाने से कुछ ही सेकंड की देरी किसी अनहोनी की वजह न बनने पाए उसमे भी हाइब्रिड लीथियम बैटरी से पैदा की गई सौर ऊर्जा कारगर होगी। माघ मेले के समापन के बाद इन हाइब्रिड लीथियम बैटरी का इस्तेमाल सरकारी अस्पतालों में हो सकता है।

योग दिवस पर प्रभावशाली लोग घर-घर पहुंचाएंगे मोदी-योगी का संदेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- 21 जून के मुख्य समारोह सभी 58 हजार ग्राम पंचायतों, 762 नगरीय निकायों और 14 हजार वार्डों में आयोजित कराए जाएंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए 'हर घर आंगन योग' के मूलमंत्र को आत्मसात कर उत्तर प्रदेश में भी योग दिवस को लेकर बड़े स्तर पर आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 21 जून को आयोजित होने वाले 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेश भर में सामूहिक योगाभ्यास व अन्य कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर पहले ही निर्देश दे चुके हैं। ऐसे में इन कार्यक्रमों के सफल आयोजन को सुनिश्चित करने व व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से इनफ्लुएंसर्स व सेलिब्रिटीज को भी इस मुहिम से जोड़ा जा रहा है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप इस संबंध में विस्तृत कार्ययोजना के अंतर्गत पूरे प्रदेश में 15 से 21 जून के मध्य एक हफ्ते तक योग सप्ताह का बड़े स्तर पर आयोजन किया जाएगा।

खास बात यह है कि प्रदेश की प्राचीन संस्कृति से जुड़े पर्यटन स्थलों, ऐतिहासिक महत्व के स्थानों, प्रमुख नदियों, झीलों, तालाबों के किनारे तथा सभी अमृत सरोवरों व प्रमुख नैसर्गिक सौन्दर्य से परिपूर्ण स्थलों पर संयुक्त योगाभ्यास को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अलावा आमजन की सुविधा और जागरूकता के लिए कॉमन योग प्रोटोकॉल के वीडियो लिंक भी प्रसारित किए जाने का प्रस्ताव है। 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेश भर में सामूहिक योगाभ्यास व अन्य कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सोशल मीडिया समेत सभी मीडिया प्लेटफ ॉर्म्स का सहयोग लिया जाएगा। इन कार्यक्रमों की व्यापक सफलता के लिए सेलिब्रिटीज, बड़े खिलाड़ियों, योग गुरुओं के अलावा सांस्कृतिक प्रतिष्ठानों से जुड़े प्रमुख लोगों का इनफ्लूएंसर्स के तौर पर सहयोग लिया जाएगा जोकि संबंधित कार्यक्रमों में सहभागिता और व्यक्तिगत तौर पर दैनिक योगाभ्यास के महत्व को बढ़ावा देने का संदेश जनता में पहुंचाएंगे। प्रदेश में योग सप्ताह के दौरान सभी जिला मुख्यालयों पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं सार्वजनिक पार्कों में प्रतिदिन सुबह 6 से 8 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास होगा। इसके अलावा, विश्वविद्यालयों के विशाल परिसर में बड़े योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रदेश के प्रमुख विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, स्कूल-कॉलेजों में योग से संबंधित सेमिनार-कार्यशाला का भी आयोजन होगा जिसमें मॉडर्न जीवन शैली में योग की भूमिकाए स्ट्रेस व मेंटल ट्रॉमा मैनेजमेंट, भाषण प्रतियोगिता, रंगोली-पोस्टर प्रतियोगिता निबंध लेखन, स्लोगन, आशु भाषण प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। छात्र-छात्राओं को हफ्ते भर होने वाले इन कार्यक्रमों के समापन पर सर्टिफिकेट्स दिए जाएंगे और 21 जून को होने वाले संयुक्त योगाभ्यास के मुख्य कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्रों को फल-मिष्ठान वितरित किए जाने की भी सुचारू व्यवस्था की जाएगी। इन कार्यक्रमों की लोकप्रियता में बढ़ावा देने, इनके सफल आयोजन को सुनिश्चित करने और जनता के बीच सुलभ उपस्थिति दर्ज कराने के उद्देश्य से योग सप्ताह के विविध कार्यक्रमों में स्थानीय जन प्रतिनिधियों की सहभागिता भी रहेगी। सीएम योगी द्वारा सभी मंत्रियों को अपने प्रभार वाले जिलों में आयोजित हो रहे इन कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के निर्देश दिए गए हैं। 21 जून के मुख्य समारोह को सभी 58 हजार ग्राम पंचायतों और 762 नगरीय निकायों में आयोजित किया जाएगा। प्रदेश के सभी 14 हजार वार्डों में योगाभ्यास के लिए पार्षदों के माध्यम से स्थान चिन्हित कराए जाएंगे। वहींए स्वयंसेवी संस्थाओं, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों, धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं, योग संस्थानों, एनसीसी कैडेट, स्काउड एंड गाइड और एनएसएस स्वयंसेवकों को योग दिवस से जोड़ा जाएगा जबकि 20 जून को नगर विकास, ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज विभाग स्थानीय शिक्षण संस्थानों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए स्वच्छता का विशेष अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम स्थलों की सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस बल की सतत पेट्रोलिंग भी सुनिश्चित की जाएगी।

भाजपा के नौ वर्षों के शासन काल में महाशक्ति बना है भारतः पाठक

● भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में 2024 में यूपी फतह करने का संकल्प

संवाददाता। संडीला(हरदोई)

उपस्थित ब्रजेश पाठक को सम्मानित करते भाजपा के जनप्रतिनिधि

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 9 वर्षों के शासनकाल में भारत काफी बदल चुका है। अब वह विश्व की एक महाशक्ति है जिसके विचार सारा संसार गंभीरता से सुनता है। स्थानीय भगवानबुद्ध इंटर कॉलेज में आयोजित भाजपा के सेवा सुसाशन और गरीब कल्याण के 9 वर्ष पूर्ण होने पर बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अशोक अग्रवाल ने कहा कि पिछली सरकारों में धर्म और जाति के आधार पर विकास कार्य होते थे जबकि भाजपा के शासनकाल में कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी को मिलता है। इसी अवसर पर बालामऊ के विधायक रामपाल वर्मा, संडीला की विधायक अल्का अर्कवंशी तथा मिश्रिख के सांसद अशोक रावत को क्षेत्र में कराए गए विभिन्न विकास कार्यों के विषय में विस्तार से बताया। उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि 9 वर्षों के भाजपा के साशन काल में देश पूरी तरह बदल चुका है। उन्होंनें कहा कि एक समय था जब आतंकवादी भारत में घुसकर अपनी आतंकवादी गतिविधियों का संचालन करके बच निकलते थे लेकिन मोदी जी के साशन काल में हमने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों पर प्रहार किया और हमारे एक पाइलेट को जो किसी कारणवश पाकिस्तान में उतर गया था उसे दूसरे ही दिन पाकिस्तान को हमें सौंपना पड़ा। उन्होंनें रूस यूक्रेन युद्ध में भारत के छात्रों को सुरक्षित देश में वापस लाने समेत अन्य कई उदाहरण भी गिनाए। उन्होंनें कहा कि योगी जी के नेतृत्व में देश में जो विकास कार्य हुए हैं वह अतुलनीय हैं। विद्युत आपूर्ति में सुधार के साथ प्रत्येक गांव में ग्राम प्रधान का कार्यालय, केन्द्र और प्रदेश की समस्त योजनाओं का लाभ ग्राम स्तर पर, 90 प्रतिशत प्राथमिक विद्यालयों को प्राइवेट विद्यालयों से बेहतर बनाया गया है। प्रत्येक जनपद में एक मेडिकल कॉलजे तथा नर्सिंग कॉलेज की स्थापना कराई गई है। उन्होंनें कहा कि आज प्रदेश गुंडे, बदमाश और माफिया से मुक्त हो गया है। गुंडों के विरुद्ध 25000 मुकदमे दर्ज कराए गए हैं। आज एक भी माफिया सक्रिय नहीं है। उन्होंनें कहा कि भाजपा देश की एकमात्र पार्टी है जहां परिवारवाद नहीं है। भाजपा का कोई भी कार्यकर्ता किसी भी पद पर अपने परिश्रम और लगन के बल पर पहुंच सकता है। उन्होंनें कहा कि सपा के कार्यकाल में एक परिवार से 18 जनप्रतिनिधि निकलते थे जबकि अब ऐसा बिल्कुल नहीं है। उन्होंनें कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले रामभक्तों के बलिदान की प्रतीक राम मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा। उन्होंनें कहा कि यही कारण है कि सारे देश और प्रदेश में भाजपा की लहर चल रही है और उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर भाजपा विजय प्राप्त करेगी। इस अवसर पर विधायक आशुतोष सिंह आशू, मिश्रिख के विधायक रामकृष्ण भारगव के अलावा वरिष्ठ भाजपा नेत्री संतोष अस्थाना, कुंवर वीरेन्द्र सिंह, विशुनदयाल शुक्ला, अतुल तिवारी समेत तमाम स्थानीय नेतागण मौजूद थे।

एडीएम नगर की अध्यक्षता में बाल श्रम उन्मूलन जनपद समिति व टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

संवाददाता। बरेली

अपर जिलाधिकारी नगर डॉ0 आर0डी0 पाण्डेय की अध्यक्षता में आज बाल श्रम उन्मूलन जनपद समितिध्टास्क फोर्स की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर ने 05 हॉट-स्पॉट कुल चिन्हित कामकाजी बच्चे 50 को पुनः सत्यापन विभाग के श्रम प्रवर्तन अधिकारियों के माध्यम से कराये जाने के निर्देश दिये, जिससे पुष्टि हो सके कि वह बच्चे निरन्तर विद्यालय में पढ़ रहे हैं।

उन्होंने निर्देश दिए कि शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार दिनांक 30 जून, 2023 तक विशेष बाल श्रम चिन्हांकन एवं पुनर्वासन अभियान चलाया जाएगा तथा सरकारी भवनों, तहसीलों के आसपास ढाबों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड आदि जगहों पर अभियान चलाकर बाल श्रमिक नियोजित करने वाले दुकानदारों व सेवायोजकों के विरूद्व बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम-2016 के अन्तर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जाये।प्रभारी सहायक श्रमायुक्त ने अवगत कराया कि यूनीसेफ एवं श्रम विभाग के समन्वय से संचालित नया सवेरा योजना के अन्तर्गत जनगणना वर्ष-2011 के आंकडों के अनुसार अधिक कामकाजी बच्चे वाले हॉट-स्पॉट ग्रामोंध्वार्ड को बाल श्रम मुक्त घोषित करना और कामकाजी बच्चों का शैक्षिक व बौद्विक विकास करके उन्हें समाज की मुख्य धारा में जोड़ने हेतु बिथरी चौनपुर ब्लाक के ग्राम उडला जागीर एवं चन्द्रपुर बिचपुरी एवं शहरी वार्ड सहसवानी टोला, मॉडल टाउन एवं बानखाना को बाल श्रम मुक्त घोषित कराते हुए बच्चों को शिक्षा की धारा से जोड़ा गया है। मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 सरकार की 05 वर्षीय कार्य योजना के अन्तर्गत लक्षित किये गये ब्लाक बिथरी चौनपुर के ग्राम 02 व शहरी वार्ड 03 कुल 05 हॉट-स्पॉट जिनको की ग्राम बाल संरक्षण समिति, विद्यालय प्रबंधन समिति व ब्लाक बाल संरक्षण समिति द्वारा पूर्व में बाल श्रम मुक्त घोषित किया जा चुका है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री जग प्रवेश, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, अध्यक्ष बाल श्रम कल्याण समिति, सी0ओ0, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, चाइल्ड लाइन, जिला प्रोबेशन अधिकारी, प्रभारी सहायक श्रमायुक्त, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, बाल श्रम उन्मूलन जनपद समिति, बरेलीध्टास्क फोर्स के सदस्य, नया सवेरा के डीटीआरपी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

टेनी ने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण

● मेडिकल कालेज निर्माण व्यापक जनहित की परियोजनाए जिले में मेडिकल कालेज के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही सरकारः टेनी

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

शनिवार को विकास तीर्थ अवलोकन कार्यक्रम के तहत केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने विधायक सदर योगेश वर्माए डीएम महेंद्र बहादुर सिंहए सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर प्रगति जानी और संबंधित को जरूरी निर्देश दिए।

सर्वप्रथम केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने विधायक सदरए डीएमए सीडीओ संग निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज परिसर में स्थापित मेडिकल कॉलेज की व्यू कटर-थ्रीडी मॉडल देखा और कार्यदाई संस्था के उत्तरदाई अफसरों से जानकारी हासिल की। केंद्रीय मंत्री ने डीएम के साथ निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज परिसर समेत डॉक्टर एवं नर्सेज रेजिडेंस परिसर का स्थलीय निरीक्षण कर फेजवार प्रगति जानीए संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। मंत्री ने मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्य व गुणवत्ता के संबंध में जानकारी ली। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेडिकल कालेज का निर्माण कार्य समयबद्ध व गुणवत्ता पूर्ण ढंग से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। मंत्री के पूछने पर कार्यदाई संस्था के ईई ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के एकेडमिक ब्लॉक का 90 फीसदी कार्य पूर्ण हो चुका है। फिनिशिंग का कार्य प्रगति पर है। वही इस परिसर का कार्य 60 फीसदी पूरा है। युद्ध स्तर पर काम जारी रखते हुए माह अक्टूबर 2023 तक जी प्लस थ्री पूरा कर लिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने मेडिकल कॉलेज अप्रोच रोड के निर्माण पर भी मंथन किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मेडिकल कालेज निर्माण परियोजना व्यापक जनहित की हैं। सरकार जिले में मेडिकल कालेज के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। यह शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। निर्माणाधीन मेडिकल कालेज का निर्माण कार्य मिशन मोड में तय समय में हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की मंशा है कि जिले में निवास करने वाले व्यक्तियों को उनके गृह जनपद में इलाज की समुचित व्यवस्था उपलब्ध करायी जाए। इसके लिए प्रदेश के जिन जनपदों में मेडिकल कालेज की सुविधा नहीं हैए वहां पर मेडिकल कालेज का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निरीक्षण के उपरांत केंद्रीय मंत्री में मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज के फर्स्ट पेज का कार्य अक्टूबर 2023 तक पूरा हो जाएगा। एकेडमिक भवन का 90 फीसदी कार्य पूर्ण हो चुका है। माह जुलाई 2023 में सत्र एवं कक्षाएं शुरू करने के लिए पेपर वर्क पूरा किया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज के द्वितीय फेज का कार्य छह से सात माह के भीतर लक्ष्य लेकर पूरा हो जाएगा।

घर बुलाकर महिला से रेप बेटी से भी दुराचार का प्रयास

संवाददाता। बरेली

एक युवती ने महिला से दोस्ती के बाद उसको अपने घर बुलाया और कई लोगों ने वहां पर महिला के साथ रेप किया व वीडियो फिल्म भी बना ली आरोपी के भाई ने महिला की बेटी से भी दुराचार प्रयास किया घर बुलाकर कर धर्म परिवर्तन का प्रयास किया महिला ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्द करा दी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बारादरी थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाली महिला ने कैंट थाना क्षेत्र के नकटिया निवासी इरम सैफी उसके भाई बाबू सैफी व कई अन्य लोगों के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि लगभग 3 महीने पहले इरम सैफी से उसकी जान पहचान हो गई वह उसके घर जाने आने लगी जहां पर कई लोगो ने उसके साथ रेप किया और वीडियो फिल्म भी बना ली इसे वायरल करने की धमकी दी जिसके चलते उसने विरोध नहीं किया कुछ दिन पहले इरम का भाई बाबू सैफी महिला के घर गया और उसकी 12 साल की बेटी के साथ दुराचार का प्रयास किया विरोध करने पर उसने महिला को धमकी दी कि उसकी बेटी का अपरहण कर लेगा लेकिन महिला ने कोई कार्रवाई नहीं की कुछ दिन पहले महिला और उसकी बेटी इरम और उसके भाई ने अपने घर बुलाया जहां पर एक मौलवी के सामने उसका धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश की गई विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई और कपड़े भी फाड़ दिए किसी तरह महिला और उसकी बेटी मौका देखकर वहां से भाग कर नकटिया पुलिस चौकी पहुंची महिला ने घटना की शिकायत पुलिस से की पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी आरोपी फरार बताए जाते हैं।

क्विक न्यूज

ट्रक की टक्कर से कार सवार कई लोग घायल

बरेली। तेजी से आ रहे एक ट्रक ने कार को टक्कर मार दी जिससे कार बेकाबू होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी और उसमें सवार सभी लोग चोटिल हो गए उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला ट्रक फरार हो गया।फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव रूकम पुर में आज सुबह हुई सड़क दुर्घटना में लखनऊ के आशियाना निवासी टेंट कारोबारी रमन सोनी उनके बहनोई धीरज रस्तोगी बहन रूबी उसका बेटा शुभम रस्तोगी 7 लोग घायल हो गए घटना के समय धीरज रस्तोगी कार चला रहे थे घायलों ने बताया कि वह सभी हरिद्वार जाने के लिए कल शाम को लखनऊ से चले थे लेकिन फतेहगंज पश्चिमी के रुकम पुर गांव में उनकी कार को पीछे से आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मारी जिससे कार बेकाबू होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई और उसमें बैठे सभी लोग घायल हो गए दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला ट्रक फरार हो गया स्थानीय लोगों ने कार में फंसे सभी लोगों को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया

सड़क दुर्घटना में ग्रामीण की मौत दो घायल

बरोली। रिश्तेदार के अंतिम संस्कार से वापस लौट रहे ग्रामीण की रास्ते में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई उसके साथ बाइक पर बैठे दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।पीलीभीत के जहानाबाद थाना क्षेत्र के गांव हैदरगढ़ निवासी ओमप्रकाश पुत्र फतेह चंद कि आज सुबह देवरनिया थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई मृतक के परिजनों ने बताया कि ओमप्रकाश परिवार के साथ दिल्ली में रहता था वह देवरनिया निवासी एक रिश्तेदार के निधन के बाद अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए आया था जहां पर वह गांव के ही रहने वाले अपने दोस्त देव कुमार और हर नाम के साथ से अंतिम संस्कार में शामिल होने गया था जहां से वापस लौटते समय पीछे से आ रहे एक ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे बाइक पर सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए दुर्घटना के बाद ट्रक फरार हो गया स्थानीय लोगों की सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल ले जाने की कोशिश की लेकिन तब तक ओमप्रकाश की मौत हो चुकी थी पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और मृतक के शव को जिला अस्पताल भेज कर उसके घरवालों को सूचना दी जो जिला अस्पताल पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

बरेली। मोटरसाइकिल सवार एक युवक को तेजी से आ रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी उसकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।कस्बा व थाना भमोरा निवासी राजपाल के बेटे उमेश की कल शाम क्योंलड़िया अलीगंज मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि उमेश शाम को मोटरसाइकिल लेकर क्योंलड़कियां निवासी अपने किसी परिचित से मिलने के लिए घर से निकला था लेकिन अलीगंज मार्ग पर तेजी से आ रहे ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई और टक्कर मारने वाला ट्रैक्टर फरार हो गया सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दीपक के घर वालों को सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने की आत्महत्या

बरेली। पिता की डांट से नाराज एक युवक ने घर से कुछ ही दूरी पर ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी ।सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव बल्ला कोटा निवासी लालता प्रसाद के 20 वर्षीय बेटे जितेंद्र ने कल शाम पंखा पुल और परसाखेड़ा के बीच रेलवे लाइन पर ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि कल शाम को जितेंद्र प्रसाद का घर वालों से किसी बात पर विवाद हो गया तब पिता ने जितेंद्र प्रसाद की डांट लगा दी इसके बाद वह घर से बाहर चला गया और लगभग 4 बजे उसने शंखा पुल और परसाखेड़ा के बीच चलती ट्रेन के आगे छलांग लगा दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई घटना के बाद स्थानीय लोगों ने रेलवे लाइन पर उसके शव को देखा और पुलिस को सूचना दी कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की जेब से मिले मोबाइल फोन से उसके घर वालों को सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

ग्रीन फील्ड डिग्री कालेज में 104 छात्र-छात्राओं को वितरित किए गए टैबलेट

सीतापुर। सीतापुर के नवीन चौक स्थित ग्रीन फील्ड डिग्री कालेज में छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किए गए। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डाक्टर अशोक बाजपेई ने एमए द्वितीय वर्ष अंग्रेजी एंव गृह विज्ञान के 104 छात्र-छात्राओं को टैबलेट प्रदान किए। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि जयनारायण तिवारी, नायब तहसीलदार सीतापुर विदेश सिंह, गया प्रसाद मिश्रा, अरुण बाजपेई, एसओ रामकोट संजीव कुशवाहा, सुधीर कुमार अवस्थी, दीपक सिंह, अरविंद मिश्र, सफीक अंसारी, पुनीत गप्ता, अभिषेक चौरिसिया, छाया मिश्रा, प्रतीक शुक्ला, सूरज कश्यप, आशीष अवस्थी आदि मौजूद रहे।

भाजपा सरकार में संचालित सभी योजनाओं का लाभ जरुरतमदों को रहा मिलः मनीष रावत

सीतापुर। नगर सिधौली के भाजपा कार्यालय पर टिफिन सहभोज के दौरान सिधौली विधायक मनीष रावत ने केन्द्र सरकार की नव वर्षों की उपलब्धियों का बखान किया। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जो योजनाएं संचालित हो रही उन सभी योजनाओं का लाभ जरुरतमदों को मिल रहा है। विधायक ने हर घर जल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक एंव विधान सभा क्षेत्र प्रभारी राजेश शुक्ला, भाजपा मंडल अध्यक्ष सिधौली राकेश पांडेय, पुष्कर गुप्ता, सुधीर सिंह, मनोज गौसेवक, आलोक त्रिपाठी, श्रवण कुमार, अतुल तिवारी, महिला नेत्री निशा रावत, आरती रावत, सीमा सोनी, अनीता शर्मा सहित भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नेहरू युवा केंद्र संगठन के तत्वावधान में मिलेट्स फूड मेले का आयोजन

लखीमपुर खीरी। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के स्वायत्तशासी संगठन नेहरू युवा केंद्र संगठन लखीमपुर खीरी के तत्वावधान में जिला पंचायत सभागार में मिलेट्स फूड मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने दीप जलाकर स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इस मौके पर केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने कैच इन रैन पोस्टर का विमोचन किया। मेले में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने उद्बोधन में कहा कि 2023 में भारत के आह्वान पर यूएनओ की ओर से घोषित विश्व में 72 देश इंटरनेशनल ईयर आफमिलेट्स.2023 मना रहे हैं। भारत भी इसमें बढ़चढ़कर हिस्सा ले रहा है। जिसकी अगुवाई हमारे प्रधानमंत्री जी कर रहे हैं। यह हम सबके लिए गर्व की बात है। उन्होंने मोटा अनाज को स्वास्थ्य के लिए सर्वोत्तम बताया। कहा कि मोटा अनाज के सेवन से कई बीमारियों से बचा जा सकता है। मोटा अनाज जौए मक्काए ज्वारए बाजराए रागी का मिक्स आटा बनाकर नियमित सेवन करना चाहिए। इससे शरीर में आयरनए कार्बोहाइड्रेटए फाइबर की पूर्ति होती है। इसके साथ ही शुगरए वजनए मोटापाए ब्लड.प्रेशर कोलेस्ट्राल भी नियंत्रित रहता है।

पुरानी पेंशन बहाली व निजीकरण भारत छोड़ो यात्रा पहुंची बरेली

बरेली। अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में 1 जून 2023 को चंपारण बिहार से प्रारंभ हुई पुरानी पेंशन बहाली एवं निजीकरण भारत छोड़ो यात्रा के कल शाम बरेली पहुची। कल सुबह 9:00 बजे यात्रा इज्जत नगर से शुरू हुई तथा हजारों की संख्या में शिक्षक कर्मचारियों ने यात्रा में प्रतिभाग करते हुए पुरानी पेंशन बहाली की मांग को बुलंद किया। विजय कुमार बंधु ने सेठ दामोदर पार्क एकत्रित हुए। हजारों शिक्षक कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप मेरा यूं ही साथ देते रहें। 2024 के चुनाव से पहले केंद्र सरकार को पूरे देश में पुरानी पेंशन बहाल करनी होगी। यात्रा को बरेली के लगभग 20 से अधिक स्थानीय शिक्षक एवं कर्मचारी संगठनों ने अपना समर्थन दिया। यात्रा को सफल बनाने हेतु सफल बनाने में अटेवा के बरेली मंडल अध्यक्ष जगदीश गंगवार, उपाध्यक्ष सुनील यादव एवं संगठन मंत्री भूप सिंह ने आभार जताया। जिलाध्यक्ष पटेवा मनीष गंगवार ने सभी संगठनों के पदाधिकारियों मुख्य रूप से रेलवे के रजनीश पांडे शिक्षक महासभा कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ तकनीकी शिक्षा चिकित्सा शिक्षा नर्सिंग स्टाफ बरेली कॉलेज शिक्षक कर्मचारियों का आभार प्रकट किया तथा अपनी पूरी टीम ब्लॉकों के अध्यक्षों महामंत्री उपाध्यक्ष कोषाध्यक्ष आदि की भी प्रशंसा की।

उप्र माटी कला बोर्ड ने टूल-किट्स का किया वितरण

बरेली। उप्र माटी कला बोर्ड द्वारा संचालित माटीकला टूल-किट्स वितरण योजना के अन्तर्गत निःशुल्क माटी कला विद्युत चालित चाकों का वितरण मुख्य अतिथि माननीय सांसद श्री संतोष गंगवार एवं विशिष्ट अतिथि माननीय विधायक कैण्ट श्री संजीव अग्रवाल के कमलों द्वारा महावीर जैन मंदिर निकट संजय कम्युनिटी हॉल में सम्पन्न हुआ। माननीय सांसद श्री संतोष गंगवार ने माटी कला का कार्य रहे कारीगरों एवं शिल्पियों को माटी कला के उपयोग एवं इससे होने वाले अनेकानेक लाभों के बारे में बताया तथा परम्परागत मिट्टी की वस्तुओं को बनाने के लिए प्रयोग किये जाने वाले पुराने पत्थर के चाक के स्थान पर नये विद्युत चालित चाक का उपयोग कर अधिक से अधिक उत्पादन कर लाभ अर्जित करने के लिए उपस्थित कारीगरों एवं शिल्पियों को प्रोत्साहित किया ताकि कम श्रम एवं अधिक उत्पादन होने से आमदनी में बढ़ोतरी हो सके।

जिलाधिकारी ने फरियादें सुनकर समस्या निस्तारण को भेजी पुलिस व राजस्व टीमें

थाना समाधान दिवस

● खीरी, सदर कोतवाली में डीएम ने सुनी समस्याएंए दिए निस्तारण के निर्देश

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिसए प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एडीएम संजय सिंह, एएसपी नेपाल सिंह के संग थाना खीरी एवं सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ थाना कोतवाली सदर में आयोजित थाना समाधान दिवस पहुंचेए जहां दोनो अफसरों ने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी। समाधान दिवस थाना खीरी में डीएम ने कहा कि राजस्व.पुलिस से संबंधित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएमए तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। उन्होनें शिकायत पंजिका का निरीक्षण कर निस्तारित शिकायतों के बाबत स्वयं दूरभाष पर शिकायतकर्ताओ से बात कर उनका सत्यापन कर जानकारी ली कि वह शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता से सहमत है। इस मौके पर नायब तहसीलदार श्रीष त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक मौजूद रहे। इसके बाद डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व सीडीओ अनिल कुमार सिंह थाना कोतवाली सदर पहुंचे, जहां पर मौजूद फरियादियों को समस्याओं मौके पर सुना तथा संबंधित का यथाशीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

आज पांच प्रदेश कल पूरा देशः विजय बंधु

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

● पुरानी पेंशन लागू होने से पहले यह आंदोलन नहीं रुकेगाः विजय बंधु

● विजय बंधु ने मैगलगंज की धरती पर पुरानी पेंशन के लिए हुंकार भरी

अटेवा लखीमपुर के जिला संयोजक विश्वनाथ मौर्य की अगुवाई में अटेवा लखीमपुर की पूरी टीम हजारों की संख्या में विभिन्न विभागों के पेंशन विहीन साथियों ने सीतापुर मैगलगंज सीमा से रथ यात्रा का भव्य स्वागत अभिनंदन किया। अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष एवं एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु और रथ यात्रा में शामिल सभी पदाधिकारियों का अटेवा लखीमपुर ने फूल माला से भव्य स्वागत किया। पैदलए मोटरसाइकिल एवं फोरव्हीलर गाड़ियों के भारी हुजूम के साथ रथ यात्रा मैगलगंज के गुरु अर्जुनदेव पब्लिक स्कूल में पहुंची जहां रास्ते में भी कई स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। ज्ञातव्य है कि पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर 1 जून 2023 को बिहार के ऐतिहासिक स्थल चंपारण से अटेवा प्रदेश अध्यक्ष एवं एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में एनपीएस निजीकरण भारत छोड़ो रथ यात्रा का प्रारंभ हुआ जोकि 8 जून 2023 को खीरी जनपद के मैगलगंज आई है। कई विभागों के पेंशन विहीन हजारों कर्मचारी एवं शिक्षक गुरु अर्जुन देव पब्लिक स्कूल मैगलगंज में इकट्ठा हुए। पुरानी पेंशन बहाल हो, निजीकरण भारत छोड़ो, बंधु तुम संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ हैं, पुरानी पेंशन बहाल करो बाहर करो बहाल करो, विजय बंधु जिंदाबाद जिंदाबाद के गगनभेदी नारों से पूरा कार्यक्रम स्थल गूंज रहा था। विजय कुमार बंधु ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आपके हमारे वोट से पुरानी पेंशन पा रहे माननीयों को आपको हमें भी पुरानी पेंशन देना होगा अन्यथा हिमाचल प्रदेश एवं कर्नाटक की तरह अन्य प्रदेश एवं 2024 में पूरे देश से यह नेता भूतपूर्व हो जाएंगे। विजय बंधु ने कहा कि भारत सरकार जितनी जल्दी हो सके पुरानी पेंशन देते हुए निजीकरण पर रोक लगाएं। मौजूदा समय में 5 प्रदेशों में पेंशन लागू कर दी गई है। संगठन पूरे देश में पुरानी पेंशन बहाल करवाएगा। विजय कुमार बंधु ने कहा कि जिस तरह से पेंशन विहीन साथी आंदोलन से जुड़ रहे हैं उससे तय है हम सब भविष्य में पेंशन वाली सरकार ही चुनेंगे। विजय बंधु ने पेंशन आंदोलन और रथ यात्रा को इतना भारी समर्थन मिलने पर हर्ष के साथ आशा व्यक्त की है कि हम जल्दी ही पुरानी पेंशन की लड़ाई आप सभी के साथ सहयोग और आंदोलन से जीत लेंगे। इस अवसर पर प्रदेश संगठन मंत्री संदीप वर्मा, जिला संयोजक विश्वनाथ मौर्य, जिला सहसंयोजक ओम प्रकाश, जिला महामंत्री मनोज वर्मा, संगठन मंत्री अमित शुक्ला, मंत्री बलवीर सिंह यादव, मंत्री लक्ष्मीनारायण, कमल मौर्य, मंत्री आशीष प्रताप श्रीवास्तव, प्रवक्ता प्रमोद वर्मा, प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी शशिकांत, रजनीश वर्मा, छैल बिहारी मिश्र, प्रभाकर शर्मा, आरिफ, विजयपाल अजयपाल पंकज वर्मा चंद्रप्रकाश, सौरभ, अपनेश राममिलन निर्मल चतुर्वेदी रूपसिंह विजय प्रभाकर रामानुज वर्मा बृजेंद्र प्रताप कैलाश शंकर, सुधीर वर्मा, नवल गिरी आदि हजारों की संख्या में पेंशन विहीन शामिल रहे।

कोतवाली में हुआ थाना सम्पूर्ण समाधान दिवस

संवाददाता। गोला गोकर्ण नाथ खीरी

थाना सम्पूर्ण दिवस पर लोगों ने अपनी समस्याओ को लेकर मौजूदा प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया। इस अवसर पर सात शिकायतें आईए मौके पर पांच फरियादियों की समस्या का निस्तारण किया गया। दो निस्तारणों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये कि जल्द जल्द से निस्तारित कर रिपोर्ट थाने मे अवगत कराये।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी गोला रत्नाकर मिश्राए क्षेत्राधिकारी गोला राजेंद्र प्रसादएथाना प्रभारी गोला सुनील कुमार दुबेएक्राइम इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार यादव ए एवं कई उपनिरीक्षक संग तहसील कर्मी उपस्थित रहे।थाना सम्पूर्ण दिवस पर लोगों ने अपनी समस्याओ को लेकर मौजूदा प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया। इस अवसर पर सात शिकायतें आईए मौके पर पांच फरियादियों की समस्या का निस्तारण किया गया। दो निस्तारणों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये कि जल्द जल्द से निस्तारित कर रिपोर्ट थाने मे अवगत कराये।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी गोला रत्नाकर मिश्राए क्षेत्राधिकारी गोला राजेंद्र प्रसादएथाना प्रभारी गोला सुनील कुमार दुबेएक्राइम इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार यादव ए एवं कई उपनिरीक्षक संग तहसील कर्मी उपस्थित रहे।

नौ वर्षों में मोदी सरकार ने स्थापित किए नये कीर्तिमानः प्रकाश पाल

● धर्म के साथ साथ-साथ विकास के मुद्दे पर होगा लोकसभा चुनावः साध्वी

संवाददाता। फतेहपुर

शहर के महर्षि विद्या मंदिर के प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी की ओर से केंद्र की मोदी सरकार के सफलतापूर्वक नौ वर्ष पूर्ण होने पर चलाये जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित अतिथियों के साथ ही केंद्रीय राज्यमंत्री ने केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों का बखान किया। जिले में कराये जा रहे कार्यों को भी प्रस्तुत कर बताया गया कि सीवर लाइन पर कार्य योजना तैयार है। जल्द ही इस पर कार्य शुरू होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिले की सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने हिस्सा लिया। प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में बड़ी संख्या में भाजपाई मौजूद रहे। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्री पाल ने कहा कि पूर्व की सरकारें देश वासियों को विकास से दूर रख निज परिवारों को विकसित करने में लगीं थीं। जबकि वर्तमान मे नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नौ वर्षों से चल रही सरकार ने नित नये कीर्तिमान स्थापित किए हैं। आज जहां भगवान श्री राम का भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है वहीं काशी विश्वनाथ कारीडोर की दिव्यता का कोई सामी नहीं है। अब वह दिन दूर नहीं जब श्री कृष्ण जन्मस्थली पर भी भव्यता नजर आयेगी। श्री पाल ने कहा कि आज जम्मू काश्मीर से धारा 370 व 35 ए को हटाकर एक ऐसा संकल्प पूर्ण हुआ है जो हमारे लिए किसी कलंक के समान था। जिसको लेकर महापुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को बलिदान तक देना पड़ा। देश आज सामरिक दृष्टि से काफी मजबूत है। वहीं आन्तरिक सुरक्षा, रोजगार, शिक्षा, स्वावलंबन के साथ आगे बढ़ रहा है। सांसद व केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि नीति आयोग की सूची में फतेहपुर जनपद 112 नंबर पर था। केन्द्र सरकार ने इसे महत्वाकांक्षी जिलों में शामिल किया और आज विकास की ऊंचाई पर अपना यह जनपद पांचवे स्थान पर आ गया है।

सी एस सी अकादमी ने 57 छात्रों को बांटे दिव्यांग प्रमाणपत्र

फर्रुखाबाद । श्री विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा संचालित एशियन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट में कॉमन सर्विस सेंटर द्वारा चलाए जा रहे प्रशिक्षण के उपरांत दिव्यांग छात्र छात्राओं को आज प्रमाण पत्र वितरित किए गए योजना के अंतर्गत जोगराज स्ट्रीट स्थित एशियन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट पर हाउस कीपिंग अटेंडेंट का प्रशिक्षण प्रदान किया गया था, संस्था के निदेशक सुरेन्द्र पाण्डेय ने कहा की इस योजना में प्रतिभाग करने वाले 60 में से 57 सफल छात्र छात्राओं को सरकार द्वारा रुपए 5000 की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। संस्था की प्रबंध निदेशक आकांक्षा सक्सेना ने बताया कि हमारे संस्थान में इस प्रकार की सरकारी योजनाओं का आयोजन समय समय पर होता रहता है, जिसके माध्यम से छात्र आत्मनिर्भर बन सके । गुलअफ्रोज, हिमांशु सक्सेना, शोभा वर्मा, दीपाली, आलोक, रिंकी, राजनेश, अजहर, दीपक, संजीव, नेम कुमार, चंद्रपाल, नसरीन, अनिल, छाया, शिवानी, राजू, सत्याक्षी, लक्ष्मी, अरविंद, सोनी आदि मौजूद रहे।

कैम्प का उद्देश्य स्वस्थ भारत-श्रेष्ठ भारत के सपनों को साकार करना : बाबूराम निषाद

संबाददाता। हमीरपुर

स्थानीय पेट्रोल पंप के पास आज राज्य सभा सांसद बाबूराम निषाद की अध्यक्षता में सांसद स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया। इस मौके पर एक सैकड़ा मरीजों का उपचार कर उनको दवा वितरित की गयी। सांसद ने कहा कि कैम्प आयोजन करने का मतलब स्वस्थ भारत श्रेष्ठ भारत के सपनों को साकार करना है। मोदी जी की मंशा है कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ विचार आते है। उन्होने कहा कि हर भारतवासी के दरवाजे पर स्वास्थ्य सेवाएं सहजता से मिले इस उद्देश्य के साथ हर जगह कैम्प लगाये जा रहे है। कैम्प में सीएमओ डा.रामअवतार ने दूर दराज से आये मरीजों को स्वस्थ रहने के टिप्स दिये। चिकित्सक डा.सीवी गुप्ता,डा.अनीता राज ने मरीजों का बीपी,सुगर का चेकअप किया और दवा देकर स्वस्थ रहने के लियेप्रेरित किया। यह कैम्प दस बजे से चार बजे तक आयोजित किया गया।जिसमे एक सैकड़ा मरीजों कै उपचार किया गया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ब्रजकिशोर गुप्ता,अशोक तिवारी,बेद प्रकाश आर्य,रंजीत ,विकास, मानवेंद्र,दुर्गेश ,लक्ष्मी रतन साहू,भैयालाल समेत कई लोग मौजूद रहे।

सोशल मीडिया में चलायी गयी खबर, पायी गयी फर्जी

मौदहा, हमीरपुर। प्रधान संगठन तथा एनजीओ अध्यक्ष के मामले ने अब तूल पकड़ लिया जिसमें एनजीओ अध्यक्ष की तरफ से ग्राम प्रधान भैंसमरी पर मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार के खिलाफ चलायी गयी खबर जांच में गलत पायी गयी।गांव के अमृत सरोवर योजना के तहत गांव में स्थित तालाब का सुंदरीकरण एवं जीर्णोद्धार कराया जाना है। तालाब में तीन आगणन बनाये गये थे। जिसमें राज्य वित्त, केंद्रीय वित्त तथा मनरेगा योजना शामिल हैं। तालाब के चारो ओर बड़े बड़े झांड़ मौजूद हैं जिसमें जहरीले कीड़े आदि की संभावना से मजदूर सफाई करने से कतरा रहे हैं ।

रनियॉ थाने में डीएम व एसपी ने फरियादियों की शिकायतों का किया मौके पर निस्तारण

कानपुर देहात। शनिवार को समाधान दिवस के अवसर पर डीएम नेहा जैन व एसपी बीबीजीटी एस मूर्ति ने जनपद के रनियॉ थाने में लोगों की समस्याओं को ध्यान से सुना तथा अधीनस्थों को मौके पर जाकर शिकायत के निस्तारण के निर्देश दिये। जनपद के अन्य थानों पर भी सीओ, प्रशासनिक अधिकारियों व थानाध्यक्षों ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। शनिवार को जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस आयोजित किया गया। रनियॉ थाने में डीएम नेहा जैन व एसपी बीबीजीटी एस मूर्ति ने फरियादियों की समस्याओं को ध्यान से सुना तथा अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये, जनपद के अकबरपुर, डेरापुर, भोगनीपुर, रूरा, मॅगलपुर, रसूलाबाद, देवराहट, अमराहट, सट्टी, गजनेर, शिवली, सिकन्दरा थानों में भी समाधान दिवस का आयोजन किया गया, क्षेत्राधिकारी सहित थाना प्रभारी व राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों ने मौजूद रहकर लोगों की समस्याओं को सुना तथा निस्तारण के निर्देश दिये।

दस दिन बाद बलात्कार करने वाला पुलिस ने किया गिरफ्तार

फर्रुखाबाद । होटल में बुलाकर महिला को नशीला पदार्थ खिला उसके साथ बलात्कार करनें के आरोपी को पुलिस नें शनिवार को गिरफ्तार कर लिया । दरअसल बीते 1 जून को थाना राजेपुर के एक गाँव निवासी महिला नें शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था जिसमे कहा कि बीते 4 साल पूर्व वह दिगी में रह रही थी। उसकी दोस्ती फेसबुक पर कानपुर नौबस्ता हनुमंत बिहार निवासी योगेन्द्र कुशवाह पुत्र राजेन्द्र कुशवाह के साथ हो गयी थी। आरोपी योगेन्द्र की आपत्ति जनक स्थितियों के कारण उसका नम्बर व्लाक कर दिया। जिसके बाद आरोपी नें अपनी बहन का नम्बर लिंक कराकर धमकी दी और कहा की उसके पास फोटो है जो वायरल कर देगा। जिसके चलते उसे शहर कोतवाली के रेलवे रोड़ स्थित होटल आनन्द में बुलाया और धोखे से नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ बलात्कार किया और आपत्तिजनक वीडियो भी बनाया। इसके बाद बनाया गये वीडियो से दबाब बनाकर पीड़िता के साथ दुष्कर्म करता रहा। उसने पीड़िता के नाम से फर्जी आईडी बनाकर उस पर आपत्ति जनक वीडियो शेयर किये। जो उसकी ससुराल वालों नें देखे। आरोपी लगातार धमकी भी दे रहा है ।शहर कोतवाली के निरीक्षक अपराध अशोक कुमार सिंह, दारोगा सुबोध यादव और उनकी टीम नें रेलवे रोड़ स्थित शनि मन्दिर के निकट से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पालिकाध्यक्ष ने सभासदों संग किया भ्रमण

संवाददाता। कोंच(जालौन)

नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता ने शपथ लेते ही घोषणा की थी कि हम अपने सभाषद साथियों के साथ नगर के वार्डों का भ्रमण करेंगें और वहां पर अपेक्षित निर्माण कार्यों को चिन्हित करेंगें जिन्हें नगर विकास में जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाएगा इसी संकल्प ध्येय के चलते दिन शनिवार को पालिकाध्यक्ष ने प्रात: वार्ड संख्या एक मुहल्ला गांधी नगर पूर्वी के सभाषद महेंद्र कुशवाहा एवं बार्ड संख्या 16 गोखले नगर सभाषद प्रतिनिधि नरेश कुशवाहा के साथ वार्ड का भ्रमण किया। जहां पर सफाई प्रकाश खराब हैडपम्प और विकास कार्यों को चिन्हित कर उनकी सूची बनाई वहीं बार्ड के निवासियों से भी मिलकर वार्ड में होने वाली असुविधाओं के बारे में जानकारी ली और उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि जल्द से जल्द समस्याओं का निराकरण कर दिया जाएगा भ्रमण के दौरान पालिकाध्यक्ष ने कहा कि बगैर भेदभाव के नगर का विकास किया जाएगा और हम सभी लोग माननीय प्रधानमंत्री के विजन सबका साथ सवका बिकास के साथ कार्य करेंगे पालिकाध्यक्ष की इस कार्यशैली को देखकर बार्ड वासियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

क्विक न्यूज

आबकारी टीम ने खागा क्षेत्र के गांवों में की छापेमारी

फतेहपुर। जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 निधि सिंह के नेतृत्व में खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरदों, काही व खैरई में आबकारी की टीम ने दबिश डालकर अवैध शराब व उपकरण बरामद करते हुए जहां लहन को नष्ट कराया। वहीं दो महिलाओं को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार आबकारी टीम शनिवार को खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरदों, काही व खैरई गांव पहुंची। टीम के पहुंचते ही अवैध शराब का कारोबार करने वालों के बीच हड़कंप मच गया। टीम ने दबिश के दौरान कुल 75 लीटर अवैध कच्ची शराब, उपकरण के अलावा 230 किग्रा लहन बरामद किया। लहन को मौके पर नष्ट कर दिया गया। टीम ने हरदों गांव से रनिया पत्नी श्रवण के पास से 45 लीटर शराब व 150 किलोग्राम लहन बरामद किया। वहीं खैरई गांव में सुनीता पत्नी लालचंद्र के पास से तीस लीटर अवैध शराब के अलावा 80 किलोग्राम लहन बरामद किया। टीम ने दोनों महिलाओं को गिरफ्तार करके उनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धारा में अभियोग कोतवाली खागा में पंजीकृत किया।

अवैध मोरंग मंडी पर चला चाबुक, आठ ट्रैक्टर पकड़े

अमौली/फतेहपुर। चांदपुर थाना क्षेत्र के अमौली कस्बा में वर्षों से सज रही अवैध ओवरलोड मोरंग मंडी पर प्रशासन ने चाबुक चलाया। यमुना तटवर्ती क्षेत्र से जुड़े होने के कारण मोरंग माफिया व प्रशासन की मिली भगत से अवैध मोरम का काला कारोबार फल फूल रहा है। प्रतिदिन कस्बा में दर्जनों ओवरलोड ट्रैक्टर बिना नंबर प्लेट के दौड़ते नजर आते हैं। इस कारोबार में लगे वाहन अमौली चौराहे से खजुहा जाने वाले मार्ग में खड़े दिखाई देते हैं। कुछ दिन पूर्व ही ओवरलोड हाई स्पीड ट्रैक्टर से नेउरी-जलालपुर निवासी शशिकांत तिवारी की पुत्री का दुर्घटना में निधन हो गया था लेकिन प्रशासन के कानून में जूं तक नहीं रेंगी। वर्षों से सज रही अवैध मोरम मंडी दिन-प्रतिदिन फल-फूल रही है, लेकिन समाचार पत्रों में निरंतर खबर प्रकाशित होने के कारण आज उप जिलाधिकारी बिंदकी के दिशा निर्देश पर नायब तहसीलदार रवि प्रजापति ने मौके पर पहुंच कर थाना प्रभारी चांदपुर शेर सिंह अमौली चौकी इंचार्ज संदीप तिवारी सहित दर्जनों पुलिस कर्मी मौके पर मौजूद रहे। जिस पर कार्रवाई करते हुए आठ ट्रैक्टर थाने की ओर ले गए। बाकी मुखबिर की सूचना पर दर्जनों ट्रैक्टर मौके से फरार हो गए। देखना यह होगा कि पकड़े गए ट्रैक्टरों पर क्या कार्रवाई होती है या फिर लगने वाली मोरंग मंडी पुनः संचालित होगी।

सपा जिलाध्यक्ष ने घोषित की जम्बो कमेटी

चित्रकूट। समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने पूर्व सांसद बाल कुमार सिंह पटेल की मौजूदगी में जम्बो जिला कमेटी गठित की है। उन्होंने कमेटी में छह उपाध्यक्ष व 15 सचिव नियुक्त किये हैं। उन्होंने कहा कि नगर पालिका चुनाव में सपा का वोट बढा है, जबकि सपा के सभी प्रत्याशी चुनाव हार गये हैं। शनिवार को सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने जिला कमेटी में उपाध्यक्ष मो गुलाब खा, मदन त्रिपाठी, मेघराज, नरेन्द्र कुमार, सियाराम गुप्ता, सीताराम कश्यप को बनाया है। महासचिव सत्यनारायण पटेल, कोषाध्यक्ष राजा सिंह यादव व सचिव गोपाल साहू, जयप्रकाश मोदनवाल, मनीष विश्वकर्मा, चन्दन सिंह कोरी, जागेश्वर यादव, संतराम पटेल, राजकिशोर विश्वकर्मा, रमेश यादव, सुरेन्द्र खंगार, राधेश्याम निषाद, कल्लूपाल, सुभाष पटेल, विजय गौतम, कमल यादव, राजबहादुर प्रजापति बनाये गये हैं। इसके अलावा कमेटी के सदस्य जुनैद अली, सचिन रस्तोगी, रामसुफल यादव, रामसनेही खंगार, संजय कुमार, हरी यादव, संदीप प्रजापति, संतोष कोटार्य, मंगल यादव, शंकरलाल वर्मा, गन्नू गुप्ता, सुभाष तिवारी, सुशील गुप्ता, शारदा पटेल, प्रिंस केशरवानी, रमेशचन्द्र, अवधेश जायसवाल, मुन्नालाल सोनकर, प्रभाष सविता, गौरीशंकर सोनी, अफजल अली, रामनरेश अग्रहरि, रितिक केशरवानी, विनीत कोटार्य, राकेश मिश्रा, हाजी रज्जन अली, सालिकराम कुशवाहा शामिल किये गये हैं। इस मौके पर पूर्व विधायक वीर सिंह, निर्भय सिंह पटेल, नरेन्द्र यादव, अमर पटेल आदि मौजूद रहे।

हनुमान मंदिर में विशाल भण्डारे का आयोजन

फतेहपुर। शहर के मुरैन टोला हनुमान मंदिर में राम गोपाल बड़े बाबू सेवानिवृत्त विकास भवन के नाती रोहित कर्दम 20 22 ऑल इंडिया रैंक 517 लाकर आईएएस परीक्षा उत्तीर्ण की पिता एस एल कर्दम पूर्व डीएसपी सेवानिवृत्त माता स्वर्गीय अनीता कर्दम रामगोपाल नाना ने रोहित कर्दम के आई ईएस बनने की खुशी पर आज हनुमान मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया रामगोपाल ने बताया कि भंडारा दोपहर से देर शाम तक जारी रहा भंडारे में पूड़ी सब्जी बूंदी का सर्वप्रथम भगवान बजरंगबली में भोग लगा कर के फिर प्रसाद वितरण किया गया।

जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने में अग्रणी रहे राधेश्याम : पटेल

● सेवानिवृत्त फार्मासिस्ट राधेश्याम को दी गई भावभीनी विदाई

चित्रकूट। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने सेवानिवृत्त चीफ फार्मासिस्ट राधेश्याम सिंह को सांसद आर के सिंह पटेल व सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी की मौजूदगी में विदाई दी। इस मौके पर समाजसेवी रामबाबू गुप्ता आदि मौजूद रहे। शनिवार को सीतापुर स्थित एक होटल में डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने विदाई समारोह आयोजित किया। समारोह में सांसद आरके सिंह पटेल, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, एसीएमओ डॉ इम्तियाज अहमद ने सरस्वती चित्र पर दीप जलाकर शुभारम्भ किया। सेवानिवृत्त फार्मासिस्ट जेपी सिंह, अवधेश सिंह, मोहनलाल सिंह, सेवानिवृत्त लेखपाल महेन्द्र सिंह, केशव सिंह यादव, एटीओ अवधेश प्रताप सिंह, अशोक कुमार, दिनेश दुबे, अभय, एलटी संघ के अध्यक्ष अजय सिंह, एक्सरे संघ के अध्यक्ष कमलेश सिंह, समाजसेवी रामबाबू गुप्ता, अवधेश सिंह, राजेश सिंह, अनिल कुमार सिंह, सुरेश सिंह, डॉ उदय प्रताप सिंह, डॉ अरुण पटेल, डॉ शैलेन्द्र गौरव, डॉ मनीष, डॉ अमित सिंह आदि संगठनों ने भावभीनी विदाई दी। अतिथियों का सम्मान जिलाध्यक्ष कमल सिंह, मंत्री फूल सिंह, कार्यकारिणी सदस्यों ने माल्यार्पण कर किया। जिले के सभी फार्मासिस्टों की मौजूदगी में सांसद श्री पटेल ने कहा कि व्यक्ति जन्म लेता है, पढाई शुरु करता है।

बुंदेलखंड के क्षेत्रीय मंत्री आशीष चतुर्वेदी ने रामलीला का फीता काटकर किया शुभारंभ

कुठौंद(जालौन)। विकासखंड कुठौंद के अंतर्गत आने वाले श्री शनिदेव शांति धाम हरसिंहपुर मदारीपुर में चल रहे पांच कुंडीय शनिदेव शांति महायज्ञ में कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता आशीष चतुर्वेदी कुठौंद ने रामलीला का फीता काटकर शुभारंभ किया। आशीष चतुर्वेदी के साथ में लला पहलवान हाजीपुर, संतोष चतुर्वेदी, सचिन पाठक पूर्व प्रधान, लालजी द्विवेदी पूर्व प्रधान, छन्ना उर्फ बापू तिवारी मदारीपुर, पप्पू लाला, भरत मिश्रा, ज्ञानेंद्र राठौर, प्रशांत तिवारी, राजा पांडे, आदि व्यक्ति साथ में रहे। महायज्ञ में अंतर्रराष्ट्रीय सरस मधुर कथा वाचक पंडित चंद्रभूषण पाठक, शनिदेव शांति महायज्ञ के आयोजक संत शिरोमणि श्री श्री 1008 श्री भरत मुनि महाराज उदासीन, महांत शनिदेव शांतिधाम हरसिंगपुर, के साथ-साथ कई साधु-संतों ने अपनी-अपनी जिम्मेदारी संभाल ली है। जिसमें श्रीश्री 1008 मंडलेश्वर राघव दासजी महाराज संकटमोचन आश्रम दोन बिचोली चौराहा, कल्याण मुनि उर्फ कल्लू बाबा पुजारी शनिदेव शांति धाम तथा इस विशाल महायज्ञ का गणेश पूजन सात जून बुधवार कथा विश्राम 15 जून गुरुवार हवन एवं विशाल भंडारा 16 जून शुक्रवार को होना सुनिश्चित हुआ है।

पेज एक का शेष

एनसीपी के...

किया था। पवार की पेशकश पर विचार-विमर्श के लिए गठित एनसीपी की समिति ने पांच मई को उनके इस्तीफे को खारिज कर दिया था और उनसे पार्टी अध्यक्ष बने रहने का आग्रह किया था।

कनाडा ने...

कहा कि हमने उन्हें लिखा है और उन्हें बताया है कि इन छात्रों ने कोई धोखाधड़ी या जालसाजी नहीं की है। वे धोखाधड़ी के शिकार है क्योंकि कुछ अवैध एजेंटों ने उन्हें फर्जी प्रवेश पत्र और भुगतान की रसीदें दी है। वीजा का भी आवेदन बगैर कोई जांच किए किया गया। जब बच्चे वहां पहुंचे तो आव्रजन विभाग ने भी उन्हें प्रवेश की अनुमति दे दी। छात्रों ने कोई गलती नहीं की है। वे भी धोखाधड़ी के शिकार हैं। इससे पहले पंजाब के एनआरआई मामलों के मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने विदेश मंत्री जयशंकर इस मामले में न्यायपूर्ण समाधान की मांग की थी। धालीवाल ने जयशंकर को लिखे पत्र में छात्रों के निर्दोष होने पर जोर देते हुए मामले में व्यक्तिगत हस्तक्षेप की मांग की थी। उन्होंने विदश मंत्री से अनुरोध किया कि वह कनाडा के उच्चायोग और कनाडा सरकार के साथ संपर्क कर इन छात्रों के निर्वासन को रोकें। धालीवाल ने प्रस्ताव दिया कि इन छात्रों को वैध वीज़ा के माध्यम से काम की अनुमति प्रदान की जाए। उन्होंने पंजाब के नागरिकों से अनुरोध किया था कि वे सतर्कता बरते तथा विदेश में बच्चों को पढ़ने से भेजने से पहले कॉलेज तथा ट्रेवल एजेंट की सत्यता को जरूर परख लें। यह मुद्दा कनाडा की संसद में भी उठा है, जहां एनडीपी नेता जगमीत सिंह ने प्रधानमंत्री ट्रूडो से कहा था कि वह इन छात्रों के निर्वासन को रोकें। प्रतिक्रिया में, ट्रूडो ने धोखाधड़ी करने वाले अपराधियों की पहचान के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया था। उन्होंने कहा था कि पीड़ितों को अपना पक्ष रखने का पूरा मौका मिलेगा।

हम पर...

के बारे में सभी को बताने के लिए पंचायत बुलाई है। अगर 15 जून तक कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो हम अपना प्रदर्शन फिर शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि अभी उन्होंने धरना स्थल के बारे में फैसला नहीं लिया है। यह जंतर मंतर पर भी हो सकता है या रामलीला मैदान पर भी। पुलिस पहले ही कह चुकी है कि उन्हें जंतर मंतर पर लौटने नहीं दिया जाएगा। विनेश फोगाट खेलमंत्री अनुराग ठाकुर से मुलाकात के दौरान भी मौजूद नहीं थी और आज भी नहीं। इसके बारे में पूछने पर साक्षी और बजरंग ने अलग अलग जवाब दिए। साक्षी ने कहा कि साक्षी, बजरंग और विनेश एक हैं। विनेश कानूनी पक्ष देख रही है। अफवाहें फैलाई जा रही है कि हम एक एक करके पीछे हट रहे हैं लेकिन हम सब एक है। बजरंग ने कहा, विनेश बीमार है, इसलिए आज नहीं आई। दोनों ने महिला पहलवान को दिल्ली में डब्ल्यूएफआई कार्यालय ले जाने की निंदा की।

अमित शाह...

इलाके में आयोजित रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार के तहत देश व्यापक बदलाव का गवाह बना है, लेकिन कांग्रेस भारत-विरोधी बातें करना नहीं बंद करती। शाह ने नए संसद भवन की आलोचना को लेकर भी राहुल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, आपने नए संसद भवन और वहां तमिलनाडु के ऐतिहासिक राजदंड सेंगोल की स्थापना का विरोध किया। सेंगोल को जवाहरलाल नेहरू द्वारा स्थापित किया जाना था। मोदी ऐसा कर रहे हैं, क्योंकि नेहरू ने ऐसा नहीं किया। ऐसे में आप (राहुल) विरोध क्यों कर रहे हैं। शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता प्रधानमंत्री मोदी को संसद में बोलने नहीं देते और वह हर चीज का विरोध करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने विकास की राजनीति करने की नई परंपरा शुरू की है। शाह ने राम मंदिर निर्माण और अनुच्छेद-370 को समाप्त किए जाने के मुद्दे को लेकर भी राहुल पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान राम के मंदिर को बाबर (मुगल साम्राज्य के संस्थापक) के समय में तोड़ा गया था। गृह मंत्री ने कहा, लेकिन आज भगवान राम के एक भव्य मंदिर का निर्माण किया जा रहा है और यह जल्द पूरा हो जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ करते हुए शाह ने कहा कि सरकार ने दलितों, गरीबों और आदिवासियों के जीवन में सुधार के लिए काम किया तथा उन्हें सक्षम बनाया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ही पहली बार एक आदिवासी महिला देश की राष्ट्रपति बनी। गृह मंत्री ने दावा किया कि आर्थिक स्थिति में सुधार हो या देश को डिजिटल रूप से जोड़ना हो, समाज कल्याण की परियोजनाओं को लागू करना हो या कोविड-19 टीकाकरण और बुनियादी ढांचा हो, भारत हर मामले में दुनिया में उम्मीद का केंद्र बन गया है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का जिक्र करते हुए शाह ने कहा, मनमोहन-सोनिया के 10 साल की तुलना मोदी के 10 साल से करने पर पता चलेगा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार के 10 साल में सिर्फ भ्रष्टाचार, कुप्रबंधन, आर्थिक पतन, आतंकवाद और खराब कानून-व्यवस्था थी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 10 साल समाज कल्याण की राह पर चलने वाले सक्षम और सुरक्षित डिजिटल इंडिया के रहे हैं। गृह मंत्री ने गुजरात के लोगों से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को वोट देने का आग्रह किया, ताकि 2024 के चुनाव में गुजरात की सभी 26 लोकसभा सीट पर पार्टी की जीत सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा, नरेन्द्रभाई ने गुजरात से देश में विकास के नए युग की शुरुआत की। गुजरात में 2002 से 2014 तक 24 घंटे बिजली, पानी, बांध, खेत और बालिका शिक्षा के मामले में हुए चौतरफा विकास की चर्चा ने प्रधानमंत्री बनने में मोदी की मदद की और गुजरात मॉडल भारत मॉडल में बदल गया। शाह ने लोगों से एकजुट होने और यह तय करने का आग्रह किया कि वे 2024 में मोदी को अपने प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं या फिर राहुल को। उन्होंने कहा, मैं जहां भी जाता हूं, मुझे मोदी के लिए समर्थन दिखता है। मैं गुजरात के लोगों से अनुरोध करता हूं कि वे यह सुनिश्चित करें कि राज्य की सभी 26 सीट पर भाजपा तीसरी बार जीत हासिल करे।

धनबाद में...

शुक्रवार को जब बड़ी संख्या में लोग अवैध कोयला खनन कर रहे थे तभी सहसा खदान की छत भरभराकर उनके उपर गिर गई, जिससे मलबे के नीचे दबकर तीन लोगों की मौत हो गई। घटना शुक्रवार को धनबाद से करीब 21 किलोमीटर दूर भौरा कोलियरी क्षेत्र में सुबह करीब साढ़े 10 बजे हुई। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान जितेंद्र (16), सत्एंद्र (22) और मदन (25) के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि भौरा कोलियरी क्षेत्र के महाप्रबंधक एस. एस. दास ने माना कि खनन क्षेत्र में प्रवेश पर रोक के बावजूद कुछ लोग वहां अवैध खनन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। दास ने कहा कि इस घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं और इसकी रिपोर्ट आने के बाद ही वह कोई टिप्पणी करने की स्थिति में होंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या पुलिस में मामला दर्ज किया गया है, इस पर दास ने कहा कि जांच पूरी होने के बाद ही कोई कदम उठाया जाएगा। उन्होंने शुक्रवार रात कहा था कि बचाव अभियान रोक दिया गया है क्योंकि मलबा हटाने के बाद वहां अंदर कोई नहीं मिला। झरिया की विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने आरोप लगाया कि इलाके में लंबे समय से अवैध खनन किया जा रहा था। उन्होंने कहा, मैं पिछले तीन साल से बीसीसीएल से लगातार कह रही हूं कि किसी भी दिन दुर्घटना हो सकती है। अवैध खनन के साथ-साथ क्षेत्र में खनन नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

हरियाणाः सत्तारूढ़...

पास सिर्फ 30 विधायक हैं। बिप्लब देव की बैठक पर खट्टर ने कहा कि पार्टी हित के मामले में प्रदेश प्रभारी को निर्णय लेना है। इस बैठक के पीछे के कारणों को वो अच्छे से बता सकते हैं, हां मेरी उनसे (बिप्लब) मुलाकात हुई थी लेकिन हमने अन्य मुद्दों पर चर्चा की। इसके अलावा बिप्लब देव ने एक निर्दलीय विधायक रंजीत सिंह के साथ विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता की मौजूदगी में बैठक की जो खट्टर सरकार में मंत्री भी हैं। इस मामले में रंजीत सिंह ने साफ किया कि बैठक उनकी क्षमता के आधार पर भाजपा में समायोजन को लेकर था। इस बैठक में भाजपा-जजपा गठबंधन को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई। इस संबंध में जजपा प्रमुख दुष्यंत चौटाला ने कहा कि गठबंधन तत्कालीन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के आवास पर हुआ था। यह फैसला पूरी तरह से संतुलित फैसला था। उन्होंने कहा कि राज्य में स्थिर सरकार देने के लिए गठबंधन अच्छी तरह से चल रहा है। इसके साथ उन्होंने यह भी कहा कि यदि कल किसी का हृदय परिवर्तन हो जाए तो मैं उसमें क्या कर सकता हूं। जहां तक 2024 लोकसभा चुनाव की बात है तो हमने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों पर एक जुलाई से अभियान चलाया जाएगा। प्रेसवार्ता के दौर सीएम खट्टर ने निराशा जताते हुए दावा किया कि कुछ लोग अनावश्यक रूप से राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने जजपा विधायक राम करण काला पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें अभी तक इस्तीफा नहीं मिला है। शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र के विधायक ने कहा था कि वह सूरजमुखी के बीजों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग को लेकर कुछ दिन पहले एक राजमार्ग को अवरुद्ध करने वाले किसानों पर लाठीचार्ज के विरोध में हरियाणा शुगरफेड के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे देंगे। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार जजपा के कई विधायक, जिनमें नरवाना से रामनिवास सुरजखेड़ा, नारनौंद से रामकुमार गौतम, गुहला से ईश्वर सिंह और टोहाना से मंत्री देवेंद्र बबली शामिल हैं, इनका पार्टी नेतृत्व के साथ बेहतर संबंध नहीं है। नतीजतन, उन्होंने स्वतंत्र रूप से अपने हितों को आगे बढ़ाने का विकल्प चुना है। यह आंतरिक दरार जजपा के लिए चुनौती की तरह है, खासकर ऐसे समय जब भाजपा अकेले चलने का फैसला करती है। इसके अलावा, हरियाणा में भाजपा के भीतर प्रभावशाली नेताओं ने खुले तौर पर गठबंधन को तोड़ने की वकालत की है, जिसके परिणामस्वरूप कई विवादास्पद मुद्दों पर दोनों दलों के बीच वाकयुद्ध हुआ है।

विमान हादसा...

अलग-अलग जगहों पर इस उम्मीद में खाने के पैकेट गिराती थी कि इन बच्चों को पेट भरने और जीवित रहने में मदद मिल सकेगी। यही नहीं, सैनिक चारों बच्चों की दादी द्वारा रिकॉर्ड किया गया संदेश बजाते थे, जिसमें वह उनसे एक साथ रहने और हिम्मत न हारने के लिए कहती थी। तलाश अभियान के दौरान बचावकर्ताओं को जंगल में छोटे-छोटे स

यूक्रेन व रूस के बीच भीषण लड़ाई जारी

● परमाणु संयंत्र के अंतिम रिएक्टर का संचालन भी ठप

भाषा। कीव

यूक्रेनी सेना और रूसी बलों के बीच शनिवार को भीषण लड़ाई जारी रही। वहीं, बाढ़ और युद्ध के हालात के कारण यूक्रेन में स्थित यूरोप के सबसे बड़े परमाणु संयंत्र के अंतिम रिएक्टर का संचालन भी ठप हो गया। यूक्रेनी सेना का कहना है कि रूसी बलों ने शुक्रवार रात को मिसाइलों और ड्रोन के जरिए लगातार हमले किए, जिससे सैन्य ठिकानों को नुकसान के साथ ही चार नागरिकों की मौत हो गई जबकि दो दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। इस बीच, बिना किसी पूर्व घोषणा के कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो आज कीव की यात्रा पर पहुंचे। ट्रूडो के साथ उप प्रधानमंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड भी यूक्रेन पहुंची हैं। गौरतलब है कि पिछले साल फरवरी में यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद से ट्रूडो की यह दूसरी कीव यात्रा है। यूक्रेनी सेना ने बिना विवरण साझा किए कहा कि रूसी बलों के साथ भीषण युद्ध जारी है। इसने कहा कि रूसी बल यूक्रेन के खेरसोन और जेपोरीजिया प्रांतों में भी हवाई हमले कर रहे हैं। यूक्रेन की परमाणु एजेंसी ने कहा कि जेपोरीजिया परमाणु संयंत्र के सभी छह रिएक्टर का संचालन ठप हो गया है। हालांकि, इसने कहा कि कखोवका बांध के टूटने के कारण बने बाढ़ के हालात के कारण संयंत्र को प्रत्यक्ष तौर पर खतरा नहीं है। इस संत्रंय पर रूस का नियंत्रण है, लेकिन संयंत्र में अब भी यूक्रेनी कर्मचारी ही कार्यरत हैं।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो श्रद्धांजलि देते हुए

जवाबी व रक्षात्मक कार्रवाई को अंजाम दे रहे हैः जेलेंस्की

कीव। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेस्की ने शनिवार को कहा कि रूस के साथ युद्ध में जवाबी और रक्षात्मक कार्वाई को अंजाम दिया जा रहा है। उन्होने कहा कि उनके शीर्ष कमांडरों की मानसिकता सकारात्मक है और उनके सैनिक रूसी बलो का जोरदार ढंग से मुकाबला कर रहे है। यूक्रेनी नेता जेलेस्की ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के साथ यहां संवाददाता सम्मेलन मे कहा, रूस के साथ युद्ध मे जवाबी और रक्षात्मक कार्वाई को अंजाम दिया जा रहा है। मै इस संबंध मे कुछ नही कहूंगा कि यह किस स्तर या चरण मे है। यूक्रेन के पांच शीर्ष सैन्य नेताओ के नामो का हवाला देते हुए उन्होने कहा, मै हर दिन अलग-अलग दिशाओं मे मौजूद अपने कमांडरो के संपर्क मे हूं। हर कमांडर की मानसिकता सकारात्मक है। यह बात रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तक पहुंचाएं।

बांध टूटने के बाद बेहद गंभीर मानवीय स्थिति का सामना कर रहा यूक्रेन : संरा अधिकारी

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र के एक शीर्ष अधिकारी ने शुक्रवार को आगाह किया कि कखोवका बांध के टूटने के बाद यूक्रेन में मानवीय स्थिति पहले की तुलना में बेहद गंभीर हो गई है। अवर महासचिव मार्टिन ग्रिफिथ्स ने कहा कि करीब 7,00,000 लोगों को पीने के पानी की जरूरत है। उन्होंने चेतावनी दी कि विश्व के बेहद महत्वपूर्ण अनाज उत्पादक देश यूक्रेन में बाढ़ से अनाज निर्यात में कमी आएगी, दुनियाभर में खाद्यान्न की कीमतें बढ़ेंगी और लाखों जरूरतमंदों को भोजन नहीं मिलेगा। ग्रिफिथ्स ने एसोसिएटेड प्रेस (एपी) के साथ साक्षात्कार में कहा, यह एक गंभीर समस्या है। लेकिन सच्चाई यह भी है कि यह इस घटनाक्रम के दुष्परिणामों की शुरुआत भर है। पिछले साल फरवरी में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद से इस क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को काफी नुकसान पहुंचा है। मंगलवार को कखोवका पनबिजली बांध के टूटने और उसका पानी नीपर नदी में बहने के कारण पिछले एक साल से लगातार मिसाइल और ड्रोन हमलों का सामना कर रहे इस देश की मुसीबतें और बढ़ गईं। रूस ने दक्षिणी यूक्रेन में ताजा पानी की आपूर्ति और सिंचाई के लिए बेहद अहम माने जाने वाले इस बांध पर पिछले साल सितंबर में कब्जा कर लिया था।अधिकारियों का कहना है कि कखोवका बांध टूटने और उसका पानी नीपर नदी में बहने से तट पर स्थित दर्जनों शहर, कस्बे और गांव जलमग्न हो गए हैं तथा वहां से 6,000 से अधिक लोगों को निकालकर सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। यूक्रेन और मॉस्को के अधिकारियों के मुताबिक, बाढ़ में करीब 20 लोगों की मौत हुई है। हालांकि, स्वतंत्र रूप से इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। ग्रिफिथ्स ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र ने यूक्रेन के नियंत्रण वाले बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 30,000 से अधिक लोगों को मानवीय सहायता पहुंचाई है। उन्होंने हालांकि कहा कि रूस ने संयुक्त राष्ट्र को अपने नियंत्रण वाले क्षेत्रों में बाढ़ पीड़ितों की मदद की अनुमति नहीं दी है।

अफ्रीकी महाद्वीप में पहले गांधी-किंग-मंडेला सम्मेलन का आयोजन

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका मे एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन मे उन मुद्दो पर विचार-विमर्श किया गया, जिनका समाधान महात्मा गांधी, नेल्सन मंडेला और मार्टिन किंग लूथर द्वारा सुझाए गए अहिंसा के सिद्धांतो के माध्यम से किया जा सकता है। पीटरमारित्जबर्ग गांधी फाउंडेशन के अध्यक्ष डेविड जेनगेन ने कहा कि अफ्रीकी महाद्वीप मे शुक्रवार को संपन्न हुए तीन दिवसीय गांधी-किंग -मंडेला अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन मे इस बात की सहमति बनी कि मानवाधिकारो के सदंर्भ मे अपने प्रयासो को तेज करने के लिए संयुक्त राष्ट्र एवं अफ्रीकी संघ जैसी संस्थाओ पर दबाव डालकर अहिंसा का संदेश आगे बढ़ाया जाए और उसके लिए नेटवर्किंग जारी रखा जाए। पीटरमारित्जबर्ग गांधी फाउंडेशन ने क्वाजुलु -नटाल विश्वविद्यालय के साथ मिलकर इस सम्मेलन का आयोजन किया। जेनगेन ने कहा, 2023 का यह साल पीटरमारित्जबर्ग स्टेशन पर ट्रेन से युवा मोहनदास करमचंद गांधी को उतारे जाने (जिसने अफ्रीका और भारत मे उत्पीड़न एवं भेदभाव के विरूद्ध संघर्ष स्वरूप सत्याग्रह का मार्ग प्रशस्त किया) का 130 वां साल है। यह इंडियन ओपिनियन की 120 वी वर्षगांठ भी है। सन 1903 मे गांधी द्वारा शुरू किया यह पहला अखबार था।

फ्रांस : चाकू से हमला करने वाले संदिग्ध के खिलाफ हत्या के प्रयास का आरोप तय

पेरिस। फ्रांसीसी आल्प्स के एक पार्क मे चार नाबालिग बच्चो और दो वयस्कों को चाकू मारने वाले संदिग्ध व्यक्ति के खिलाफ शनिवार को हत्या के प्रयास का प्रारंभिक आरोप तय किया गया है। इस बर्बर हमले का 31-वर्षीय संदिग्ध व्यक्ति सीरियाई राजनीतिक शरणार्थी और स्वीडन का स्थाई निवासी है। उसका नाम जारी नही किया गया है। मुख्य अभियोजक, लाइन बोननेट-मैथिस ने कहा कि आरोपी को शनिवार को एनेसी शहर मे न्यायाधीशो के सामने पेश किया गया और आरोप तय किए गए। उसे आगे की जांच के लिए हिरासत मे रखा गया है। उन्होने बताया कि आरोपी की तीन साल की बेटी भी है और उसकी पत्नी स्वीडन मे रह रही है। महिला अभियोजक का कहना है कि हमले के शिकार पीड़ितो की जान को अब खतरा नही है। हमले मे घायल 22 महीने से तीन साल की उम्र तक के बच्चे अब भी अस्पताल मे जिंदगी की जंग लड़ रहे है। ए छह पीड़ित चार अलग-अलग देशो- फ्रांस, ब्रिटेन, नीदरलैंड और पुर्तगाल के है। अभियोजक ने कहा कि संदिग्ध ने जांचकर्ताओ से बात करने से इनकार कर दिया, इसके बाद उसकी जांच एक मनोचिकित्सक और अन्य चिकित्सको द्वारा की गई, जिसने उसे (संदिग्ध को) आरोपो का सामना करने के लिए पूरी तरह से स्वस्थ पाया है।

ईरान : दक्षिण-पश्चिम खुजेस्तान प्रांत में पुलिस की गोलीबारी में नौ वर्षीय लड़के की मौत

दुबई। ईरान के दक्षिण-पश्चिमी खुजेस्तान प्रांत मे एक व्यक्ति द्वारा कार चुराकर भागने के दौरान पुलिस की गोलीबारी मे कार मे सवार उसके नौ वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। ईरानी अधिकारियो ने यह जानकारी दी। शुश्तर काउंटी के पुलिस प्रमुख स्होल्लाह बिगडेली ने ईरान पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट के हवाले से बताया कि अधिकारियो ने चोरी किए गए वाहन पर गोलीबारी कर उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन गोली बच्चे को लग गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि उन्होने गोली चलाने से पहले कार चोरी करने वाले व्यक्ति को कई बार चेतावनी दी थी। उन्होने बताया कि उक्त व्यक्ति का पहले से आपराधिक इतिहास रहा है, वह कार चोरी और नशीली दवाओं की तस्करी मे भी शामिल रहा है।

मोगादिशू के तट पर स्थित होटल पर चरमपंथियों के हमले में नौ लोगों की मौत

मोगादिशू। सोमालिया की पुलिस ने बताया कि राजधानी मोगादिशू के तट पर स्थित एक होटल पर शुक्रवार की रात हुए चरमपंथियो के हमले मे नौ लोगो की मौत हुई है। पुलिस ने बताया कि मरने वालो मे तीन सैनिक है। पुलिस द्वारा जारी बयान के अनुसार, कई घंटे तक चला हमला शनिवार सुबह समाप्त हुआ। उन्होने कहा कि 84 लोगो को सुरक्षित बचाया गया जबकि 10 लोग घायल हुए है। पूर्वी अफ्रीका मे अल-कायदा से जुड़े संगठन अल-शबाब ने हमले की जिम्मेदारी ली है।

ब्रिटेन में शाही परेड के दौरान तीन सैनिक गर्मी के कारण बेहोश हो गए

लंदन। ब्रिटेन मे राजकुमार विलियम को सलामी देने के लिए ऊनी वर्दी और भालू की खाल की टोपी पहने कई ब्रिटिश सैनिक शनिवार को गर्मी से बेहाल हो गए। इस परेड को कर्नल रिव्यू के रूप मे भी जाना जाता है, जिस दौरान गर्मी के कारण तीन सैनिक बेहोश हो गए। परेड मे1,400 से अधिक सैनिको ने हिस्सा लिया। लंदन मे शनिवार को तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया।

इस्लामिक स्टेट ने आत्मघाती बम हमले की जिम्मेदारी ली

इस्लामाबाद। इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने अफगानिस्तान के उत्तर-पूर्व हिस्से मे एक शोक सभा पर हुए आत्मघाती बम हमले की जिम्मेदारी ली है। इस हमले मे कम से कम 13 लोगो की मौत हो गई थी जबकि30 अन्य घायल हो गए थे। शुक्रवार को आईएस के क्षेत्रीय संगठन इस्लामिक स्टेट इन खुरासन प्रोविस ने कहा कि बृहस्पतिवार को बदखशान प्रांत के फैजाबाद मे नबावी मस्जिद के सामने शोक सभा को (उसके) हमलावर ने निशाना बनाया था।

उत्तरी माली में हमला,यूएन के शांति सैनिक की मौत

संयुक्त राष्ट्र। उत्तरी माली के टिम्बक्टु क्षेत्र मे शुक्रवार को विद्रोहियो के हमले मे संयुक्त राष्ट्र के एक शांति सैनिक की मौत हो गई जबकि आठ अन्य जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। संयुक्त राष्ट्र ने बताया कि उस इलाके मे चरमपंथी सक्रिय है। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने बताया कि शांति सैनिक बुर्किना फासो के रहने वाले थे और बेर कस्बे मे उनके गश्ती दल को पहले आईईडी से निशाना बनाया गया और उसके बाद उन पर हल्के हथियारो से गोलीबारी की गई।

तुर्किए में फैक्टरी में विस्फोट होने से पांच लोगों की मौत

अंकारा। तुर्किए मे शनिवार को एक फैक्टरी मे विस्फोट होने से पांच श्रमिको की मौत हो गई और इमारत का एक हिस्सा ढह गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।गवर्नर वासिप साहिन ने पत्रकारो को बताया कि देश की राजधानी अंकारा के बाहरी इलाके मे सरकारी कंपनी मेकेनिकल एंड केमिकल इंडस्ट्री कॉर्पोरेशन के परिसर मे सुबह करीब नौ बजे धमाका हुआ। फैक्टरी मे विस्फोटक एवं रॉकेट बनाए जाते है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Sunder Singh Yadav, S/o. Man Singh Yadav, R/o.161/156, Jogabai, Jamia Nagar, New Delhi-110025 have declared that my name wrongfully mentioned in my Bank record as Sunder Singh instead of Sunder Singh Yadav.

PD(064)A

ब्रिटेन : पार्टीगेट रिपोर्ट के बाद पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने सांसद पद छोड़ा

भाषा। लंदन

ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने शुक्रवार को संसद की सदस्यता से अचानक इस्तीफा दे दिया और दावा किया कि उन्हें साजिश का शिकार बनाया जा रहा है। उन्होंने एक संसदीय समिति के उस बयान के बाद यह कदम उठाया कि जॉनसन द्वारा अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल में कोविड-19 की रोकथाम के लिए लागू लॉकडाउन का उल्लंघन कर 10 डाउनिंग स्ट्रीट (प्रधानमंत्री आवास) में पार्टियां आयोजित करने के मुद्दे पर संसद को गुमराह करने के मामले में प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। जॉनसन (58) इस मामले में एक संसदीय समिति की जांच का सामना कर रहे हैं। उन्होंने विशेषाधिकार समिति की इस जांच की तुलना कंगारू अदालत (कानून या सिद्धांतों की अवहेलना कर सीधा फरमान सुनाना) से की। सांसद पद से इस्तीफा देने का जॉनसन का फैसला शुक्रवार को तब आया, जब उन्हें संसद की विशेषाधिकार समिति से इस महत्वपूर्ण मामले में एक गोपनीय पत्र मिला। कंजरवेटिव पार्टी के पूर्व नेता ने कहा कि समिति की रिपोर्ट पाकर वह स्तब्ध हैं। समिति इस बात का पता लगा रही है कि पूर्व प्रधानमंत्री ने कोविड-19 महामारी के दौरान 10 डाउनिंग स्ट्रीट में लॉकडाउन से जुड़े नियम तोड़कर जिन पार्टियों का आयोजन किया, क्या उन्हें लेकर उन्होंने निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स को गुमराह किया। इस मामले को पार्टीगेट के नाम से जाना जाता है। जॉनसन ने संसदीय समिति की इस जांच को उन्हें संसद से बाहर निकालने का प्रयास करार दिया।

ट्रंप ने हमले की योजना, गोपनीय नक्शा साझा किए

मियामी (अमेरिका)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ शुक्रवार को लगाए गए अभियोग मे इस बात का खुलासा किया गया है कि उन्होने पेंटागन की हमले की योजना और सैन्य अभियान संबंधी गोपनीय नक्शा किसी और से साझा किया था। ट्रंप के आवास से गोपनीय दस्तावेज मिलने संबंधी आरोपो से जुड़े अभियोग को सार्वजनिक कर दिया गया है। यह दस्तावेज न्याय विभाग की ओर से ट्रंप के खिलाफ इस संबंध मे आपराधिक मामले की पहली आधिकारिक पुष्टि है। यह मामला फ्लोरिडा स्थित ट्रंप के आवास मार-ए-लागो से सैकड़ो दस्तावेज मिलने से जुड़ा है। ट्रंप ने बृहस्पतिवार रात ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट और अपने द्वारा रिकॉर्ड किए गए एक वीडियो के जरिए अभियोग के बारे मे खुलासा किया। इस मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियो ने द एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि इस अभियोग मे सात अलग-अलग आरोप शामिल है।

अमेरिका की राजकीय यात्रा के लिए छह महीने पहले हो जाती है तैयारी शुरू : अमेरिकी इतिहासकार

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिका की राजकीय यात्रा का सम्मान बेहद करीबी दोस्तों और सहयोगियों को दिया जाता है और इसके तहत व्हाइट हाउस द्वारा छह महीना पहले ही सावधानीपूर्वक तैयारी शुरू कर दी जाती है। एक प्रसिद्ध अमेरिकी इतिहासकार ने यह जानकारी दी। डेविड एम रूबेनस्टीन नेशनल सेंटर फॉर व्हाइट हाउस हिस्ट्री के उपाध्यक्ष और अंतरिम निदेशक मैथ्यू कॉस्टेलो की टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की पहली राजकीय यात्रा से पहले आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के आमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 21-24 जून तक अमेरिका की यात्रा करेंगे। मैथ्यू ने कहा, आमतौर पर, एक निमंत्रण दिया जाता है। व्हाइट हाउस के कार्यक्रमों से करीब छह महीने पहले से योजना तैयार की जाती है। उन्होंने कहा, (राजकीय यात्रा के दिन) व्हाइट हाउस में एक राजकीय आगमन समारोह होगा, जो आमतौर पर दक्षिण लॉन में होता है। इस दौरान राष्ट्रपति और अतिथि राष्ट्राध्यक्ष संवाद करेंगे। उन्होंने कहा, वे संबंधित देशों के राष्ट्रगान सुनेंगे। अपने सैनिकों का जायजा लेंगे, और फिर वे बातचीत के लिए व्हाइट हाउस जाएंगे। इसके बाद रात्रिभोज आयोजित किया जाएगा, और फिर वे राष्ट्रपति के आधिकारिक गेस्ट हाउस, ब्लेयर हाउस में राष्ट्रपति एवं प्रथम महिला के मेहमान के रूप में वहां विश्राम करेंगे। मैथ्यू के अनुसार, पहली राजकीय यात्रा पर 1874 में हवाई के राजा कलाकौआ आए थे। उन्होंने कहा कि राजकीय रात्रिभोज के बारे में बहुत से लोग सोचते हैं कि अनेक प्रकार के भोजन परोसे जाते होंगे।

दक्षिण अफ्रीका में तीन दिन की सामुदायिक गतिविधियों के बाद आईएनएस त्रिशूल भारत रवाना

भाषा। जोहानिसबर्ग

दक्षिण अफ्रीका में तीन दिन की सामुदायिक गतिविधियों के बाद भारतीय नौसेना का पोत आईएनएस त्रिशूल बंदरगाह शहर डरबन से भारत रवाना हो गया। हिंद महासागर क्षेत्र के देशों की सहायता करने में भारत की भूमिका को प्रदर्शित करने के लिए तैयार की गई गतिविधियों की एक श्रृंखला का प्रदर्शन कर आईएनएस त्रिशूल स्वदेश रवाना हुआ। रंगभेद के कारण लगभग चार दशकों के विराम के बाद तीन दिवसीय सद्भावना यात्रा के दौरान भारत-दक्षिण अफ्रीका संबंधों की 30वीं वर्षगांठ सहित कई ऐतिहासिक घटनाओं को चिह्नित किया गया। यह यात्रा भारत की आजादी का अमृत महोत्सव का भी हिस्सा है, जो भारत सरकार द्वारा देश की स्वतंत्रता के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है। यह सद्भावना यात्रा 130 साल पहले सात जून को हुई उस घटना को भी चिन्हित करती है, जब युवा वकील मोहनदास करमचंद गांधी को पीटरमारित्जबर्ग स्टेशन पर एक ट्रेन से इसलिए बाहर फेंक दिया गया था, क्योंकि वह गोरे यात्रियों के लिए आरक्षित डिब्बे में सवार हो गए थे। डरबन में भारत की काउंसल जनरल डॉ थेलमा डेविड ने कहा, सात जून को पीटरमारित्जबर्ग में एक समारोह में जहाज के बैंड ने महात्मा गांधी के कुछ पसंदीदा भजन बजाए। अपनी सामुदायिक गतिविधियों के हिस्से के रूप में कैप्टन कपिल कौशिक के नेतृत्व में आईएनएस त्रिशूल के चालक दल ने फीनिक्स यूथ सेंटर का दौरा किया, जहां उन्होंने भारत के स्थानीय वाणिज्य दूतावास के साथ मिलकर फीनिक्स चाइल्ड वेलफेयर एसोसिएशन की स्थानीय सामुदायिक परियोजनाओं के लिए विभिन्न सामग्री दान की।

PUBLIC NOTICE

To be known to all, **Dr. C.J. Babu S/o Sh. C.V. John R/o Flat No.C-3/13,Sahyadri CGHS Ltd. , Plot No.5,Sector-12,Dwarka Phase-I,New Delhi Allottee/owner of Flat No.C-3/13, Sahyadri CGHS Ltd.,plot No.5, Sector-12, Dwarka Phase-I,New Delhi** have applied for conversion of the aforesaid flat from lease hold to free hold in DDA. The original document i.e.SHARE CERTIFICATE issued by society of the above said flat has been lost. An F.I.R./NCR/LR NO.1091796/20 22 dated 17/12/2022 to this effect has been lodged in P.S.Crime Branch, Delhi.Any person(s)claiming any right, interest ,having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No.9820483780 within15 days from the date of publication of this notice.The person claiming any right,interest,objection with respect to this property, can personally inform or write to **Deputy Director (Group Housing) or Director (Group Housing), Delhi Development Authority, Vikas Sadan, New Delhi-110023.**

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given on behalf of **Mr. Anshuman S/o. Mr. Mukesh,** who is owner of the Plot area measuring 5 Marla, Khewat/Khata no.130/134, Mu No.32, Killa no.24/2/2(2-15), situated in village Rathiwas, Tehsil Manesar, District Gurugram (Haryana); having acquired the same from his father Mr. Mukesh S/o. Mr. Chandgi, vide Transfer Deed dated 03.11.2021, which is duly registered vide Document No.6521, at Sub-Registrar, Manesar ; and intend to mortgage against the financial assistance from **Protium Finance Limited.** That the original of Release Deed dated 11.09.2013, registered vide Document No.1299, at Sub-Registrar, Manesar; are Lost/Misplaced/Not available. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim /right/title/ interest/creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **7 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

Lucem Legal LLP
Plot no.136, (Basement) Uday Park, New Delhi-110049; Contact# 011-40046316

PUBLIC NOTICE

To be known to all that I, **Smt Salma Ali, wife of Sheikh Muzzafar Ali,** resident of **J-1/409, DDA Janta Flats, Kalkaji, New Delhi-110019** have lost/misplaced the original documents issued by DDA (i.e. Allotment Letter-cum-Demand Letter, Possession Letter, Possession Slip and NOC for Water and Electricity, etc.), in respect of Property No. J-1/409, DDA Janta Flats, Kalkaji, New De1hi-110019 allotted by DDA vide File No. F.21(1052)74/HB along with original Agreement to Sell, General Power of Attorney executed by Shri Prithvi Singh (Allottee) in my favor. An FIR to this effect has been lodged in PS-Crime Branch, Delhi bearing LR No. 408776/2023 dated 04/05/2023.

Any person (s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/ contact above named person at above address/ phone no. 9810397985 or to Dy. Director (Housing Janta), Vikas Sadan, INA, New Delhi, within **15 days** from the date of publication of this notice.

ACHIN SHARMA (Advocate)
Regd. No. D/5425/2021
Ph. : 9650865007, 9810221449

पाक : जबरन मुसलमान बनाई गई हिंदू लड़की को अदालत ने माता-पिता के साथ भेजने से किया इनकार

भाषा। कराची

पाकिस्तान के सिंध प्रांत में कथित रूप से अपहरण के बाद जबरन धर्मांतरण करा एक मुस्लिम से ब्याह दी गई 14 वर्षीय एक हिंदू लड़की को अदालत ने उसके अनुरोध के बाद भी उसके माता-पिता के साथ भेजने से इनकार कर दिया। दो जून को सिंध प्रांत के बेनजीराबाद जिले में बंदूक के दम पर सोहना शर्मा कुमारी को उसके घर से मां के सामने उसके ट्यूटर ने साथियों के साथ कथित रूप से अगवा कर लिया था। उसके पिता दिलीप कुमार ने पुलिस में अपहरण की शिकायत दर्ज कराई थी। बाद में सामने आए एक वीडियो में सोहना ने स्पष्ट रूप से कहा कि दबाव में आकर उसने इस्लाम कबूल कर लिया है और एक मुसलमान से ब्याह कर लिया है। हालांकि उसके माता-पिता ने कहा कि वह नाबालिग है।सोशल मीडिया पर जनाक्रोश व्यक्त किए जाने पर इस घटना के पांच दिन बाद पुलिस ने जिले में एक घर से सोहना को बरामद किया। शुक्रवार को उसे लरकाना में एक जिला अदालत में पेश किया गया। सोहना ने अदालत में कहा कि उसे अपहरण कर मुसलमान बना दिया गया और अब वह अपने माता-पिता के पास लौटना चाहती है।लेकिन न्यायाधीश ने यह कहते हुए 12 जून तक सुनवाई स्थगित कर दी कि बयान देते समय सोहना दबाव में जान पड़ रही थी। अदालत ने उसे महिला आश्रय गृह भेज दिया।

विमान हादसे के बाद लापता चार बच्चे 40 दिन बाद अमेजन के जंगलों में मिले

भाषा। बोगोटा

कोलंबिया में 40 दिन पहले एक विमान हादसे के बाद लापता हुए चार बच्चे अमेजन के जंगलों में सुरक्षित मिले हैं। राष्ट्रपति गस्तावो पेट्रो ने शनिवार को यह जानकारी दी। क्यूबा से बोगोटा लौटने के बाद संवाददाताओं से मुखातिब पेट्रो ने कहा कि लापता बच्चों की खोज के लिए बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा तलाश अभियान अब समाप्त हो गया है। उन्होंने बताया कि बचावकर्ता 40 दिन की कड़ी मशक्कत के बाद बच्चों को ढूंढ़ने में कामयाब रहे हैं और ए बच्चे अब चिकित्सकीय निगरानी में हैं। पेट्रो विद्रोही गुट नेशनल लिबरेशन आर्मी के प्रतिनिधियों के साथ संघर्षविराम समझौते पर दस्तखत करने के लिए क्यूबा गए थे। उन्होंने कहा कि इन बच्चों का इतनी विषम परिस्थितियों में भी 40 दिन तक जीवित रहना किसी चमत्कार से कम नहीं है और इनकी कहानी इतिहास के पन्नों में दर्ज होगी। हालांकि, ए बच्चे अपने दम पर इतने दिन तक कैसे जीवित रहे, इस बारे में पेट्रो ने कोई विवरण साझा नहीं किया। चारों बच्चे सेसना के उस एकल इंजन वाले विमान में सवार छह यात्रियों में शामिल थे, जो एक मई को इंजन में खराबी के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे के बाद विमान का राडार से संपर्क टूट गया था और सरकार ने यात्रियों को बचाने के लिए बड़े पैमाने पर तलाश अभियान शुरू किया था। तलाश अभियान के दौरान बचावकर्ताओं को 16 मई को अमेजन के घने जंगलों में विमान का मलबा मिला था।

स्वच्छ ऊर्जा आयात करने की भारत की प्रतिबद्धता से जलविद्युत विकास के लिए नया द्वार खुलाः प्रचंड

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड ने कहा है कि अगले दस वर्षों में नेपाल से 10,000 मेगावाट स्वच्छ ऊर्जा आयात करने की भारत की प्रतिबद्धता ने दक्षिण एशिया में जलविद्युत विकास के लिए एक नया द्वार खोल दिया है। उन्होंने शुक्रवार को दक्षिण एशिया के लिए विश्व बैंक के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मार्टिन रायसर के साथ एक बैठक के दौरान यह टिप्पणी की। प्रचंड ने कहा कि जलविद्युत उत्पादन में वृद्धि से हरित और स्वच्छ ऊर्जा के विकास में मदद मिलेगी और इस क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में मदद मिलेगी।अगर हम जलविद्युत के विकास की ओर अपना ध्यान केंद्रित करते हैं तो दुनिया के लोगों को भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से लाभ होगा। सिर्फ नेपाल ही नहीं बल्कि भारत और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देश भी नेपाल में जलविद्युत विकास से लाभान्वित होंगे।

शरीर में मौजूद रह गए वायरस रहे होंगे लॉंग कोविड की वजह

भाषा। मेलबर्न

कोरोना वायरस संक्रमण से पीड़ित होने के बाद ज्यादातर लोगों की जान बच गई और इस रोग से उबर गए, जबकि कुछ लोगों में इसके लक्षण महीनों से लेकर वर्षों तक रह सकते हैं। उल्लेखनीय है कि जब संक्रमण के लक्षण 12 हफ्ते से अधिक समय तक रहते हैं, तब इस स्थिति को लॉंग कोविड के रूप में जाना जाता है। लॉंग कोविड के दौरान 200 से अधिक विभिन्न प्रकार के लक्षण पाए जाते हैं। इन लक्षणों का साक्ष्य आधारित उपचार करने के लिए हमें कारणों को समझने की जरूरत है। लॉंग कोविड से जुड़े हो सकने वाला एक कारक यह है कि शुरूआती संक्रमण के बाद वायरस शरीर के अंदर पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ होगा। हम अन्य विषाणुओं के उदाहरण से यह जानते हैं कि ए विभिन्न उत्तकों में महीनों से लेकर वर्षों तक बरकरार रह सकते हैं। यह सार्स-कोवि-2 का कारण हो सकता है। यही वायरस कोविड के लिए जिम्मेदार है। विज्ञान ने अब तक यह कहा है: हरपसवायरस (जैसे कि ग्रंथियों के बुखार के लिए जिम्मेदार एप्सटेन-बार वायरस) और एचआईवी (ह्यूमन इम्युनोडिफिसिएंसी वायरस) जीवन के लिए सुसुप्त अवस्था में पड़ा रहता है। इसका मतलब है कि वायरस कोशिकाओं के अंदर खुद को छिपा लेता है और निष्क्रिय रूप में रहता है। खासतौर पर एचआईवी शरीर में संक्रमित कोशिकाओं में निष्क्रिय बना रह सकता है। निष्क्रिय बने रहने के बावजूद यह समस्या पैदा कर सकता है। जीका और इबोला जैसे अन्य वायरस शुरूआती संक्रमण के बाद संक्रमित लोगों में महीनों या वर्षों तक पाए गए हैं। वायरस की यह मौजूदगी गंभीर रोग का कारण बन सकता है। कई अध्ययनों में यह प्रदर्शित हुआ है कि कोविड एप्सटेन-बार वायरस को भी पुन:सक्रिय कर सकता है, जो सुसुप्त अवस्था में शरीर में पड़ा रहता है। शोधों में यह प्रदर्शित हुआ है कि लॉंग कोविड वाले लोगों में यह थकान के रूप में दिख सकता है और उनके सोचने या तर्क करने की क्षमता को प्रभावित कर सकता है। हम कैसे जानेंगे कि कोविड शरीर के अंदर बरकरार है? कई अध्ययनों में यह पाया गया है कि उत्तकों और मल के नमूने में सार्स-कोवि-2 (आरएनए) और सार्स-कोवि-2 प्रोटीन के आनुवंशिक अनुक्रमण संक्रमण के बाद महीनों तक पाए गए हैं। इन अध्ययनों में संक्रमित लोगों के कई शव परीक्षण रिपोर्ट शामिल हैं।



DMI HOUSING FINANCE PRIVATE LIMITED ("COMPANY")
(U65923DL2011PTC216373; Registered Office:
Express Building, 3rd Floor, 9-10, Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi-110002;
T: +91 11 41204444; F: +91 11 41204000; email: dmi@dmihousinhgfinance.in)

सार्वजनिक नोटिस

आम लोगों को और विशेष रूप से ग्राहकों को यह सूचित किया जाता है कि कंपनी के प्रबंधन ने निम्नलिखित शाखा को बंद करने का निर्णय लिया है।

डीएमआई हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड का नाम, पता और संपर्क विवरण	डीएमआई हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड, एच.एन.ओ. का बेसमेंट। 3, पंचशील पार्क, एम4यू के पास, साहिबाबाद, गाजियाबाद – 201001, (91 9811993137), (satish-mishra@dmihousingfinance-in)
बंद होने की तिथि	15.09.2023

यह स्पष्ट किया जाता है कि कंपनी यह सुनिश्चित करने के लिए उचित सावधानी बरत रही है कि बंद करने की प्रक्रिया के दौरान कंपनी के ग्राहकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सभी मूल्यवान ग्राहकों के ऋण खाते आधार शाखा (अर्थात प्लॉट नंबर सी – 40 तीसरी मंजिल आरडीसी राजनगर गाजियाबाद (यूपी), पिन कोड– 201001, यूपी) में जारी रहेंगे। ऋण खाता रखने वाले ग्राहक अपने खाते को हमारी कंपनी की किसी अन्य शाखा में स्थानांतरित कर सकते हैं, बशर्ते इसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित किया गया हो। प

तेजी से आर्थिक प्रगति कर रहा देश

● रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक विवि के दीक्षांत समारोह में कहा, 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने वाला है भारत

भाषा। सासाराम (बिहार)

बिहार के सासाराम स्थित एक निजी विवि के दीक्षा समारोह में एक छात्रा को डिग्री देते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि देश तेजी से आर्थिक प्रगति कर रहा है और यह आजादी का शताब्दी समारोह मनाए जाने के समय तक एक विकसित राष्ट्र बनने वाला है। बिहार के रोहतास जिले में एक निजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए सिंह ने यह भी उल्लेख किया कि देश की सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ाव बढ़ता जा रहा है और विदेशी लोग इंडिया की जगह अक्सर भारत शब्द का इस्तेमाल कर रहे हैं। सिंह ने केंद्र में नरेन्द्र मोदी नीत सरकार बनने के बाद की अवधि का उल्लेख करते हुए कहा कि 2014 में, भारत विश्व की शीर्ष 10 अर्थव्यवस्थाओं की सूची में सबसे निचले स्थान पर था, लेकिन तब से एक संक्षिप्त अवधि में देश अब शीर्ष पांच में शामिल हो गया है। अमेरिका के एक बहुराष्ट्रीय निवेश बैंक और वित्तीय सेवाएं कंपनी मॉर्गन स्टेनले की एक हालिया रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, वैश्विक वित्तीय विश्लेषकों का मानना है कि हम 2027 तक शीर्ष तीन देशों में शामिल होंगे...2047 में देश की आजादी का शताब्दी समारोह मनाने तक हमें अब एक विकसित राष्ट्र बनने का संकल्प लेना चाहिए। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, विश्व में हमारा सम्मान बढ़ रहा है। मुझे पता चला है कि विदेशी अब हमारे देश को इंडिया के बजाय भारत कहने को प्राथमिकता देते हैं। यह इंगित करता है कि हमारे सांस्कृतिक धरोहर में गौरव की बढ़ती भावना आम जन और राजनीतिक वर्ग द्वारा समान रूप से प्रदर्शित की जा रही है। सिंह ने कहा, स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि आपके देश में दर्जी व्यक्ति को आकार देता है। हमारे देश में चरित्र व्यक्ति का निर्माण करता है। भाजपा नेता ने कहा कि वह इस बात से पूरी तरह सहमत हैं कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है, लेकिन कहा, धर्म से, हमारा तात्पर्य स्थानों और उपासना के तरीकों से नहीं है।

ध्रुवीकरण के मुद्दों में नहीं पड़ना चाहते, यह अध्याय भाजपा के लिए छोड़ते है : शिव कुमार

इंदौर, दतिया (भाषा)। कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि कांग्रेस सरकार ध्रुवीकरण वाले मसलों में नहीं पड़ना चाहती और वह यह अध्याय भाजपा के लिए छोड़ती है। मप्र की दो दिवसीय यात्रा पर आए शिव कुमार ने इंदौर के देवी अहिल्या बाई होलकर हवाई अड्डे पर कहा, देखिए, हम भावनात्मक मुद्दों पर चर्चा न करें। हम केवल विकास के मुद्दों पर चर्चा करें। भावनात्मक मुद्दों का कोई मूल्य नहीं है। इससे पहले शिवकुमार ने मध्यप्रदेश के दतिया जिले में स्थित प्रसिद्ध पीताम्बरा पीठ में पूजा अर्चना की। कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री से इंदौर हवाई अड्डे पर जब पूछा गया कि क्या राज्य की कांग्रेस सरकार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार से जुड़े अध्यायों को स्कूली पाठ्यक्रम से हटाने जा रही है? शिव कुमार ने कहा, भारत विविधताओं से भरा देश है। हम ध्रुवीकरण वाले मसलों में नहीं पड़ना चाहते। हम यह अध्याय भाजपा के लिए छोड़ते हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या कर्नाटक में पिछली भाजपा सरकार द्वारा संघ या उससे जुड़े संगठनों को कथित रूप से सौंपी गई जमीन को वापस लेने पर विचार किया जा रहा है, तो उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे सभी विषय राज्य में संबंधित विभाग के मंत्री द्वारा देखे जाते हैं।

तिरुपति के वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में दर्शन-पूजन को सपरिवार पहुंचे भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा

बिपरजॉय चक्रवात के अगले 12 घंटों में बेहद गंभीर तूफान में बदलने की आशंका

भाषा। अहमदाबाद

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक अधिकारी ने शनिवार को कहा कि अगले 12 घंटों में बहुत गंभीर चक्रवात बिपरजॉय के अति गंभीर चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका है, लेकिन इसके गुजरात तट से टकराने का अनुमान नहीं है। चक्रवात के पोरबंदर तट से 200-300 किलोमीटर की दूरी से गुजरने का अनुमान है, लेकिन अगले पांच दिनों के दौरान गुजरात में आंधी और तेज हवाएं चलने की संभावना है। अपने नवीनतम पूर्वानुमान में, आईएमडी ने कहा कि बहुत गंभीर चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के अगले 12 घंटों के दौरान एक अत्यंत गंभीर चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका है। अगले तीन दिन के दौरान उत्तर-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ने से पहले इसके धीरे-धीरे उत्तर-उत्तरपूर्व की ओर बढ़ने का अनुमान है। अहमदाबाद (भारत मौसम विज्ञान विभाग) केंद्र की निदेशक मनोरमा मोहंती ने कहा, चक्रवाती तूफान वर्तमान में पोरबंदर से 600 किमी दूर है। जैसे-जैसे यह आगे बढ़ेगा, बंदरगाह संकेत चेतावनी इसके अनुसार बदल जाएगी। इस समय चक्रवात के पोरबंदर से 200-300 किमी और नलिया (कच्छ) से 200 किमी की दूरी से गुजरने का अनुमान है। जहां तक मौजूदा पूर्वानुमान का संबंध है, इसके गुजरात तट से टकराने की आशंका नहीं है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि मछुआरों को अगले पांच दिन के दौरान अरब सागर में न जाने की चेतावनी दी गई है और मछली पकड़ने की सभी गतिविधियों को स्थगित कर दिया गया है। चक्रवात उत्तर दिशा की ओर बढ़ रहा है। अगले 24 घंटों में इसकी गति बदलकर उत्तर पूर्व की ओर होने का अनुमान है। इसके बाद, चक्रवात की गति उत्तर-उत्तरपश्चिम की ओर होगी। गुजरात में अगले पांच दिन में गरज के साथ छींटे पड़ने का अनुमान है।

मोदी के शासन में वोट बैंक की जगह विकास के मुद्दों पर ध्यान दिया गया : नड्डा

तिरुपति (भाषा)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने यहां कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय राजनीतिक संस्कृति के विमर्श को वोट बैंक बनाए जाने से हटाकर विकास पर केंद्रित कर दिया है। नड्डा ने तिरुपति के निकट श्रीकालाहस्ती में एक जनसभा में, पिछले नौ वर्षों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा कि मोदी के नेतृत्व में वर्तमान शासन पी2जी2 -गरीब समर्थक और सुशासन के मंत्र का पालन कर रहा है। उन्होंने कहा, मैं आपको बताना चाहता हूं कि नरेन्द्र मोदी की सरकार ने पिछले नौ वर्षों में राजनीति की धारणा में बदलाव किया है। राजनीति एक समय में वोट बैंक की राजनीति थी। अब वोट बैंक की राजनीति को रिपोर्ट कार्ड की राजनीति में बदल दिया गया है। नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार राजनीतिक क्षेत्र में विकास, जवाबदेही और जिम्मेदार शासन लाई है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

पश्चिम बंगाल ग्रामीण चुनावों में नामांकनपत्र दाखिल करने के दूसरे दिन भी हिंसा जारी रही

भाषा। कोलकाता

पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव के लिए नामांकनपत्र दाखिल करने के दूसरे दिन शनिवार को भी हिंसा और अराजकता का दौर जारी रहा तथा विपक्षी दलों-- भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और गुंडों ने उनके उम्मीदवारों को नामांकनपत्र दाखिल करने से रोका। दक्षिण 24 परगना जिले में भीड़ प्रखंड विकास कार्यालय (बीडीओ) में घुस गई और उसने कथित रूप से विपक्षी उम्मीदवारों को नामांकन पत्र बांटने को लेकर एक कर्मचारी के साथ मारपीट की जबकि मुर्शिदाबाद में स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेता बंदूक के साथ पकड़ा गया।

हालांकि तृणमूल कांग्रेस ने यह कहते हुए आरोपों का खारिज कर दिया कि नामांकन प्रक्रिया कमोबेश हिंसा मुक्त रही और विपक्ष इसलिए झूठे आरोप लगा है क्योंकि उसे यकीन है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत कम जनाधार होने के कारण पंचायत चुनाव में उसकी हार होगी।राज्य चुनाव आयोग के एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, प्राप्त हुई हर रिपोर्ट के आधार पर कार्वाई की गई है तथा राज्यभर में नामांकन प्रक्रिया सुचारू ढंग से चल रही है। उन्होंने कहा कि पहले दिन राज्यभर में 1360 नामांकन पत्र जमा किए गए हैं और कुछ क्षेत्रों में हुई छिटपुट घटनाओं को छोड़कर यह प्रक्रिया सुचारू है। पहले दिन शुक्रवार को मुर्शिदाबाद जिले में एक कांग्रेस नेता की कथित तौर पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के गुंडों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। हालांकि सत्तारूढ दल तृणमूल कांग्रेस ने इन आरोपों से इंकार किया है। दूसरे दिन बांकुड़ा, पूर्व, पश्चिम बर्धमान, बीरभूम और मुर्शिदाबाद जैसे कई जिलों से सत्ताधारी और विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं के बीच हाथापाई होने और हिंसा की खबरें हैं। विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि मुर्शिदाबाद के डोमकाल में तृणमूल कांग्रेस के गुंडे बीडीओ कार्यालय के इर्द-गिर्द आग्नेयास्त्र के साथ घूमते और उम्मीदवारों को परेशान करते नजर आए। बीडीओ कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे।

डोमकाल में अशांति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस के साथ लाठधारी नागरिक स्वयंसेवक भी नजर आए। इसके अलावा बीरभूम जिले के लाभपुर में तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को कथित रूप से भाजपा प्रत्याशियों के साथ धक्का-मुक्की करते देखा गया। बांकुरा के बिशनुपर, पुरब वर्धमान के कटवा और पश्चिम बर्धमान जिले के बाबारानी से भी हिंसा की खबरें हैं जहां माकपा प्रत्याशियों को कथित रूप से तृणमूल कांग्रेस ने नामांकन पत्र दाखिल करने से रोका।

क्विक न्यूज

राजग सरकार ने तमाम बदलाव किए, कृषि क्षेत्र को बढ़ावा दिया : किशन रेड्डी

हैदराबाद(भाषा)। केन्द्रीय पर्यटन मंत्री जी. किशन रेड्डी ने शनिवार को कहा कि केन्द्र सरकार देश में कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने और किसानों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कई नए बदलाव कर रही है। मंत्री ने कहा कि 2014 में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की सत्ता के मुकाबले किसानों के लिए बजट में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। रेड्डी ने यहां पत्रकारों से कहा, कृषि को लाभदायक बनाने के लिए केन्द्र सरकार जैसा प्रोत्साहन दे रही है, वह स्वतंत्रता के बाद से अभी तक कभी नहीं दिया गया। उन्होंने कहा, उसी के तहत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री सिंचाई योजना, कभी किसानों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड, मिट्टी की सेहत बताने वाला कार्ड शुरू किया गया। उन्होंने कहा, 2014 में जहां देश का कृषि बजट 21,933 करोड़ रुपए था जो अब बढ़कर 1.25 लाख करोड़ हो गया है। उन्होंने कहा कि देश में 11 करोड़ लोगों को किसान क्रेडिट कार्ड और 23 करोड़ किसानों को मिट्टी की सेहत बताने वाले कार्ड दिए गए हैं। मंत्री ने कहा कि देश में पहले हर साल एक लाख करोड़ रुपए कीमत के खाद्य तेल का आयात होता था, लेकिन केन्द्र ने इसे कम करने के लिए कदम उठाए। उन्होंने हाल ही में न्यूनतम समर्थन मूल्य में की गई वृद्धि सहित कृषि क्षेत्र की विभिन्न प्रगतियों और महत्वपूर्ण फैसलों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मौजूदा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के दौरान उर्वरक क्षेत्र में क्रांति आई है और पहले की तरह अब उर्वरक की कमी नहीं रहती है।

शाह ने उद्धव पर 2019 के चुनाव के बाद मुख्यमंत्री पद के लिए भाजपा को धोखा देने का आरोप लगाया

नांदेड़ (भाषा)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता उद्धव ठाकरे पर 2019 में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री पद के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) से हाथ मिलाकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को धोखा देने का आरोप लगाया। केंद्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के नौ साल पूरे होने के मौके पर भाजपा के संपर्क अभियान के तहत नांदेड़ में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि भाजपा ने पिछले साल ठाकरे नीत महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार को नहीं गिराया, बल्कि ठाकरे की नीतियों से थक चुके शिवसैनिक शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के साथ जाने को तैयार नहीं थे। उन्होंने कहा, भाजपा अध्यक्ष के रूप में मैंने और तत्कालीन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बातचीत की थी, जिसमें ठाकरे सहमत थे कि अगर राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) विजई हुआ, तो फडणवीस (फिर से) मुख्यमंत्री होंगे। हालांकि, परिणाम (2019 में) के बाद, ठाकरे ने वादा तोड़ दिया और राकांपा की गोद में बैठ गए। शिवसेना (अविभाजित) और भाजपा ने 2019 का विधानसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ा था, लेकिन शिवसेना मुख्यमंत्री पद को लेकर गठबंधन से बाहर हो गई थी।

ठाणे में मादक पदार्थ के साथ एक नाइजीरियाई नागरिक गिरफ्तार किया गया

मुंबई (भाषा)। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में कथित तौर पर करीब एक करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ रखने के आरोप में 35 वर्षीय एक नाइजीरियाई व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि मीरा-भाइंदर वसई विरार (एमबीवीवी) पुलिस के मादक पदार्थ रोधी प्रकोष्ठ ने बृहस्पतिवार को मीरा रोड इलाके में संदिग्ध तरीके से घूम रहे आरोपी को पकड़ा और उसके पास से एक करोड़ रुपए से भी अधिक मूल्य का 503 ग्राम मादक पदार्थ मेफेड्रोन जब्त किया। अधिकारी के मुताबिक, जांच के दौरान पता चला कि आरोपी नालासोपारा के प्रगति नगर इलाके में रहता है और वह मुंबई और उसके आस-पास के इलाकों में नशीले पदार्थ की आपूर्ति करता था।

भाजपा ने प्रतिशोधी कर्नाटक सरकार के साथ लड़ाई मे कार्यकर्ताओं की मदद के लिए हेल्पलाइन शुरू की

बेंगलुरु (भाषा)। भारतीय जनता पार्टी की कर्नाटक इकाई ने उन पार्टी कार्यकर्ताओं को कानूनी सहायता पहुंचाने के लिए शनिवार को हेल्पलाइन नंबर की शुरुआत की, जिनके खिलाफ राज्य की कांग्रेस सरकार ने झूठे मामले दर्ज किए हैं। भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने हेल्पलाइन शुरू करने के बाद कहा कि यह सेवा पार्टी कार्यकर्ताओं को उनके खिलाफ दर्ज पुलिस मामूलों का कानूनी ढंग से मुकाबला करने में सहयोग पहुंचाने के लिए प्रारंभ की गई है। सूर्या ने कहा कि हेल्पलाइन नंबर 18003091907 कांग्रेस सरकार की प्रतिशोध की राजनीति के विरुद्ध शुरू की गई है। सूर्या ने कहा, जब से सिद्धरमैया सरकार ने कर्नाटक में शासन की कमान संभाली है तब से विपक्ष के कार्यकर्ताओं की आवाज दबाने की कोशिश की जा रही है।

शक्ति योजना के तहत महिलाएं बस से कर्नाटक के सीमावर्ती राज्यों में 20 किमी तक मुफ्त यात्रा कर सकेंगी

भाषा। बेंगलुरु

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शनिवार को स्पष्ट किया कि शक्ति योजना के तहत महिलाएं सीमावर्ती राज्यों में 20 किलोमीटर तक मुफ्त यात्रा कर सकती हैं। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस पार्टी ने हाल में हुए राज्य विधानसभा चुनाव से पहले वादा किया था कि वह सत्ता में आने के बाद पांच गारंटी लागू करेगी, जिनमें सार्वजनिक बसों में महिलाओं को मुफ्त यात्रा की सुविधा (शक्ति योजना) भी शामिल है।

ुख्यमंत्री ने कहा कि वह उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार और परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी के साथ रविवार को विधान सौध से इस योजना की शुरूआत करेंगे। सिद्धरमैया ने संवाददाताओं से कहा, हम (रविवार को) पूर्वाह्न 11 बजे पांच गारंटी में शामिल एक (योजना) की विधान सौध से शुरूआत कर रहे हैं। प्रत्एक महिला, एक्सप्रेस बस सेवाओं सहित एसी और वोल्वो को छोड़ कर अन्य (सरकारी) बसों में राज्य के अंदर मुफ्त यात्रा कर सकेंगी। उन्होंने कहा कि यदि महिलाएं अंतर-राज्ईय बस में यात्रा करना चाहती हैं तो यह सेवा मुफ्त नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि एक महिला तिरुपति जाना चाहती है तो वह मुफ्त यात्रा नहीं कर सकती। वह (आंध्र प्रदेश की सीमा से लगे कोलार जिले में स्थित) मुलबगल जा सकती है और उसके बाद यह मुफ्त यात्रा सेवा उपलब्ध नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हालांकि, पड़ोसी राज्यों में 20 किमी तक जाने वाली महिलाओं से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। उन्होंने कहा, उदाहरण के तौर पर, बेल्लारी से आंध्र प्रदेश के 20 किमी अंदर तक उनसे (महिलाओं से) कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। उन्होंने चार अन्य गारंटी की शुरूआत किए जाने के बारे में विवरण देते हुए कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं को 200 यूनिट तक बिजली मुफ्त देने वाली गृह ज्योति योजना एक जुलाई से कलबुर्गी से शुरू की जाएगी। उसी दिन, गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वालों (बीपीएल) परिवारों को 10 किग्रा मुफ्त चावल देने की योजना अन्न भाग्य की मैसुरु से शुरूआत की जाएगी।

प्रत्एक परिवार की महिला मुखिया को दो हजार रुपए की मासिक वित्तीय सहायता देने वाली गृह लक्ष्मी योजना के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि 16 अगस्त को बेलगावी से इसकी शुरूआत की जाएगी। उन्होंने कहा, हम गृह लक्ष्मी योजना के लिए 15 जुलाई से आवेदन आमंत्रित करेंगे। स्नातकों को 3,000 रुपए और डिप्लोमा धारकों को ।,500 रुपए का बेरोजगारी भत्ता देने संबंधी युवा निधि योजना के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि 2022-23 में परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले स्नातक और डिप्लोमा धारक को यदि अपनी परीक्षा में सफल होने के छह महीने के अंदर नौकरी नहीं मिलती है तो उन्हें 24 महीने के लिए भत्ता मिलेगा।

उमर अब्दुल्ला ने लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ महागठबंधन से दूर रहने का संकेत दिया

भाषा। राजौरी, जम्मू

नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने यह कहते हुए अगले साल के आम चुनाव में भाजपा के खिलाफ महागठबंधन से अपनी पार्टी के दूर रहने का संकेत दिया कि ज्यादातर ऐसे दल अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी बनाए जाने के दौरान मौन थे। उन्होंने यह भी कहा कि जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव का बिगुल फूंके जाने से पहले चुनाव पूर्व गठजोड़ की बातचीत जल्दबाजी होगी। अब्दुल्ला ने सीमावर्ती राजौरी जिले में पहुंचने पर संवाददाताओं से कहा, हम जम्मू कश्मीर के बाहर क्या योगदान कर सकते हैं? हमारे यहां कुल पांच लोकसभा सीट हैं और इन पांच सीट से कौन सा तूफान आ सकता है? हमें इन सीट पर भाजपा का मुकाबला करना है, जम्मू कश्मीर के बाहर जो हो रहा है, वह द्वितीयक प्रश्न है। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री 2024 में लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा के खिलाफ अन्य दलों के साथ नेशनल कांफ्रेंस के हाथ मिलाने की संभावना के बारे में पूछे गए प्रश्न का उत्तर दे रहे थे।उन्होंने कहा, मजबूरी छोड़िए, मुझे ऐसे गठबंधन से पार्टी एवं जम्मू कश्मीर के लिए कोई फायदा नहीं दिखता है। मैं बार-बार कह रहा हूं कि जब उन्हें हमारी जरूरत होती है, वे हमारा दरवाजा खटखटाते हैं। जब (दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद) केजरीवाल मुसीबत में हैं, तब उन्हें हमारे समर्थन की जरूरत है। लेकिन 2019 में जब हमारे साथ बहुत बड़ा धोखा हुआ तब ये नेता कहां थे।

वह केंद्र सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी बनाए जाने और जम्मू कश्मीर को दो केंद्रशासित क्षेत्रों -जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख में बांटे जाने का जिक्र कर रहे थे। अब्दुल्ला ने कहा, जो आज संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए चिल्ला रहे हैं, वे तब कहां थे जब हमने लोकतंत्र की हत्या का सामना किया।

आरएसएस से जुड़ा न्यास गर्भवती महिलाओं को रामायण, गीता पढ़ने को प्रोत्साहित करेगा

भाषा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े एक न्यास ने कहा है कि वह रविवार को गर्भ संस्कार अभियान की शुरुआत करेगा जिसके तहत गर्भवती महिलाओं को भगवत गीता एवं रामायण पढ़ने, मंत्रोच्चार करने और योग आदि के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा ताकि संस्कारी, देशभक्त बच्चे पैदा हों। संवर्द्धनी न्यास के एक पदाधिकारी ने बताया कि गर्भावस्था के संबंध में समग्र और वैज्ञानिक रुख के साथ गर्भ संस्कार कार्यक्रम तैयार किया गया है जिसमें गर्भधारण से लेकर बच्चों के जन्म तक गर्भ में शिशुओं को संस्कृति एवं मूल्यों की सीख देने की दृष्टि है। उन्होंने, यह प्रक्रिया तब तक जारी रहेगी जब तक कि बच्चा दो वर्ष का नहीं हो जाए। आरएसएस की महिला शाखा राष्ट्र सेविका समिति से जुड़ी संवर्द्धनी न्यास के साथ डाक्टरों का दल इस कार्यक्रम को देशभर में लागू करेगा। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य के लिए हमने देश को पांच क्षेत्रों में बांटा है और हर क्षेत्र में 10 डाक्टरों का दल होगा जो इस कार्यक्रम को लागू करेगा। उन्होंने बताया कि तेलंगाना की राज्यपाल टी सौदर्यराजन एवं अन्य गणमान्य अतिथि इस कार्यक्रम की शुरूआत के दौरान मौजूद रहेंगे।

गुजरात सरकार ने कैलाश मानसरोवर यात्रियों के लिए सहायता राशि बढ़ाई

अहमदाबाद (भाषा)। गुजरात सरकार ने राज्य से कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर जाने वाले हर श्रद्धालु के लिए सहायता राशि 23,000 रुपए से बढ़ाकर 50,000 रुपए करने की शनिवार को घोषणा की। एक सरकारी बयान के अनुसार मुख्यंत्री भूपेंद्र पटेल ने यह निर्णय लिया। विदेश मंत्रालय हर साल जून से सितंबर तक कैलाश मानसरोवर यात्रा का अयोजन करता है।

शिवराज ने 1.25 करोड़ महिलाओं के खातों में एक-एक हजार रुपए हस्तांतरित किए

भाषा। जबलपुर

आगामी विधानसभा चुनाव से पहले महिलाओं के एक बड़े वर्ग को साधने के प्रयास के तहत मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को यहां मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत गरीब और मध्यम वर्ग की करीब 1.25 करोड़ महिलाओं के खातों में एक-एक हजार रुपए अंतरित किए। इस योजना के माध्यम से 23 से 60 साल आयुवर्ग की महिलाओं को हर महीने की 10 तारीख को एक-एक हजार रुपए जारी किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने यहां के गैरीसन मैदान में एक क्लिक कर लाभार्थियों के खातों में यह राशि अंतरित की और लगे हाथ यह घोषणा भी कर दी कि धीरे-धीरे इस योजना के तहत दी जाने वाली राशि को प्रति माह 3,000 रुपए कर दिया जाएगा। उन्होंने इस मौके पर उम्र सीमा 23 वर्ष से 21 वर्ष किए जाने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा, अभी तो यह योजना एक हजार रुपए से शुरु हुई है। आपके भाई के मन में अभी बहुत कुछ है। धीरे-धीरे इस राशि को बढ़ाता जाऊंगा। पैसे का इंतजाम हुआ तो 1250, फिर।,500 से बढ़ाते हुए 3,000 रुपए कर दूंगा। मैं जो कहता हूं, वह करके दिखाता भी हूं।

ज्ञात हो कि इस योजना की काट के लिए हाल ही में कांग्रेस ने घोषणा की थी कि वह यदि सत्ता में आएगी तो इस आयुवर्ग की महिलाओं को 1500 रुपए प्रति माह देगी। इससे, पहले उन्होंने कन्या पूजन किया और एक लाडली बहना के पैर भी पखारे। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तरफ से पूरी एकजुटता दिखाने की भी कोशिश हुई। भाजपा की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष वी डी शर्मा, जबलपुर के सांसद राकेश सिंह, भाजपा की राष्ट्रीय सचिव पंकजा मुंडे और प्रदेश सरकार के मंत्री व अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। नर्मदा मैया, शिवराज भैया के नारों के बीच मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन ना सिर्फ अद्भुत, बल्कि महिला सशक्तीकरण की दिशा में ऐतिहासिक भी है। उन्होंने कहा, पैसों के अभाव में छोटी-छोटी जरूरतों के लिए बहनों को दूसरों पर आश्रित होना पड़ता है। बेटियां मुझे मामा कहती हैं, ऐसे में मैं उनकी माताओं का भाई हुआ। और भाई होने के नाते मेरी भी जिम्मेदारी है। बहनें पहले राखी बांधने आती थीं, उन्हें साल में एक बार पैसे मिलते थे। मैंने सोचा क्यों ना हर महीने यह हो जाए। यह पैसा घर में आएगा, तो परिवार की स्थिति सुधर जाएगी, महिलाओं की जिंदगी बदल जाएगी और बच्चों का भविष्य संवर जाएंगा।

लाडली बहना योजना के अंतरगत जबलपुर में महिलाओं के खाते में धन भेजने के कार्यक्रम में मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान

मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने के बाद शिवराज ने लाडली लक्ष्मी योजना की शुरुआत की थी और इससे उनकी लोकप्रियता में भी इजाफा हुआ था। इस कार्यक्रम में आई बड़ी संख्या में महिलाओं के हाथ में शिवराज को भैया संबोधित करते हुए पोस्टर और बैनर ले रखे थे। महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन, उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार तथा परिवार के निर्णय में उनकी भूमिका सुदृढ़ करने के लिए मुख्यमंत्री ने इसी साल मार्च में लाडली बहना योजना की शुरुआत की थी। मुख्यमंत्री चौहान ने इस अवसर पर हर गांव में लाडली बहना सेना गठित करने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह सेना सरकारी योजनाओं को क्रियान्वित करने में सहयोग करेगी और महिलाओं के खिलाफ अन्याय एवं शोषण के खिलाफ आवाज भी उठाएगी। उन्होंने महिलाओं से बड़ी संख्या में इस सेना में शामिल होने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में मौजूद महिलाओं ने मुख्यमंत्री की इस घोषणा का स्वागत करते हुए जोरदार तालियां बजाईं। शिवराज ने इस अवसर पर कांग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि उनकी सरकार ने महिलाओं के कल्याण के लिए शुरू की गई कुछ योजनाओं को समाप्त कर दिया। उन्होंने कहा, कुछ लोग कोई काम नहीं करते हैं और दिन रात घोषणाएं करते हैं। ऐसे झूठ बोलने वालों से सावधान रहना चाहिए। उन्हें सबक सिखाया जाना चाहिए। बहनों को भाजपा की सरकार के साथ ही रहना है। मोदी जी के साथ ही रहना है। मुख्यमंत्री ने लाडली बहना को अपना परिवार बताते हुए कहा कि वह हमेशा उनके सुख और दुख में साथ देंगे। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना में अब तक 1.25 करोड़ से अधिक महिलाओं ने पंजीयन कराया था, जिनमें 6,84,363 पेंशनभोगी महिलाएं भी शामिल हैं। इनमें 17 प्रतिशत महिलाएं अनुसूचित जाति से हैं, जबकि अनुसूचित जनजाति की लगभग 20 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग की 47 प्रतिशत एवं सामान्य वर्ग की लगभग 15 प्रतिशत महिलाएं योजना में शामिल हैं। ज्ञात हो कि राज्य में इस साल के अंत तक विधानसभा के चुनाव होने हैं। राज्य में पांच करोड़ 40 लाख मतदाता हैं, इनमें महिला मतदाताओं की संख्या दो करोड़ 60 लाख है।

कोहली-रहाणे डटे, भारत की उम्मीद जगी

- आस्ट्रेलिया की जीत की राह में आई बाधा
- भारत को 280 रन की जरूरत

भाषा। लंदन

आत्मविश्वास से लबरेज दिख रहे विराट कोहली विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप गदा और आस्ट्रेलिया के बीच खड़े हैं जबकि भारत को फाइनल जीतकर इतिहास रचने के लिए 280 रन की जरूरत है यानी पांचवें और आखिरी दिन दर्शकों को रोमांचक क्रिकेट की सौगात मिलना तय है। चौथे दिन का खेल समाप्त होने पर कोहली 60 गेंद में 44 रन बनाकर और अजिंक्य रहाणे 20 रन बनाकर खेल रहे हैं। जीत के लिए विश्व रिकॉर्ड 444 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने तीन विकेट पर 164 रन बना लिए हैं। टेस्ट क्रिकेट में चौथी पारी में सर्वोच्च लक्ष्य 418 रन का रहा है जो सफलतापूर्वक हासिल किया गया जबकि इस मैदान पर 263 रन का रिकॉर्ड है। भारत ने शुभमन गिल (18), कप्तान रोहित शर्मा (43) और चेतेश्वर पुजारा (27) के विकेट गंवा दिए। एक समय पर भारत का स्कोर 31वें ओवर में तीन विकेट पर 93 रन था।

इससे पहले आस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी आठ विकेट पर 270 रन के स्कोर पर घोषित की। एलेक्स कारी ने 105 गेंद में 66 और मिचेल स्टार्क ने 47 गेंद में 51 रन बनाए। दोनों ने सातवें विकेट के लिए 120 गेंद में 93 रन की साझेदारी की। भारतीयों के लिए राहत की बात यह है कि कोहली और रहाणे को आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को खेलने में कोई परेशानी नहीं आई। कोहली ने अपनी मजबूत कलाइयों का बखूबी इस्तेमाल करते हुए मिडविकेट और मिडआन पर बेहतरीन शॉट खेले। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा (नाबाद 22) और शुभमन गिल (18) ने कमिंस और स्कॉट बोलैंड का आत्मविश्वास से सामना किया। चाय से ठीक पहले हालांकि बोलैंड की उछालभरी गेंद पर गिल ने गली ने कैमरन ग्रीन को कैच थमा दिया। ग्रीन ने डाइव लगाकर कैच लपका हालांकि रिप्ले से जाहिर था कि यह काफी करीबी मामला था क्योंकि गेंद जमीन के काफी करीब थी। रोहित ने स्टार्क की दूसरी गेंद पर फाइन लेग में छक्का लगाकर भारतीय दर्शकों में उत्साह का संचार किया। नाथन लियोन ने 20वें ओवर में रोहित को पगबाधा आउट करके भारत को दूसरा झटका दिया। रोहित ने डीआरएस भी लिया लेकिन फैसला गेंदबाज के पक्ष में रहा। इसके बाद कमिंस की गेंद पर पुजारा एक गैर पारंपरिक शॉट खेलकर विकेट के पीछे कैच थमा बैठे। पहली पारी में बल्लेबाजी के दौरान ऊंची की चोट का शिकार हुए रहाणे एहतियात के तौर पर फील्डिंग के लिए नहीं उतरे लेकिन पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए। इससे पहले पैट कमिंस ने अपना विकेट गिरने के बाद आस्ट्रेलिया की दूसरी पारी समाप्ति की घोषणा की लेकिन उससे पहले 87 गेंद में 69 रन जोड़े। भारत ने शुरूआती सत्र में दो विकेट लिए लेकिन आस्ट्रेलिया ने लंच तक छह विकेट पर 201 रन बनाकर कुल 374 रन की बढत ले ली थी। आस्ट्रेलिया को सुबह के सत्र में 26 ओवर में 78 रन बनाने में काफी मेहनत करनी पड़ी। एलेक्स कारी ने 61 गेंद में 41 रन बनाए जबकि मिचेल स्टार्क 11 रन बनाकर खेल रहे हैं। बेहद गर्मी के बीच पिच तेज गेंदबाजों और स्पिनरों दोनों की मदद कर रही है। आस्ट्रेलिया ने चार विकेट पर 123 रन से आगे खेलना शुरू किया। मार्नस लाबुशेन तीसरे ओवर में विकेट गंवा बैठे जिन्होंने 126 गेंद में 41 रन बनाए। वह अपने कल के स्कोर पर ही उमेश यादव की आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद का शिकार हुए। गेंद 44 ओवर पुरानी हो चुकी है जिससे उमेश और मोहम्मद शमी ने रिवर्स स्विंग लेने की कोशिश की। रविंद्र जडेजा ने 18 ओवर में 45 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्हें आठवें ओवर में गेंद सौंपी गई और यह रणनीति कारगर साबित हुई। उन्होंने कैमरन ग्रीन का विकेट चटकाया जो आगे बढकर रक्षात्मक स्ट्रोक खेलने के चक्कर में आउट हुए।

ग्रीन के विवादित कैच पर गिल के विकेट के बाद चीट , चीट, चीट के शोर से गूंजा स्टेडियम

लंदन। सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल का विवादित कैच लपकने वाले कैमरन ग्रीन और आस्ट्रेलियाई टीम की यहां मौजूद भारतीय समर्थकों ने जमकर हूटिंग की। चाय से ठीक पहले स्कॉट बोलैंड की गेंद पर गिल के शॉट पर गेंद गली में पहुंची जहां ग्रीन ने डाइव लगाकर कैच लपका लेकिन गेंद लगभग जमीन को छू रही थी। गिल ने 18 रन बनाए और रोहित शर्मा के साथ 41 रन की साझेदारी में अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे। चाय के समय भारतीय कप्तान रोहित मैदानी अंपायरों से बात करते हुए पवेलियन लौटे। ग्रीन ने दूसरी बार ऐसा कैच लपका है। पहली पारी में अजिंक्य रहाणे का कैच भी उन्होंने लपका और कैमरे के कुछ एंगल से लग रहा था कि गेंद घास को छू गई है। गिल के कैच के बाद चीट, चीट, चीट का शोर गूंज उठा और ग्रीन जब गेंदबाजी के लिए आए तब यह और तेज हो गया। भारत के पूर्व स्पिनर और इस मैच में कमेंटेटर हरभजन सिंह ने कहा , रिप्ले से कोई नतीजा नहीं निकला था। उन्हें उसकी ऊंचालियों पर जूम करना चाहिए था। भारत को यह विकेट महंगा पड़ सकता है।

आस्ट्रेलिया पहली पारी : 469 रन, भारत पहली पारी : 296 रन, आस्ट्रेलिया दूसरी पारी : ख्वाजा का भरत बो यादव 13,वॉर्नर का भरत बो सिराज।,लाबुशेन का पुजारा बो यादव 41, स्मिथ का ठाकुर बो जडेजा 34,हेड का और बो जडेजा 18, ग्रीन बो जडेजा 25, कारी नाबाद 66,स्टार्क का कोहली बो शमी 41,कमिंस का पटेल बो शमी 5, **अतिरिक्त** : 26 रन, कुल योग : 84.3 ओवर में आठ विकेट पर 270 रन (घोषित), **विकेट पतन** :1-2, 2-24, 3-86, 4-111, 5-124, 6 - 167, 7-167, 8-270, **गेंदबाजी** : शमी 16.3- 6-39-2, सिराज 20-2-80-1, ठाकुर 8-1-21-0, यादव 17-1-54-2, जडेजा 23-4-58-3

भारत दूसरी पारी :रोहित पगबाधा बो लियोन 43, गिल का ग्रीन बो बोलैंड 18, पुजारा का कारी बो कमिंस 27, कोहली नाबाद 44,रहाणे नाबाद 20 ,**अतिरिक्त** : 12 रन, कुल योग : 40 ओवर में तीन विकेट पर 164 रन,, विकेट पतन :1-41, 2- 92, 3-93,**गेंदबाजी** : कमिंस 9-0-42-1,बोलैंड 11-1-38-1, स्टार्क 7- 0- 45- 0, ग्रीन 2-0-6-0, लियोन 11-1-32-1

खबरें स्टेडियम से

मेरी गेंदबाजी में आक्रमक रवैया काफी जरूरी: सिराज

लंदन। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का मानना है कि आक्रमक रवैए से उन्हे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने मे मदद मिलती है।उन्होने कहा कि इस आक्रमक रवैया के कारण ही उन्हे इतनी सफलता मिली है। 2020 मे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मे पदार्पण करने के बाद सिराज खेल के लंबे प्रारूप मे भारत के शीर्ष गेंदबाज रहे है। हैदराबाद के तेज गेंदबाज ओवल मे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले जा रहे विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल मे टीम के सबसे बेहतर गेंदबाज रहे है। उन्होने पहली पारी मे चार विकेट चटकाने के बाद दूसरी पारी मे डेविड वार्नर को चलता किया। सिराज ने आईसीसी की वेबसाइट पर जारी वीडियो मे कहा, मेरी गेंदबाजी मे आक्रमकता बहुत अहम है। टेस्ट क्रिकेट आक्रमकता पर आधारित है। यह केवल साधारण गेंद फेंकने और बिना प्रभाव छोड़े बिना जाने के बारे मे नही है। उन्होने कहा, जब मै आक्रमकता के साथ गेंदबाजी करता हूं तो मै अपने शरीर को व्यस्त रखता हूं। कुछ गेंदबाज आक्रमक रवैया अपनाने के बाद सही गेंदबाजी नही कर पाते है लेकिन इसके विपरीत मेरी गेंदबाजी सटीक होती है। इस तेज गेंदबाज ने कहा, जितनी अधिक आक्रमकता का इस्तेमाल मै अपने खेल मे करता हूं, मुझे उतनी अधिक सफलता मिलती है। मुझे आक्रमकता के साथ खेलने मे बहुत मजा आता है।

इंग्लैंड की बाजबॉल रणनीति हमेशा कारगर नहीं होगी: वॉ

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्टीव वॉ ने एशेज श्रृंखला से पहले इंग्लैंड को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर उनके पास हर कीमत पर जीत के लिए कोई वैकल्पिक योजना नही है तो उनकी बाजबॉल रणनीति उल्टी पड़ सकती है। कोच ब्रेंडन मैकुलम और कप्तान बेन स्टोक्स के नेतृत्व मे इंग्लैंड ने बाजबॉल रणनीति की मदद से 13 मे से 11 टेस्ट मैच जीते है। बाजबॉल रणनीति के तहत इंग्लैंड के बल्लेबाज टेस्ट मैचो मे भी आक्रमक अंदाज मे बल्लेबाजी करते है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान वॉ का मानना है कि यह कदम हमेशा काम नही करेगा। उन्होने क्रिकेट.कॉम.एयू से कहा, बाजबॉल रणनीति पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न है। टीम की वैकल्पिक योजना क्या है? अगर उनके पास वैकल्पिक योजना नही है तो यह हमेशा कारगर नही होगा। उन्होने कहा, इंग्लैंड ने दिखाया है कि वे क्रिकेट की इस शैली को आगे बढ़ाने के लिए काफी अच्छे है, लेकिन विश्व स्तरीय गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ उनकी असली परीक्षा होगी। ऐसी गेंदबाजी आक्रमण ऑस्ट्रेलिया के पास है। पांच टेस्ट की एशेज श्रृंखला का आगाज 16 जून से होगा।

एथलेटिक्स के रजत विजेता शाहरुख का स्वागत

लखनऊ। लखनऊ स्पोर्ट्स कॉलेज के छात्र शाहरुख खान ने हाल ही में दक्षिण कोरिया में आयोजित एशियन अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कमाल दिखाते हुए 3000 मीण्स्टीपल चेज में रजत पदक जीता। इस शानदार प्रदर्शन के साथ शाहरुख खान का लखनऊ के चौधरी चरण सिंह लखनऊ एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत किया। शाहरुख खान के स्वागत के लिए लखनऊ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में बड़ी संख्या में खिलाड़ी पहुंचे थे।

सभी मुद्दों का समाधान हो जाएगा, तभी खेलेंगे : साक्षी

सोनीपत। महिला पहलवानो के यौन उत्पीड़न के आरोपो का सामना कर रहे भारतीय कुश्ती संघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे पहलवानो ने यहां किसान, खाप व कर्मचारी संगठनो की बैठक मे कहा कि वे एशियाई खेलो मे तभी भाग लेगे जब सभी मुद्दो का समाधान हो जाएगा। एशियाई खेल चीन के हांगझाऊ मे 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक होने है जबकि 30 जून से पहले टीम का चयन किया जाना है। इस महापंचायत मे साक्षी मलिक, बजरंग पूनिया, साक्षी के पति सत्यव्रत कादियान और विनेश फोगाट के पति सोमवीर राठी मौजूद थे। ए पहलवान खाप पंचायतो के साथ मिलकर महापंचायत कर रहे है। इस महापंचायत मे पहलवान बजरंग पूनिया ने कहा कि 15 जून तक बृजभूषण की गिरफ्तारी नही हुई तो 16 और 17 जून को दोबारा से इस मुद्दे पर चर्चा कर आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। ओलंपिक पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने कहा , हम एशियाई खेलो मे तभी भाग लेगे जब इन सभी मुद्दो का समाधान हो जाएगा। आप नही समझ सकते कि हम मानसिक रूप से हर दिन क्या झेल रहे है।

नंदकुमार के साथ ईस्ट बंगाल ने करार किया

कोलकाता। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम ईस्ट बंगाल ने भारतीय मिडफील्डर नंदकुमार सेकर के साथ शनिवार को तीन साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। नंदकुमार ने पिछले सत्र मे ओडिशा एफसी को पहली बार सुपर कप चैम्पियन बनने मे अहम भूमिका निभाई थी।

दीक्षा कट से चूकी, शुभंकर ने बोगीरहित दौर खेला

स्टॉकहोम। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने बोगीरहित दूसरा दौर खेलकर स्कैंडेनेवियन मिश्रित ओपन मे कट मे प्रवेश कर लिया लेकिन दीक्षा डागर चूक गई। शर्मा ने पहले दौर मे निराशाजनक 75 का स्कोर किया था लेकिन दूसरे दौर मे कोई बोगी नही किया जबकि चार बर्डी लगाए।

प्रणवी और निष्ठा अमेरिका में संयुक्त 11वें स्थान पर

बेटल क्रीक (अमेरिका)। भारत की प्रणवी उर्स एप्सन टूर पर शानदार शुरूआत करते हुए फायरकीपर्स केसिनो होटल चैम्पियनशिप के पहले दौर मे दो अंडर 70 के स्कोर के साथ संयुक्त 11वे स्थान पर है। प्रणवी शीर्ष पर काबिज आस्ट्रेलिया की सू जिन ली से चार शॉट पीछे है। भारत की निष्ठा मदान भी 68 के स्कोर के साथ संयुक्त 11वे स्थान पर है। प्रणवी ने चार बर्डी लगाए और दो बोगी किए। वही अमेरिका मे बसी निष्ठा ने तीन बर्डी लगाए और एक ही बोगी किया।

जोकोविच की नजरें रिकॉर्ड 23वें खिताब पर

- फ्रेंच ओपन फाइनल आज, कैस्पर रूड से चुनौती को तैयार

भाषा। पेरिस

बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नोवाक जोकोविच रविवार को फ्रेंच ओपन पुरूष एकल फाइनल में रविवार को यहां रिकॉर्ड तेइसवें ग्रैंडस्लैम के लिए उतरेंगे तो उनके सामने कैस्पर रूड की चुनौती होगी। अपने पहले बड़े खिताब के लिए पिछले साल के उपविजेता रूड जोकोविच को कोई मौका नहीं देना चाहेंगे। टेनिस ग्रैंड स्लैम में लंबे समय तक रोजर फेडरर और राफेल नडाल के साथ नोवाक जोकोविच की बादशाहत रही है। जोकोविच के नाम 22 ग्रैंड स्लैम है और वह सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम खिताब के मामले में नडाल के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर है। रोलां गैरां के बादशाह माने जाने वाले नडाल चोट के कारण इस टूर्नामेंट का हिस्सा नहीं है तो वहीं फेडरर खेल को अलविदा कह चुके है। टेनिस जगत के ओपन दौर में नडाल और जोकोविच से ज्यादा खिताब सिर्फ सेरेना विलियम्स के नाम है। उन्होंने 23 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते है। अमेच्योर दौर में यह रिकॉर्ड मार्ग्रेट कोर्ट के नाम है, जिन्होंने 24 खिताब अपने नाम किए है।जोकोविच को सेमीफाइनल में रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज कार्लोच अल्काराज को शिकस्त देने में ज्यादा परेशानी नहीं हुई।रूड का ग्रैंड स्लैम में यह तीसरा फाइनल मुकाबला होगा। वह इससे पहले 2022 में यहां नडाल से शिकस्त खाने के बाद अमेरिकी ओपन के फाइनल में अल्काराज से हार गए थे। जोकोविच और रूड के बीच अब तब चार मुकाबले हुए है और यह चारों मुकाबले सर्बिया के 36 साल के खिलाड़ी के नाम रहे है।

भारत ने फाइनल के साथ विश्व कप का टिकट कटाया

- महिला जूनियर एशिया कप: जापान को हराया

भाषा। काकामिघारा (जापान)

सुनेलिता टोप्पो के मैदानी गोल के दम पर भारत ने महिला जूनियर एशिया कप हॉकी के रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में जापान को 1-0 से शिकस्त देकर फाइनल में जगह पक्की करने के साथ एफआईएच जूनियर विश्व कप का टिकट भी कटा लिया। इस जूनियर विश्व कप का आयोजन 29 नवंबर से 10 दिसंबर तक सैंटियागो में होगा। महिला जूनियर एशिया कप 2023 की शीर्ष तीन टीमें वैश्विक प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करेगी। भारतीय महिला टीम 2012 के बाद दूसरी बार जूनियर एशिया कप फाइनल में पहुंची है। मैच का शुरूआती तीन क्वार्टर गोलरहित रहने के बाद सुनेलिता ने 47वें मिनट में मैदानी गोल कर भारत का खाता खोला। भारत रविवार को फाइनल में चीन या कोरिया से भिड़ेगा।यह दोनों टीमों को इस कड़े मुकाबले में गोल करने के कई मौके मिले लेकिन सेट पिस पर कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। भारत और जापान को कुल मिला कर 12 पेनल्टी कॉर्नर मिले।भारत ने आक्रामक तरीके से मैच की शुरुआत की और गेंद को ज्यादा समय तक अपने पास रखने के साथ जापान के सर्कल के पास दबदबा बनाया। भारत के शुरुआती दबदबे के बाद जापान मैच में वापसी करने में सफल रहा। शुरुआती क्वार्टर के आखिरी मिनट से पहले जापान ने पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन भारतीय गोलकीपर माधुरी किंडो ने कमजोर ड्रैग फ्लिक को आसानी से ब्लॉक कर दिया। जापान ने इसके तुरंत बाद एक और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन इस बार गेंद गोल पोस्ट से काफी दूर से निकल गई। दूसरे क्वार्टर के तीसरे मिनट में जापान ने एक और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन माधुरी ने फिर से अच्छा बचाव किया। इसके अगले मिनट गोलकीपर मिसाकी सैतो ने भारतीय खिलाड़ी वैष्णवी फालके के पेनल्टी कॉर्नर को विफल कर दिया। मध्यांतर से पहले दो टीमों ने पूरा दमखम लगाया लेकिन किसी को सफलता नहीं मिली। गोल छोर के बदलाव के बाद जापान ने गेंद को अपने पाले में ज्यादा रखने की कोशिश की और फिर आक्रामक रूख अपनाते हुए भारत पर दबाव बना दिया। भारतीय टीम को हालांकि 39वें मिनट में बढ़त लेने का सुनहरा मौका मिला। अनु हालांकि पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदलने में नाकाम रही। इसके बाद भारतीय टीम एक बार फिर पेनल्टी कार्नर हासिल करने में सफल रही लेकिन उसे इस बार भी निराशा का सामना करना पड़ा। भारत ने मैच के आखिरी क्वार्टर में टोप्पो के गोल से इस गतिरोध को खत्म किया। महिमा टेटे और ज्योति छेत्री के बनाए मौके को टोप्पो ने गोल में बदल कर भारत को बढ़त दिला दी।

भारतीय महिला हॉकी टीम तैयारियों के लिए जर्मनी, स्पेन का दौरा करेगी

नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम सितंबर-अक्टूबर मे होने वाले एशिया खेलो की तैयारी के तहत अगले महीने ट्रेनिंग और आमंत्रण टूर्नामेंट के लिए जर्मनी और स्पेन का दौरा करेगी। भारतीय टीम दौरे का आगाज जर्मनी के रसेलशेम (फ्रैंकफर्ट) मे अभ्यास से करेगी। टीम इसके बाद 12 जुलाई से जर्मन और चीन के खिलाफ टेस्ट मैचो की श्रृंखला खेलेगी।जर्मनी दौरे के बाद टीम स्पेन के टेरेसा मे दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और स्पेन के खिलाफ चार देशो के टूर्नामेंट मे भाग लेगी।एशियाई खेलो का आयोजन पिछले साल होना था लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे इस साल के लिए स्थगित कर दिया गया था। इन खेलो का आयोजन 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक चीन के हांग्झोऊ होगा।महिला टीम के इस एक्पोजर दौरे का आयोजन खेल मंत्रालय की वित्तीय मदद से हो रहा है। जिसमें टीम और सहायक कर्मचारियो की हवाई यात्रा, वीजा शुल्क, बोर्डिंग एवं लॉजिंग , भोजन व्यय, स्थानीय परिवहन और अन्य लागते शामिल होगी।

श्रीशंकर डायमंड लीग में तीसरे स्थान पर

भाषा। पेरिस

10 जून (भाषा) लंबी कूद के शीर्ष भारतीय खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर 8.09 मीटर की छलांग के साथ पेरिस डायमंड लीग में तीसरे स्थान रहे। उन्होंने पहली बार इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पोडियम हासिल किया। श्रीशंकर इस एक दिवसीय प्रतियोगिता में पोडियम स्थान हासिल करने वाले सिर्फ तीसरे भारतीय है। उनसे पहले ओलंपिक चैम्पियन भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और चक्का फेंक खिलाड़ी विकास गौड़ा ही डायमंड लीग में पोडियम स्थान हासिल किए है।राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता श्रीशंकर ने शुक्रवार रात अपने तीसरे प्रयास में दिन की सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाई। उनका 8.09 मीटर का प्रयास मौजूदा सत्र के उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 8.18 मीटर से कम था। उन्होंने पिछले महीने यूनान में इस दूरी के साथ स्वर्ण पदक जीता था। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 8.36 मीटर है जो पिछले साल आया था।

किपएगोन ने एक सप्ताह के अंदर दूसरी बार बनाया विश्व रिकॉर्ड

पेरिस। कीनिया की फेथ किपएगोन ने यहां डायमंड लीग मीट मे 5000 मीटर रेस मे 14 मिनट 5.20 सेकंड के समय के साथ शुक्रवार को यहां महिला वर्ग मे नया विश्व रिकॉर्ड कायम किया। दो बार की इस ओलंपिक चैम्पियन ने पिछले सप्ताह फ्लोरेंस मे गोल्डन गाला एथलेटिक्स प्रतियोगिता मे महिलाओ की 1,500 मीटर दौड़ को तीन मिनट 49.11 सेकंड मे पूरा कर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया।

नीरज ने पावो नूरमी खेलों से नाम वापस लिया

नई दिल्ली। मांसपेशियो के खिंचाव से उबर रहे ओलंपिक चैम्पियन भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने फिन्लैंड के तुरकू मे 13 जून को होने वाले प्रतिष्ठित पावो नुरमी खेलो से नाम वापस ले लिया है। इस प्रतियोगिता के आयोजको ने कहा कि ओलंपिक चैंपियन भारतीय ने उन्हे स्वास्थ्य से जुड़े कारणो से इस वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर गोल्ड लेवल इवेंट से अपनी भागीदारी को रद्द करने की सूचना दी है।फिन्लैंड एथलेटिक्स महासंघ की वेबसाइट पर जारी बयान के मुताबिक, भाला फेंक ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने पावो नुरमी खेलो मे अपनी भागीदारी रद्द कर दी। चोपड़ा के प्रबंधक ने प्रतियोगिता के आयोजको को बताया है कि इस एथलीट को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं है, इसलिए (उनकी) भागीदारी रद्द करनी पड़ी।

स्टिमक एशियाई खेलों में फुटबॉल टीम के कोच रहेंगे: प्रभाकरण

भाषा। नई दिल्ली

एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) अंडर-23 एशियाई क्वालीफायर में भारतीय टीम नए कोच की अगुवाई में मैदान पर उतरेगी लेकिन सीनियर राष्ट्रीय टीम के कोच इगोर स्टिमक हांगझाऊ में होने वाले एशियाई खेलों के दौरान यह भूमिका निभाएंगे।एशियाई खेलों में फुटबॉल अंडर-23 स्पर्धा है जिसमें 23 साल से अधिक उम्र के तीन खिलाड़ी हो सकते है।स्टिमक इसके आयोजन के बाद अगले साल होने वाले एशियाई कप के लिए सीनियर टीम की तैयारियों पर ध्यान देंगे।भारत को अंडर-23 एशियाई कप क्वालीफाइंग चरण (डालियान में छह से 12 सितंबर) के लिए मालदीव, संयुक्त अरब अमीरात और मेजबान चीन के साथ रखा गया है।इस टूर्नामेंट की तारीखें थाईलैंड में होने वाली किंग्स कप (सात से 10 सितंबर) से टकरा रही है। भारत की सीनियर टीम स्टिमक की देखरेख में किंग्स कप में हिस्सा लेगी।अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के सचिव शाजी प्रभाकरण ने पीटीआई-भाषा ने कहा, स्टिमक एएफसी अंडर-23 एशियाई कप क्वालीफायर के लिए उपलब्ध नहीं होंगे क्योंकि थाईलैंड में किंग्स कप है।

मंगोलिया के खिलाफ हम और अधिक गोल कर सकते थे: स्टिमक

भुवनेश्वर। मुख्य कोच इगोर स्टिमक इंटरकांटिनेंटल कप फुटबॉल मे भारत के विजई शुरूआत से संतुष्ट है लेकिन उन्होने खिलाड़ियो के द्वारा गोल के मौके गंवाने पर अफसोस जताते हुए कहा कि वे मंगोलिया के खिलाफ और बड़ी जीत दर्ज कर सकते थे। स्टिमक ने मैच के बाद संवाददाताओ से कहा, हम अपने प्रदर्शन से खुश है। खिलाड़ियो ने मैदान पर गेंद को पास करने, मौके बनाने और गोल करने का लुत्फ उठाया।

आसाम के खिलाड़ियों का दूसरे दिन भी दबदबा

- 40वीं राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप
- 7 स्वर्ण पदक जीतकर मजबूत की अपनी दावेदारी
- उप्र को करमवीर प्राची व सृष्टि ने दिलाये स्वर्ण

लखनऊ। आसाम के खिलाड़ियों ने 40वीं राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप और 26वीं राष्ट्रीय पूमसे ताइक्वांडो चैंपियनशिप के दूसरे दिन भी अपना उम्दा प्रदर्शन जारी रखा और 7 स्वर्ण पदक जीतते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप के लिए अपनी मजबूत दावेदारी जता दी है। ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में ताइक्वांडो अकादमी ऑफ इंडिया द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बहुउद्देश्यीय हाल में आयोजित इस चैंपियनशिप के दूसरे दिन हुई स्पर्धाओं में करमवीर सिंह के कैडेट बालकए सृष्टि चौहान के सीनियर महिला वर्ग व प्राची शुक्ला के जूनियर बालिका के स्वर्ण सहित मेजबान उत्तर प्रदेश ने 4 रजत व दो कांस्य पदक भी जीते। वहीं पश्चिम बंगाल ने आज दो स्वर्ण व ओडिशा व मध्य प्रदेश ने एक.एक स्वर्ण पदक जीते। इस चैंपियनशिप में आसाम ने अब तक 13 स्वर्ण दो रजत व दो कांस्य पदक अपने नाम कर लिए है। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल के खाते में अब तक 4 स्वर्णए तीन रजत व तीन कांस्य पदक हो चुके है। मेजबान उत्तर प्रदेश अब तक चार स्वर्ण 7 रजत व 4 कांस्य पदक जीत चुका है। यूपी के लिए आज करमवीर सिंह प्राची शुक्ला व सृष्टि चौहान ने स्वर्ण पदकए कौशिकी चौहानए प्रतीत गुप्ताए हार्दिक यादव व गौरी जायसवाल ने रजत पदक जबकि फ्लक जहां व क्राति ने कांस्य पदक जीते। भारत में ताइक्वांडो खेल के संस्थापक ग्रैंड मास्टर जिम्मी आर जगत्यानी चेयरमैन ताइक्वांडो अकादमी ऑफ इंडियाने बताया कि चैंपियनशिप का समापन व पुरस्कार वितरण समरोह कल 11 जून को शाम 7 बजे आयोजित किया जाएगा।

भारत एशिया कप तीरंदाजी में पांचवें स्थान पर

- तीसरे चरण में छह रजत और एक कांस्य जीता

भाषा। सिंगापुर

भारतीय तीरंदाज एशिया कप के तीसरे चरण में कोरिया और चीन के खिलाफ अपने सभी छह फाइनल मैच में शनिवार को दबाव में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर सके और पदक तालिका में अपने अभियान को पांचवें स्थान के साथ खत्म किया। भारत एक भी स्वर्ण पदक जीतने में नाकाम रहा लेकिन टीम ने छह रजत पदक और एक कांस्य पदक अपने नाम किया। तीरंदाजी पावर हाउस कोरिया चार स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक के साथ तालिका में शीर्ष पर रहा जबकि चीन चार स्वर्ण और तीन कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान पर रहा। भारत को दिन के शुरुआती मुकाबले में कोरिया से शिकस्त मिली। साक्षी चौधरी, प्रगति और दीपिका की भारतीय महिला कम्पाउंड टीम को इस मुकाबले में 232-234 से हार का सामना करना पड़ा। पुरुषों के कम्पाउंड मुकाबले में भी भारतीय टीम को 235-238 से पराजय का सामना करना पड़ा। रिकर्व महिला टीम भी फाइनल में कोरिया की चुनौती से पर नहीं पा सकी। रिधि फोर, रूमा बिस्वास और अदिति जायसवाल को 3-5 से हार का सामना करना पड़ा।भारत की पुरुष रिकर्व टीम फाइनल में चीन से 1-5 से हार गई। पार्थ सालुंके को पुरुष रिकर्व मैच में चीन के क्यूई जियांगशुओ ने 6-2 से हराया। भारतीय महिला कम्पाउंड तीरंदाज रूमा बिस्वास चीन की एएन किजुआन से 2-6 से हार गई। प्रगति ने कम्पाउंड महिला व्यक्तिगत तीसरे स्थान के प्लेऑफ में अपनी टीम की साथी दीपशिखा को 147-146 से हराकर भारत के लिए कांस्य पदक जीता।